CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 33°C
न्यूनतम : 19°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 241 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2083 | 28 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नोएडा प्रकरण: 66 गिरफ्तारियों में 45 गैर-श्रमिक पेज 2



विराट कोहली ऑरेंज कैप की रेस में शीर्ष पर पहुंचे खेल टाइम्स




मोटर इंश्योरेंस में रखें इन बातों का ध्यान सम्पादकीय



परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले पांच अमेरिकी वैज्ञानिक गायब पेज 12

## गाजियाबाद में 500 झुग्गियों में लगी भीषण आग

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ एक-एक कर फटे सिलेंडर, सभी लापता बच्चे मिले

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में 500 से अधिक झुग्गियां देखते ही देखते जल उठीं। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि दूर से ही दिखाई दे रही थीं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

आग में करीब छह बच्चों के लापता होने की आशंका थी। लेकिन सभी बच्चे मिल गए हैं। कुछ बच्चे भीड़ के बीच होने की वजह से परिजनों को नहीं मिले और कुछ घटनास्थल से दूर खेल रहे थे। बच्चों के मिलने के बाद परिवार वालों की जान में जान आई। आग लगने के तुरंत बाद झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलेंडर एक-एक करके फटने लगे। इन धमाकों की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल उठा और लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और दमकल विभाग की कई टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने बिना देरी किए आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। आग पर काबू पाने के लिए दर्जनों दमकल गाड़ियां लगाई गई हैं। अग्निशमन अभियान में कई घंटे लगने की संभावना है, क्योंकि आग बड़े क्षेत्र में फैली है।

# इजरायल और लेबनान के बीच 10 दिन का युद्धविराम

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी तनाव के बीच एक अहम कूटनीतिक पहल सामने आई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि इजरायल और लेबनान के बीच 10 दिनों के युद्धविराम पर सहमति बन गई है।

डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मेरी अभी लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बहुत अच्छी बातचीत हुई। जिसके बाद दोनों देशों ने शांति की दिशा में कदम बढ़ाते हुए युद्धविराम पर सहमति जताई। दुनिया भर में नौ युद्धों को सुलझाना मेरे लिए सम्मान की बात रही है और यह मेरा 10वां होगा, तो चलिए इसे पूरा करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों के प्रतिनिधि 34 वर्षों में पहली बार वाशिंगटन डीसी में आमने-सामने मिले। इस बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने उपराष्ट्रपति और सैन्य अफसरों को निर्देश दिया है कि वे इस अस्थायी युद्धविराम को स्थायी शांति में बदलने के लिए दोनों देशों के साथ काम करें। इससे पहले मंगलवार को अमेरिका ने इजरायल और लेबनान के बीच एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय बैठक की मेजबानी की, जो 1993 के बाद पहली उच्चस्तरीय पहल थी। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, इस बैठक में प्रत्यक्ष वार्ता शुरू करने, युद्धविराम लागू करने, सुरक्षा सहयोग बढ़ाने और व्यापक शांति ढांचे की दिशा में आगे बढ़ने पर सहमति बनी। बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, काउंसलर माइकल नीडहैम, लेबनान में अमेरिकी राजदूत लिसा ए. जानसन, अमेरिका में इजरायल के राजदूत येचियल लेटर और अमेरिका में लेबनान की राजदूत नादा हमादेह मोवावाद शामिल हुए।



■ डोनाल्ड ट्रम्प का दावा: शांति की दिशा में बड़ा कदम
■ 34 साल बाद आमने-सामने बातचीत

### अमेरिका ने ईरान से निकल रहे 13 जहाजों को लौटाया

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने ईरान के बंदरगाहों से निकलने की कोशिश कर रहे 13 जहाजों को वापस लौटा दिया। अमेरिकी सेना ने ईरान के समुद्री इलाके में नाकाबंदी कर रखी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के मुताबिक, सोमवार से शुरू हुई इस नाकाबंदी के बाद अब तक कोई भी जहाज इसे पार नहीं कर पाया है।

### हिजबुल्लाह का भीषण प्रहार, 24 घंटे में इजरायली ठिकानों पर 39 हमले किए

**बेरूत।** लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने पिछले 24 घंटों में 39 सैन्य अभियान चलाए हैं।

इन हमलों में इजरायली बस्तियों, सैनिकों की टुकड़ियों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया गया। साथ ही दक्षिणी सीमा और उत्तरी इजरायल में दोनों पक्षों के बीच आमने-सामने की झड़पें भी हुईं। अल जजीरा की रिपोर्ट में बात सामने आई है। इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा कि इजरायली सेना दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ अभियान जारी रखेगी। नेतन्याहू ने बिंट जबील को हिजबुल्लाह का मुख्य गढ़ बताया और इसे पूरी तरह खत्म करने का संकल्प लिया। इस बीच, डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस एडहानोम घेब्रेयेसस ने लेबनान के अस्पतालों की हालत पर चिंता जताई है। दक्षिण लेबनान का तेबनीन सरकारी अस्पताल गंभीर संकट में है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पाइसजेट व अकासा एयर के विमानों के पंख आपस में टकराए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब टैक्सीइंग के दौरान स्पाइसजेट का एक विमान अकासा एयर के विमान से टकरा गया। इस घटना में दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा, हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी यात्री और क्रू पूरी तरह सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार, स्पाइसजेट का बी737-700 विमान रनवे की ओर बढ़ रहा था, तभी उसका दाहिना विंगलेट दूसरे विमान से टकरा गया। इस टक्कर से दूसरे विमान के लेफ्ट हैंड हॉरिजॉन्टल स्टेबलाइजर को भी नुकसान हुआ। फिलहाल तकनीकी जांच जारी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। 16 अप्रैल 2026 को दिल्ली से हैदराबाद जा रही अकासा एयर की उड़ान आईक्यूपी 1406 को तकनीकी और परिचालन कारणों से वापस बे पर लौटना पड़ा।

### दिल्ली में जनगणना की शुरूआत, मकान गणना शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जनगणना 2027 के लिए घरों की गिनती गुरुवार से शुरू हो गई। यह अभियान दो महीने तक जारी रहेगा। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के पहले चरण को 'मकान सूचीकरण और आवास जनगणना' (हाउस लिस्टिंग एंड हाउसिंग सेंसस) के रूप में जाना जाता है, जिसे 30-30 दिनों के दो अलग-अलग चक्रों में पूरा किया जाएगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) और दिल्ली छावनी बोर्ड (डीसीबी) क्षेत्रों में यह अभियान 16 अप्रैल से 15 मई तक चलेगा।

### 16 सदस्यों ने राज्यसभा में सदस्यता की शपथ ली

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन समेत 16 नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। संसद के मौजूदा बजट सत्र में तीन दिन की विशेष बैठक के पहले दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई गई।

# बंगाल SIR: ट्रिब्यूनल से राहत पाने वाले डाल सकेंगे वोट

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, मतदान से दो दिन पहले भी मिली क्लीनचिट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित किया है कि चुनाव से ठीक पहले तक अपीलीय ट्रिब्यूनल से मंजूरी पाने वाले लोगों को मतदान का अधिकार दिया जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के नाम अपीलीय ट्रिब्यूनल द्वारा चुनाव से दो दिन पहले तक मंजूर किए जाएंगे, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में वोट डालने की अनुमति होगी। कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि 21 अप्रैल या 27 अप्रैल 2026 तक अपीलीय आदेशों को लागू करते हुए एक पूरक संशोधित मतदाता सूची जारी की जाए, ताकि योग्य नागरिकों को मतदान से वंचित न होना पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों की अपील लंबित है, उन्हें केवल इसी आधार पर मतदान का अधिकार वापस नहीं दिया जाएगा। यानी अपील प्रक्रिया पूरी होना आवश्यक होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई यह पूरी जांच प्रक्रिया बेहद चुनौतीपूर्ण रही है, जिसे कम समय में पूरा करना एक वास्तविक रूप से कठिन कार्य था। कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी कि अपीलीय स्तर पर आपत्तियों के माध्यम से पूरी प्रक्रिया को दोबारा खोलने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए, ताकि चुनावी प्रक्रिया बाधित न हो। वहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सभी लोगों को अपने अधिकारों की पुन: प्राप्ति के लिए ट्रिब्यूनल में आवेदन करना चाहिए।

### चुनाव के दौरान बंगाल के अफसरों के तबादले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें चुनाव की घोषणा के बाद पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के बड़े पैमाने पर किए गए तबादलों को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में चल रही विधानसभा चुनाव प्रक्रिया के बीच वह चुनाव आयोग के इन फैसलों में हस्तक्षेप नहीं करेगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा।



■ सभी लोगों को अपने अधिकारों की पुन: प्राप्ति के लिए ट्रिब्यूनल में आवेदन करना चाहिए: ममता बनर्जी

### नागरिकों को वोट के लिए मजबूर नहीं कर सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अनिवार्य मतदान लागू करने के निर्देश देने की मांग वाली एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि जो लोग मतदान करने से इन्कार करते हैं, उन्हें सरकारी सुविधाओं से वंचित कर देना चाहिए और उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। न्यायालय ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि चुनावों में भागीदारी को दमनकारी या बाध्यकारी उपायों से लागू नहीं कर सकते। पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि लोकतंत्र में नागरिकों से मताधिकार प्रयोग करने की अपेक्षा होती है, लेकिन राज्य किसी व्यक्ति को वोट देने के लिए मजबूर नहीं कर सकता।

### बैंक धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी को राहत से इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अनिल अंबानी की उस याचिका पर राहत देने से इन्कार कर दिया है, जिसमें उन्होंने बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें बैंकों को उनके ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने की अनुमति दी गई थी।

यह मामला बॉम्बे उच्च न्यायालय के उस फैसले से संबंधित है, जिसमें दो बैंकों को अनिल अंबानी के लोन खाते को धोखाधड़ी वाला खाता घोषित करने की अनुमति दी गई थी। अदालत ने दिसम्बर 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें अनिल अंबानी को अंतरिम राहत दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने टिप्पणी की कि बॉम्बे उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच का आदेश उस मुकदमे पर कोई प्रभाव नहीं डालेगा, जिसका फैसला होना बाकी है और उच्च न्यायालय से मामले का शीघ्र निपटारा करने का अनुरोध किया। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि एकल पीठ के आदेश के अनुसार डिवीजन बेंच का आदेश लंबित मुकदमे के गुण-दोष पर विचार नहीं करेगा।

# संविधान में संशोधनों पर पीएम की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ इस अवसर को जाने न दें, इस मंथन से अमृत निकलेगा, जो विरोध करेंगे उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी: मोदी

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र के दौरान गुरुवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'महिला आरक्षण विधेयक' यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम खुशकिस्मत हैं कि हम इस पल के साक्षी बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि इस मंथन से अमृत निकलेगा और यह मंथन देश की दिशा और दशा तय करेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि आज देश के लिए महत्वपूर्ण दिन है। यह 20-25 वर्ष पहले हो जाना चाहिए था, समय-समय पर इसमें सुधार होते रहते। सदन के सभी साथियों को यह अवसर मिला है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि राष्ट्र के जीवन में कुछ बड़े पल आते हैं, उस समय समाज की मनोस्थिति एक मजबूत धरोहर तैयार कर देती है। मैं समझता हूं कि संसद के इतिहास में ये वैसे ही पल हैं। जरूरत महसूस हुई होती तब इसे लागू कर देते और आज तक इसे परिपक्वता तक पहुंचा देते। हम मदर ऑफ डेमोक्रेसी रहे हैं। हमारी हजार वर्ष की विकास यात्रा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक जीवन में जो लोग सफलतापूर्वक आगे बढ़ना चाहते हैं, उन्हें यह मानकर चलना पड़ेगा कि पिछले 25 से 30 वर्ष में ग्रासरूट लेवल यानी जमीनी स्तर पर महिलाएं लीडर बन चुकी हैं।

### महिला आरक्षण की बात सबसे पहले कांग्रेस ने की, तब भाजपा ने विरोध किया था: प्रियंका

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण को लेकर चर्चा के दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि सबसे पहले महिला आरक्षण की बात कांग्रेस ने की थी। उन्होंने कहा कि कराची अधिवेशन में इस पर प्रस्ताव पास किया था। उन्होंने कहा कि उस वक्त राजीव गांधी ने ये प्रस्ताव पास किया था और उस समय बीजेपी ने इसका विरोध किया था। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस पर चर्चा की, लेकिन ये नहीं बताया कि उस समय इसका विरोध किसने किया था। कांग्रेस सांसद ने कहा कि महिला आरक्षण 2029 तक लागू होना चाहिए। हम सहमत हैं। इसे लागू करने के लिए सीटों की संख्या 50 फीसदी बढ़ानी पड़ेगी और 850 कर दी जाएगी। इसके लिए परिसीमन आयोग बनाया जाएगा, जो सीटों को बढ़ाने के लिए काम करेगा।



वाराणसी: हीटवेव के बीच अपने चेहरों को कपड़े से ढककर जातीं महिलाएं।

# टाइम-100 सूची में सुंदर पिचाई, रणबीर कपूर व विकास खन्ना शामिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दुनिया की प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने 2026 की टाइम 100 सूची जारी की, जिसमें भारत से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों को शामिल किया गया।

इस साल सुंदर पिचाई, रणबीर कपूर और शेफ विकास खन्ना को वैश्विक प्रभाव के लिए सम्मानित किया गया। हर साल जारी होने वाली यह सूची मनोरंजन, तकनीक, वित्त, खेल, एक्टिवज्म और अकादमिक क्षेत्रों के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची होती है। टाइम मैगजीन की टाइम 100 सूची में पहले शाहरुख खान, सचिन तेंदुलकर, नरेंद्र मोदी, दीपिका पादुकोण और महात्मा गांधी भी शामिल हो चुके हैं। मशहूर शेफ विकास खन्ना ने इसे गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि 2026 की टाइम 100 सूची में शामिल होना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है। खन्ना ने इस सम्मान का श्रेय अपने परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी दादी, मां और बहन के त्याग, आशीर्वाद और मार्गदर्शन से वे इस मुकाम तक पहुंच सके हैं। टाइम 100 2026 की इस सूची में राल्फ लॉरेन, केट हडसन, ईथन हॉक, मार्क केली और हिलारी नाइट जैसे वैश्विक दिग्गजों को उनके क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए शामिल किया गया है। टाइम मैगजीन की 2025 की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट जारी में किसी भी भारतीय को शामिल नहीं किया गया था। तब 21 साल के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ था, जब लिस्ट में कोई भारतीय नहीं था। रणबीर कपूर समय के साथ, भारत के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं में से एक बनकर उभरे हैं। अपनी कलात्मक सोच, बड़े पर्दे पर अपनी धाक और 'रामायणम' और 'लव एंड वॉर' जैसी महागाथाओं के साथ, वह भारतीय सिनेमा को एक ग्लोबल स्टेज पर ले जा रहे हैं।



■ दुनिया के सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में पीएम मोदी, शाहरुख खान और सचिन तेंदुलकर भी रह चुके हैं शामिल

# राजस्थान-एमपी में पारा 42 डिग्री के पार

■ यूपी में 44 डिग्री पारा के साथ बांदा सबसे गर्म

**नई दिल्ली।** राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में पिछले दो दिन से पारा 40 डिग्री सेल्सियस से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है।

राजस्थान के बाड़मेर में 42.8 डिग्री सेल्सियस, मध्य प्रदेश के नौगांव में 42 डिग्री सेल्सियस, उत्तर प्रदेश के बांदा में 44 डिग्री सेल्सियस, महाराष्ट्र के अकोला में 44.2 डिग्री सेल्सियस, छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 43डिग्री सेल्सियस और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गर्मी के चलते मध्य प्रदेश के बुरहानपुर, हरदा, रतलाम में स्कूलों का समय बदल दिया गया है। महाराष्ट्र के वर्धा में गुरुवार को सभी स्कूल बंद रखने के निर्देश हैं। छत्तीसगढ़ में 20 अप्रैल के बाद स्कूल बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

# बच्चे के साथ किराना स्टोर संचालक ने किया कुकर्म

## पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** सामान लेने गए तीन वर्षीय मासूम के साथ किराना दुकान वाले युवक द्वारा कुकर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है और जेल भेज दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पास के ही एक गांव में गजराज नामक व्यक्ति की किराने की दुकान है। कल शाम दुकान पर गजराज का 20 वर्षीय पुत्र लक्की मौजूद था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला तीन वर्षीय मासूम बालक कुछ सामान खरीदने के लिए दुकान पर पहुंचा। हल्का दारोगा अर्जुन तोमर ने बताया कि दुकान पर बच्चे को अकेला देख आरोपी लक्की की नीयत बिगड़ गई। उसने मासूम को बहला-फुसलाकर दुकान के अंदर खींच लिया और उसके साथ कुकर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। कृत्य के बाद आरोपी ने बच्चे को बाहर सड़क पर छोड़ दिया।

काफी देर तक जब बच्चा घर नहीं लौटा, तो परिजन उसे ढूंढते हुए दुकान की तरफ आए। बच्चे की हालत और घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित परिवार तुरंत थाने पहुंचा और आरोपी लक्की के खिलाफ नामजद तहरीर दी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी लक्की को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मासूम बच्चे का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। इस घटना के बाद से गांव में काफी रोष व्याप्त है और ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा की मांग की है।

# आरएसएम में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम पीजी कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) सितंबर 2023 में पारित एक ऐतिहासिक कानून है, जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% (एक-तिहाई) सीटें आरक्षित करता है। इस कार्यक्रम की थीम 'सभी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा अनुभाग -3 गाइडलाइंस के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति स्लोगन जागरूकता' रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो. रश्मि रावल शर्मा ने की और कहा कि यह कानून, जिसे 2029 तक लागू करने की योजना है, संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर 14% से 33% तक ले जाएगा और यह आरक्षण एससी/एसटी सीटों पर भी लागू होगा।

कार्यक्रम का आयोजन डा. सुमेधा चौहान ( एनएसएस छात्रा इकाई) के नेतृत्व में किया गया और कहा कि यह 128वां संवैधानिक संशोधन विधेयक था, जो 106 वें संविधान संशोधन अधिनियम के रूप में पारित हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने अभियान पर अपनी राय रखी और नारी शक्ति वंदन अभियान के सपोर्ट हेतु सुंदर समाज प्रेरेत स्लोगन लिखें और सभी को इस अभियान में शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डा.विनय दुआ आदि उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम में मौजूद सभी छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में आयुष राजपूत, हिमांशु राजपूत, कहकशा नाज, सच्ची गौतम, मौहम्मद अजमत, भूमिकांक्षी, मनीष कुमार आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

## एक नजर

### हाईटेंशन लाइन से फसल जली

**पैजनिया।** गांवड़ी पोट्टा में हाईटेंशन लाइन का तार एक किसान के खेत में गिरने से दो बीघा गेहूं की फसल आग से जलकर खाक हो गई। पीड़ित किसान ने सरकार से फसल के मुआवजे की मांग की है। गांवड़ी पोट्टा निवासी बृजेश शर्मा का खेत ग्राम के बाहर है। बृजेश के खेत से उच्च क्षमता की विद्युत लाइन गुजर रही है। बुधवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे तेज हवा से उच्च क्षमता की लाइन का तार टूटकर अचानक बृजेश के खेत में जा गिरा तथा तार से उठी चिंगारी से खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। तार टूटते ही आसपास काम कर रहे किसानों में भगदड़ सी मच गई। पीड़ित ने विद्युत विभाग से फसल के मुआवजे की मांग की

### बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लें

**नजीबाबाद।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जाफिर शाह के समीपुर स्थित आवास पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर पीडीए समाज की जन पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सपा के वरिष्ठ नेता मौ. फुरकान खां ने कहा कि बाबा साहब के जीवन व आदर्शों से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। बाबा साहब ने सभी को समान अधिकार दिलाने का काम किया है। सपा के जलालाबाद के पूर्व नगर अध्यक्ष नफीस अहमद के संचालन में कार्यक्रम में जाहिद मकरानी, हाजी इम्तियाज, आफताब राईन, जुल्फुकार जिल्लू, नीरज कश्यप, प्रगट सिंह, सतपाल कश्यप, राहुल सैनी, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी दबोचा



**नहटौर।** एक महिला ने थाना नहटौर में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि विनीत कुमार नामक युवक ने उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर उसके साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 117/2026 दर्ज किया। इसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 और पॉक्सो एक्ट की धारा 9(ड)/10 लगाई गई हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए नहटौर पुलिस ने एक टीम गठित की और आरोपी की तलाश शुरू की। आज पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विनीत कुमार पुत्र हेमराज निवासी मौहल्ला होलियान, कस्बा व थाना नहटौर के रूप में हुई है। इस गिरफ्तारी अभियान में उपनिरीक्षक भारत सिंह और कांस्टेबल नवीन कुमार सहित थाना नहटौर की पुलिस टीम शामिल रही।

### नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**अफजलगढ़।** नाबालिग लड़की से घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम रसूलपुर निवासी एक व्यक्ति ने ग्राम के ही परमजीत पर आरोप लगाते हुए बताया कि जिस वक्त वह और उसकी पत्नी जंगल काम करने गए हुए थे, तब आरोपी उनके घर में घुस आया और बुरी नीयत से उसकी नाबालिग बेटी को पकड़ कर कमरे में ले जाने लगा, जिसके शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग खड़ा हुआ था। थानाध्यक्ष विजेंद्र राठी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### तीन दिन बंद रहेगा चंदक रेलवे फाटक

**चंदक।** रेलवे की सेक्शन इंजीनियर ने बताया कि चंदक रेलवे फाटक संख्या 495बी 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक बंद रहेगा।

### बाइक सवार पर हमला

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बिसाठ निवासी देवराज, जो ब्लॉक कार्यालय के पास स्थित बीआर इंटरप्राइजेज पर मैकेनिक के रूप में कार्य करता है, आज बाइक से रेलवे फाटक के पास स्थित एक इंटर कॉलेज के सामने से गुजर रहा था। इसी दौरान कुछ अज्ञात युवकों ने उसे जबरन रोक लिया। आरोप है कि कहासुनी के बाद हमलावरों ने देवराज पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह घायल होकर मौके पर ही गिर पड़ा। आसपास के लोगों की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

**बिजनौर।** मिशन शक्ति फेस 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत गुरुवार को एंटी रोमियो टीम ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान बालिकाओं और महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव, विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों और सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में टीम द्वारा वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवाएं 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवाएं 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी साझा की गई। साथ ही विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, और नशा मुक्ति भारत अभियान जैसी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।


## एक नजर

### फातिमा जहरा ने किया नाम रोशन



**शेरकोट।** एजुकोल स्कूल की 10वीं की मेधावी छात्रा फातिमा जहरा ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार का नाम रोशन किया। छात्रा के परिवार में खुशी का माहौल है। मौहल्ला नौंधना निवासी समाजसेवी मौहम्मद सरफराज की होनहार पुत्री फातिमा जहरा शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और मेहनती रही हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और नियमित अध्ययन को दिया। फातिमा के अनुसार, उन्होंने प्रतिदिन समय का सही प्रबंधन करते हुए पढ़ाई की और कठिन विषयों पर विशेष ध्यान दिया। जिसका सकारात्मक परिणाम उन्हें इस परीक्षा में मिला। इस उपलब्धि पर परिवार में गर्व का माहौल है। उनके चाचा पत्रकार मौहम्मद फहद ने खुशी जताते हुए कहा कि फातिमा ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है और वह आगे भी परिवार का नाम रोशन करती रहेंगी।

### दिशा के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के बीबीए पंचम सेमेस्टर (तृतीय वर्ष) का परीक्षाफल महात्मा ज्योतिबाफुले रूहेलखंड विश्व. विद्यालय, बरेली द्वारा जारी किया गया। परिणाम में संस्थान के विधार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्था एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। जिसमें छात्रा कशफ पुत्री मौहम्मद तहसीन को 67.67 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए और इंस्टीट्यूट मे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। छात्रा पायल सैनी पुत्री प्रीतम सिंह 66.83 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहीं एवं छात्रा महक पुत्री रईस अहमद 66.33 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहीं। संस्था की चेयरपर्सन डा. नीलम अग्रवाल ने बताया कि विधार्थियों की यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। संस्थान के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरुद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इन्चार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डा. दुष्यंत जैन, विभागाध्यक्ष बृजनेश सिसौदिया, डा.एकता मलिक, नाजिश, निधि चौहान, डा. समीर अहमद, राजेश कुमार, नमन कौशिक, मंशा अग्रवाल आदि ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**नहटौर।** ग्राम हमीदपुर निवासी पिंकी देवी ने थाने में दर्ज शिकायत में कहा था कि सतपाल पुत्र देवदत्त, निवासी ग्राम छजुपुरा, ने रुपए के लेन-देन को लेकर उनके पति के साथ गाली-गलौच की और लकड़ी की फंटी से उनके सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया था। हालांकि, 13 अप्रैल को उपचार के दौरान घायल व्यक्ति की मृत्यु हो गई। इसके बाद पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 105 जोड़कर इसे हत्या के मामले में बदल दिया। नहटौर पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। उन्होंने आरोपी सतपाल को ग्राम कमालपुर स्थित नहर की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई लकड़ी की फंटी भी बरामद की है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त सतपाल का आपराधिक इतिहास रहा है। उस पर थाना नहटौर में हत्या और जानलेवा हमले से संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं।इसके अतिरिक्त, वर्ष 2023 में उस पर मारपीट, गाली-गलौच और धमकी देने के मामले भी दर्ज किए गए थे। वर्ष 2023 में ही उस पर धारा 376 (डी) (सामूहिक दुष्कर्म) और धमकी देने का एक गंभीर मामला भी दर्ज है।

# झारखंड हादसे में नहटौर के दो युवकों की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** झारखंड के गिरिडीह जनपद में हुए भीषण सड़क हादसे में नहटौर के मौहल्ला मंगू चरखी निवासी राशिद (23 वर्ष) पुत्र भूरे व साहिल निवासी कोटद्वार के परिवारों के चिराग बुझ गए। डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो टोल प्लाजा के पास तीन ट्रकों की टक्कर के बाद लगी आग में जलकर चालक राशिद और परिचालक साहिल की दर्दनाक मौत हो गई।





## तीन ट्रकों की टक्कर के बाद लगी आग

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला मंगू चरखी के निवासी राशिद व कोटद्वार निवासी साहिल 14 अप्रैल को हरिद्वार के मंगलौर से ट्रक में गुड़ लादकर कोलकाता के लिए रवाना हुए थे। आज तड़के जब उनका ट्रक झारखंड के गिरिडीह पहुंचा, तभी एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वाहनों में भीषण आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी और आग इतनी तेजी से फैली कि राशिद और साहिल को ट्रक के केबिन से बाहर निकलने का वक्त ही नहीं मिल सका। दोनों की मौके पर ही जलकर मौत हो गई।

जैसे ही हादसे की खबर नहटौर के मौहल्ला मंगू चरखी पहुंची, मृतकों के परिजनों में को. हराम मच गया। घर पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। फिलहाल परिजन और मौहल्लेवासी दोनों युवकों के शवों के घर पहुंचने का बेसब्री और गमगीन माहौल में इंतजार कर रहे हैं।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में बड़ी संख्या में महिलाएं बिजलीघर पहुंची और विरोध दर्ज कराया।



महिलाओं ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मिलकर स्मार्ट मीटर से संबंधित दिक्कतों को विस्तार से रखा और समाधान की मांग की। महिलाओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली बिलों में बढ़ोतरी महसूस हो रही है तथा प्रीपेड रिचार्ज प्रणाली के कारण उन्हें बार-बार बिजली रिचार्ज कराने की परेशानी उठानी पड़ रही है। उनका कहना है कि नई व्यवस्था को लेकर आम उपभोक्ताओं को पूरी जानकारी न होने से भी भ्रम और असुविधा की स्थिति बन रही है। बताया जा रहा है कि स्मार्ट मीटर को लेकर नाराजगी केवल नगर क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि आसपास के गांवों और क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में भी इस व्यवस्था को लेकर असंतोष दिखाई दे रहा है। कई लोगों का कहना है कि बिलिंग प्रणाली रिचार्ज प्रक्रिया और बिजली खपत की जानकारी को लेकर उन्हें स्पष्ट मार्गदर्शन की आवश्यकता है। महिलाओं ने विभाग से मांग की कि उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएं और स्मार्ट मीटर प्रणाली के बारे में जागरूकता बढ़ाई जाए, ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी न रहे। स्थिति को देखते हुए पुलिस भी एहतियातन मौके पर पहुंची और माहौल शांतिपूर्ण बनाए रखा। एसडीओ जेडी प्रजापति ने उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार समाधान का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को स्मार्ट मीटर के बिल में या अन्य किसी प्रकार की कोई भी परेशानी है, तो उसका समाधान तुरंत किया जाएगा। उपभोक्ता इसकी शिकायत करें और जो भी शासन का आदेश होगा, उस आदेश के अनुसार कार्य किया जाएगा।

# सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एसएनएसएम इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में ब्लॉक के सफाई कर्मचारी, रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत सहायक, स्वयं सहायता समूह की महिलाए, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भारी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। शुरुआती भीड़ के बावजूद खाना वितरण होने पर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल के संबोधन के दौरान अधिकांश कुर्सियां खाली नजर आईं। यह कार्यक्रम संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर करीब एक बजे नहटौर के एसएनएसएम इंटर कॉलेज में भाजपा की ओर से आयोजित सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल पहुंचे। पूरे ब्लॉक से विभिन्न वर्गों के लोग ब्लॉक में एकत्र हुए। आंगनबाड़ी कार्यकर्तियां, ग्राम पंचायत सहायक, स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं, रोजगार सेवक और सफाईकर्मी शामिल थे। सभी ब्लॉक से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इसके अलावा स्कूली छात्र छात्राए भी कार्यक्रम में पहुंची। शुरुआती समय में कॉलेज परिसर खचाखच भरा हुआ था। हालांकि, दोपहर में भोजन वितरण शुरू होते ही स्थिति बदल गई। कार्यक्रम के बीच में ही बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष पंडाल छोड़कर भोजन के लिए चले गए। इसी दौरान जब मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल ने मंच से बाबा साहब के विचारों पर अपना संबोधन दे रहे थे, तो उनके सामने की अधिकांश कुर्सियां खाली पड़ी थीं। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने सामा. जिक समरसता पर जोर दिया और बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में भाजपा विधायक ओम कुमार, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाबी, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, अतुल मारवाड़ी, शोभित त्यागी, अन्नी त्यागी, वैभव गोयल, कपिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# संविधान संशोधन विधेयक के सहारे सत्ता की राजनीति कर रही है भाजपाः अखिलेश

**नई दिल्ली, वार्ता**

समाजवाद पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता में बने रहने के लिए संविधान में 131वें संशोधन के जरिए वह महिला आरक्षण विधेयक के सहारे परिसीमन संबंधी विधेयक को पारित करवाना चाहती है। श्री यादव ने गुरुवार को लोकसभा में 'संविधान 131 वां संशोधन विधेयक 2026' पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि मोदी सरकार आरक्षण विरा. धी है, इसलिए वह एसआईआर के जरिए घपले करवा कर सत्ता में बना रहना चाहती है।



एसआईआर के माध्यम से वोट काटे जा रहे हैं और जब पकड़े जा रहे हैं, तो फिर नई तरकीब लगा कर वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एसआईआर के जरिए लोगों के वोट कटवा रही है और ऐसा कर भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर वोट बैंक सुरक्षित करने की राजनीति कर रही है। उनका यह भी कहना था कि उत्तर प्रदेश में एसआईआर के जरिए वोट काटे गए और जब पकड़े गए, तो फॉर्म 7 लेकर उसमें नकली दस्तखत करवाए गए लेकिन इसमें भी पकड़े गए, तो फॉर्म 7 का इस्तेमाल ही बंद करवा दिया गया। अब भाजपा सरकार महिला आरक्षण विधेयक के जरिए महिलाओं के वोट पाकर सत्ता में बना रहना चाहती है और अपने खोए वोट को वापस पाना चाहती है, लेकिन उसे मालूम होना चाहिए कि देश की महिलाएं महंगाई से त्रस्त हैं और अब एलपीजी सिलेंडर ने उनकी नाराजगी और बघ दी है इसलिए महिलाओं को रिझाकर उनका वोट हासिल करने का उनका षड्यंत्र भी बेकार हो गया है। सपा नेता ने कहा कि अगर भाजपा सरकार महिलाओं के प्रति संवेदनशील है, तो उसे मेरठ और नोएडा की आंदोलन कर रही महिलाओं की समस्याओं की समस्या के समाधान के लिए कदम उठाने चाहिए और इस तरह का संकट महिलाओं के सामने फिर ना आए विधेयक में इसकी व्यवस्था करनी चाहिए। उनका कहना था कि मोदी सरकार महिला आरक्षण के सहारे रणनीतिक तरीके से राजनीतिक लाभ पाने के लिए परिसीमन के वास्ते संविधान संशोधन विधएक लेकर आई है।

### लोकसभा ने आशा व तीन पूर्व सदस्यों के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने महान पार्श्व गायिका आशा भोंसले तथा सदन के तीन पूर्व सदस्यों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को सदन की कार्यवाही शुरू होती ही सदस्यों को बताया कि सदन के पूर्व सदस्य अब्बू हासिम खान चौधरी पश्चिम बंगाल के मालदा से चार बार लोकसभा सदस्य रहे। उनका निधन 85 वर्ष की आयु में आठ अप्रैल को हुआ। श्रीमती मो. हसीना किदवाई का 94 वर्ष की आयु में निधन हुआ। वह केंद्रीय मंत्री भी रही। श्री हरि नारायण राजभर सदन के सदस्य रहे हैं और उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा में अपनी सेवाएं दी।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 04-DRM-MB-26-27 Dt. 13.04.2026 | 09-DRM-MB-26-27 Dt. 15.04.2026 | 10-DRM-MB-26-27 Dt. 15.04.2026 | 11-DRM-MB-26-27 Dt. 15.04.2026 | 12-DRM-MB-26-27 Dt. 15.04.2026 |
|---|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Upgradation of crew and train manager lobby at LRJ and DDN & running room at Dehradun | Improvement of roads and other Flooring upgradation at various stations (FROM LRJ TO RKSH) LRJ, ATMO, PRI, IKK, JWP, HW, RWL, MOTC & RKSH etc under Sr DEN 1 MB. | Construction of boundary wall to prevent of Heavy encroachment & tress passing between Jwalapur – Haridwar/ HW-MOTC under Sr DEN 1 MB. | Improvement of LC road surface by providing Rubberized Surface at LC No. 14,18,19,20,30, 37, 39 & 41 in the sec. of Sr.DEN/I/MB. | Drainage improvement in LRJ yard under ADEN/RK |
| निविदा का प्रकार | Works | Works | Works | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil | Nil | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत (रु.) | 98,17,414.91 | 8,09,39,284.42 | 2,34,26,449.63 | 1,39,61,757.62 | 2,00,49,300.00 |
| धरोहर राशि (रु.) | 1,96,400.00 | 16,18,800.00 | 4,68,500.00 | 2,79,200.00 | 4,01,000.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 08.05.2026 16:00 | 08.05.2026 16:00 | 08.05.2026 16:00 | 08.05.2026 16:00 | 08.05.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 24.04.2026 | 24.04.2026 | 24.04.2026 | 24.04.2026 | 24.04.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months | 06 Months | 06 Months | 06 Months |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 16.04.2026 1265/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डिलीवरी के दौरान महिला की मौत

## डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगर की महादेवपुरम कॉलोनी में डिलीवरी के दौरान एक गर्भवती महिला की मौत से हड़कंप मच गया। घटना के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रित किया।

ग्राम शहजादपुर नांगल सोती निवासी जोगेंद्र की गर्भवती पत्नी उषा (27 वर्ष) को महादेवपूरम कालोनी बिजनौर में एक घर में कथित अवैध रूप से चल रहे अस्पताल में डिलीवरी के लिए भर्ती कराया गया था। बताया जा रहा है कि यह उनका तीसरा प्रसव था। डिलीवरी के दौरान बच्चे का जन्म सुरक्षित हो गया, लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव के चलते महिला की मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि खुद को डॉक्टर बताने वाली सुरेशना ने जबरन नार्मल डिलीवरी कराई। परिवार के अनुसार वह बुधवार को गर्भवती महिला को इलाज के लिए वहां लेकर पहुंचे थे। गुरुवार को डिलीवरी के दौरान कथित रूप से लापरवाही बरती गई।

परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि महिला एक साथ दो डिलीवरी करा रही थी। जबरदस्ती प्रसव कराने के चलते अधिक रक्तस्राव हुआ, जिससे उषा की मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साएं परिजनों ने हंगामा किया और संबंधित महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को शांत कराया। परिजनों की ओर से तहरीर दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

## मीटर रीडिंग एवं बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास योजनाओं को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के आधार पर समयबद्धता के साथ पूरा करना सुनिश्चित करें। सरकार की मंशा है कि विकास का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे।

प्राप्त समाचार के अनुसार कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने उपभोक्ताओं द्वारा लगाए गए न्यू एडवांस विद्युत मीटर के कारण अधिक बिजली बिल आने की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए कहा कि उपभोक्ता के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन उपभोक्ताओं के बिल असामान्य रूप से अधिक आए हैं, उनके मामलों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर आवश्यक संशोधन किया जाए। साथ ही, मीटर रीडिंग एवं बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आम जनमानस की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ता शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने और प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयबद्ध तरीके से करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में संचालित अवैध नर्सिंग होम एवं फर्जी डॉक्टरों से अवैध वसूली की मिल रही शिकायतों के दृष्टिगत सीएमओ को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित सभी नर्सिंग होम एवं क्लीनिकों की अभियान चलाकर सघन जांच करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बिना पंजीकरण संचालित हो रहे नर्सिंग होम तथा फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने गांवों के बाहर लगे कूड़े के ढेर एवं उससे उत्पन्न गंदगी की समस्या पर जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि गांवों के बाहर लगे कूड़े के ढेरों को तत्काल हटाया जाए तथा नियमित रूप से कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विकास एवं निर्माण परियोजनाओं तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि विकास से संबंधित सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं शिकायतों को अहमियत देते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें और उनको निस्तारण की सूचना भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि संबंधित कार्यदाई संस्थाओं से पेयजल योजना के अंतर्गत खोदी गई सड़कों की मरम्मत करना सुनिश्चित कराएं और निर्धारित पैरामीटर के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति को बलवती बनाए रखने के लिए पूर्ण सजगता और तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, मनरेगा, किसान सम्मान निधि सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें तथा जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दें।

बैठक के दौरान डीएम जसजीत कौर द्वारा प्रभारी मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिये गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए विकास एवं निर्माण कार्यों को पूर्ण मानक एवं समयबद्धता के साथ पूरा कराया जाएगा।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, विधायक धामपुर अशोक राणा, जिलाध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र चौहान, सीडीओ रणविजय सिंह, एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# नाबालिग लड़की की शादी को रूकवाया

## बाल कल्याण अधिकारी की त्वरित कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** कस्बे में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक नाबालिग लड़की की शादी को बाल कल्याण विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर रुकवा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय एक मौहल्ला निवासी व्यक्ति द्वारा अपनी लगभग 16 वर्षीय पुत्री की शादी बिजनौर निवासी युवक के साथ कर रहा था। शादी की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और बारात भी लड़की पक्ष के घर पहुंच चुकी थी। इसी दौरान किसी माध्यम से बाल विवाह की सूचना बाल कल्याण अधिकारी को मिली। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ तत्काल किरतपुर पहुंचीं और मौके पर पहुंचकर शादी की रस्मों को रुकवा दिया। टीम ने दोनों पक्षों से बातचीत कर उन्हें बाल विवाह निषेध कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी और समझाया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की की शादी कराना कानूनन अपराध है। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद परिजनों और रिश्तेदारों को भी जागरूक करते हुए कहा कि बाल विवाह से बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। टीम के समझाने के बाद दोनों पक्षों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए शादी को स्थगित करने पर सहमति जताई। फिलहाल इस मामले में किसी भी पक्ष के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन बाल कल्याण विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बाल विवाह को लेकर जागरूकता बढ़ी है और लोगों में कानून के प्रति सतर्कता देखने को मिल रही है।

# अरविंद बाबू की 22 साल से एक ही पटल पर तैनाती



## कार्यशैली, भूमिका और नियमों को लेकर तरह-तरह की चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विकास भवन में इन दिनों कर्मचारी अरविंद बाबू की 22 साल के लंबे समय से एक ही पटल पर तैनाती को लेकर चर्चाओं का दौर तेज है। कर्मचारी वर्ग के बीच इस विषय को लेकर अलग-अलग तरह की बातें सामने आ रही हैं, हालांकि इन चर्चाओं की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

चर्चाओं के अनुसार अरविंद बाबू काफी समय से एक ही पटल पर कार्यरत हैं, जिसे लेकर शासन स्तर पर पटल परिवर्तन की व्यवस्था के संदर्भ में सवाल उठाए जा रहे हैं। कर्मचारियों के बीच इस मुद्दे को लेकर लगातार चर्चा बनी हुई है।

विकास भवन के गलियारों में यह भी चर्चा है कि उनकी कार्यशैली और विभाग में उनकी भूमिका को लेकर अलग-अलग मत हैं। कुछ कर्मचारी इसे अनुभव और कार्यकुशलता से जोड़ते हैं, जबकि अन्य इसे सामान्य प्रक्रिया से अलग मानते हुए सवाल उठा रहे हैं। हालांकि इन बातों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

इसी क्रम में कर्मचारियों के बीच यह भी बातें सामने आ रही हैं कि पूर्व में भी इस तरह के मामलों को लेकर चर्चाएं होती रही हैं, लेकिन समय के साथ वे शांत हो जाती हैं। यह भी केवल चर्चाओं का हिस्सा है, जिसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। कुछ कर्मचारियों का मानना है कि विभागीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और स्पष्टता बनाए रखना जरूरी है, ताकि इस तरह की चर्चाओं पर विराम लग सके और किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न बने।

वहीं संबंधित कर्मचारी की ओर से पूर्व में यह कहा गया है कि वे नियमानुसार अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं और पटल से जुड़ी स्थिति प्रशासनिक व्यवस्था के अनुरूप है।

फिलहाल यह पूरा मामला चर्चाओं तक ही सीमित है। वास्तविक स्थिति और तथ्यों की स्पष्टता संबंधित अधिकारियों के आधिकारिक बयान या प्रशास. निक निर्णय के बाद ही सामने आएगी।

# किसान पर काल का हमला



## 18 इंच काले नाग ने डसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ग्राम मलकपुर साहसु में शाम का वक्त, हाथों में बरसीन का गट्ठर और घर वापसी की जल्दी... किसे पता था कि चक रोड पर मौत कुंडली मारे बैठी है। मलकपुर साहसु निवासी सत्यवीर (40) पुत्र गंगाराम के साथ आज शाम कुछ ऐसा ही खौफनाक मंजर गुजरा।

शाम करीब साढ़े छह बजे जब सत्यवीर खेत से बरसीन काटकर घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में एक काले सांप ने उन पर हमला कर दिया। सांप ने सत्यवीर के पैर में इतनी जोर से दांत गड़ाए कि मौके पर खून निकल आया। अचानक हुए इस हमले से सत्यवीर के होश उड़ गए। सांप के डसने के करीब तीन घंटे बाद, जब हालत को लेकर आशंका बढ़ी, तो बड़े भाई प्रमोद कुमार आनन-फानन में सत्यवीर को बाइक पर बैठाकर नगीना सीएचसी पहुंचे। अस्पताल में सर्पदंश की खबर मिलते ही इमरजेंसी वार्ड में हलचल तेज हो गई।

राहत की बात यह है कि सत्यवीर में अभी जहर के कोई गंभीर लक्षण नहीं दिखे हैं। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें 'ऑब्जर्वेशन' में रखा है। डॉक्टरों का कहना है कि अगले कुछ घंटे महत्वपूर्ण हैं, हालांकि मरीज की हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। इलाके में इस घटना के बाद से किसानों में दहशत का माहौल है।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम

**बिजनौर।** भारतीय जनता पार्टी की क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर ने डाक बंगले में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र की मोदी सरकार संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण बिल, जिसे 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के नाम पर जाना जा रहा है, पेश कर रही है। हरजिंदर कौर ने कहा कि यह विधेयक महिला नेतृत्व को मजबूत बनाने के साथ-साथ शासन व्यवस्था को अधिक जनकेंद्रित बनाएगा। उन्होंने इसे ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह करोड़ों माताओं और बहनों के सम्मान से जुड़ा राष्ट्रीय संकल्प है।

# राजस्व वसूली में ढिलाई नहीं होगी बर्दाश्तः डीएम

## कलेक्ट्रेट में ली समीक्षा बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने राजस्व की कम वसूली पर नाराजगी जताते हुए विशेष अभियान चलाकर वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। जबकि अवैध खनन व परिवहन पर कड़ी प्रवर्तन कार्रवाई करने व बिजली चोरी के खिलाफ सख्त कदम उठाने के भी निर्देश दिए गए।

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें राजस्व संग्रहण की प्रगति को लेकर अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत वसूली हर हाल में सुनिश्चित की जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अभी से ठोस कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में तेजी से काम करें। कम वसूली वाले विभागों विद्युत, वानिकी, मंडी समिति, बाट-माप, सिंचाई, खनिज, स्टांप एवं निबंधन और वाणिज्य कर पर नाराजगी जताते हुए डीएम ने विशेष अभियान चलाकर वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। अवैध खनन और परिवहन पर कड़ी प्रवर्तन कार्रवाई करने तथा बिजली चोरी व अवैध कनेक्शनों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम गरिमा सिंह धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नहर में तैरता मिला मंदबुद्धि युवक का शव

## तीन दिन पहले हुआ था घर से लापता, परिजनों में मचा कोहराम, पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा शव





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कस्बे की नई बस्ती में उस वक्त मातम पसर गया, जब तीन दिन से लापता चल रहे 28 वर्षीय युवक का शव रामगंगा पोषक नहर में मिला। मृतक की पहचान मोहम्मद अकमल के रूप में हुई, जो मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती ( मक्का मस्जिद) में मोहम्मद अकरम का परिवार रहता है। 12 साल पूर्व उनकी पत्नी सायरा की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद उन्होंने स्थानीय निवासी महिला नसरीन के साथ दूसरा निकाह कर लिया था। दोनों पत्नियों से परिवार में नौ बेटे और बेटियां हैं। पहली पत्नी से सात बेटों और बेटियों में दूसरा नंबर का 28 वर्षीय बेटा मोहम्मद अकमल मंदबुद्धि था। परिजनों के मुताबिक, अक्सर वह घर से बिना बताए निकल जाता था और फिर काफी-काफी दिन में लौट कर आता था। मंगलवार शाम में मोहम्मद अकमल अचानक मोहल्ले से लापता हो गया। परिजनों ने काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इसी बीच गुरुवार दोपहर रामगंगा पोषक नहर में पुल के ठीक नीचे पानी में एक युवक की लाश ठहरी मिली। देखते ही देखते मौके लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर आ गई, करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मृतक की शिनाख्त मोहम्मद अकमल के रूप में हुई। खबर मिलते ही परिजन भी नहर पर पहुंच गए और पोस्टमार्टम से इनकार करते हुए शव घर ले आए लेकिन बाद में पुलिस ने समझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि जांच में सामने आया है कि मृतक मंदबुद्धि था।

## एक नजर

### सफलता का परचम लहराया



**सहसपुर।** स्थानीय एचएम मॉडर्न कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों व छात्राओं ने हाईस्कूल की परीक्षा में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया। स्कूल का परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत रहा। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर शानदार सफलता प्राप्त की है। मयंक कुमार ने 96 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और द्वितीय स्थान पर अरीना शारिक 90.6 प्रतिशत प्राप्त कर रही। वहीं तृतीय स्थान पर अर्जुमन ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य अरशद खान व प्रबन्धक आफताब आलम ने कहा कि उन्हें विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है, बल्कि उनके अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का भी प्रतिफल है। मैनेजिंग डायरेक्टर बदरुल हसन ने कहा कि वो अपने विद्यालय के परीक्षा परिणाम से बहुत ज्यादा खुश है।

### धान क्रय केंद्रों पर धांधली

**कालागढ़।** धान क्रय केंद्रों पर किसानों की फर्जी आईडी लगाकर सरकारी धन की लूटने वाले विनोद कुमार कादराबाद, दिनेश कुमार हरेवली, प्रदीप कुमार शेरकोट, संजीव कुमार शेरगढ़, आशु सुआवाला, अरविन्द कुमार सिंह चांदपुर, अल्का शर्मा हल्दौर, राहुल कुमार आदि से जानकारी करने पर बताया गया कि अक्टूबर से दिसम्बर तक धान की खरीद फरोख्त की गई थी। लेकिन फर्जी आईडी से खरीद-फरोख्त की गई। जिसकी शिकायत करने के बावजूद कार्यवाही नहीं हुई। शिकायतकर्ता सौरभ शर्मा का कहना है कि शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है। जिससे प्रतीत होता है कि कई बड़े अधिकारियों की मिलीभगत के चलते फर्जी किसानों एंव फर्जी जमीन दर्शाकर उस जमीन की आईडी बनाकर पर सरकार का धन लूटा जा रहा है। शेरगढ़ निवासी सौरभ शर्मा ने डीएम जसजीत कौर से मिलकर कई बार शिकायती पत्र दिया गया, लेकिन धान पीसीएफ के क्रय केंद्र सुआवाला पीसीएफ शेरगढ़, कादराबाद पीसीएफ, हरेवली पीसीएफ, पीसीएफ शेरकोट, एफसीएस चांदपुर, एफसीएफ हल्दौर, एफसीएस नूरपुर आदि केंन्द्रों की शिकायत के बावजूद सीबीआई जांच नहीं हो पाई।

### शिक्षकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नजीबाबाद।** शिक्षकों, शिक्षा-मित्रों और अनुदेशकों की जनगणना कार्य में ड्यूटी लगाए जाने में हुई अनियमितताओं को लेकर शिक्षकों ने आपत्ति जताई है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी और प्रभारी अधिकारी जनगणना को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में कहा गया कि तहसील कार्यालय द्वारा शिक्षक, शिक्षा-मित्र और अनुदेशकों की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगाई गई है। लेकिन कई शिक्षकों की ड्यूटी उनके कार्यक्षेत्र से अत्यधिक दूरी पर लगाई गई है। इससे जनगणना कार्य करने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में कहा गया कि रजिस्ट्रार कानूनगो बृजकिशोर कार्यालय, बेसिक शिक्षा कार्यालय नजीबाबाद के सहायक अरुण कुमार को तत्काल उक्त कार्य से हटाया जाए। बी.एल.ओ., शिक्षक, शिक्षा-मित्र और अनुदेशक को उनके कार्यक्षेत्र में ही ड्यूटी लगाई जाए। गंभीर बीमार, गर्भवती महिलाओं और दिव्यांगों को ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। विद्यालय से समस्त स्टॉफ की ड्यूटी न लगाई जाए। विभाग में कार्यरत पति-पत्नी में से एक को ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। ज्ञापन पर सुशील, नागेंद्र सिंह सहित कई शिक्षकों के हस्ताक्षर थे।

## एक नजर

### अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह जारी



**नजीबाबाद।** अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी अग्निशमन केंद्र केएस जादौन के नेतृत्व में नगर के कई व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत अग्निशमन विभाग की टीम ने गैस एजेंसियों एवं आतिशबाजी केंद्र पर जाकर लोगों को आग से बचाव के उपाय बताए। प्रभारी अग्निशमन केंद्र के.एस. जादौन ने उपस्थित लोगों और कर्मचारियों को अग्निशमन उपकरण चलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा कि जागरूक रहकर दुर्घटनाएं टाली जा सकती हैं।

### शराबी को अस्पताल पहुंचाया

**नजीबाबाद।** बीती रात सेंट मैरी स्कूल फ्लाई ओवर के जीने के पास एक व्यक्ति अचेत अवस्था में पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही संबंधित चौकी प्रभारी एसआई वेदपाल सिंह पुंडीर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर भिजवाया। डॉक्टर ने जांच के बाद बताया कि व्यक्ति शराब के अत्यधिक नशे में है। उसकी पहचान मलखान पुत्र राजपाल, निवासी चांदपुर के रूप में हुई।

### हाइवे पर भूसे से भरी ट्रॉली में घुसी कार

**रजबपुर।** थाना क्षेत्र में लगातार दूसरी रात एक सड़क हादसा हुआ। यहां एक उत्तराखंड नंबर की कार भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को संज्ञान में लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुधवार रात दिल्ली की ओर से आ रही उत्तराखंड नंबर की एक टैक्सी कार अचानक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर का पिछला बायां टायर फट गया, जिससे तेज धमाके जैसी आवाज आई।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित
फिरोज बेग
ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बरः- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### कृतिका ने किया स्कूल टॉप





**स्योहारा।** मुरादाबाद मार्ग स्थित मेरी एंड जीसस कांवेंट स्कूल के 10वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणामों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल का कुल परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत का प्रतीक है। स्कूल की होनहार छात्रा कृतिका ने 96.8% प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और स्कूल टॉपर बनी। वहीं सनूबी ने 92.8%, व प्राची ने 92.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही परिधि ने 91.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि ने न केवल स्कूल बल्कि अभिभावकों को भी गौरवान्वित किया है। विशेष रूप से छात्रा कृतिका ने 100 में से 96.8% अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उनकी इस उपलब्धि की सभी ने सराहना की। स्कूल प्रबंधक सीसी सिंह व प्रधानाचार्या अनीता सिंह ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया। मुख्य अध्यापिका रूही मलिक, अध्यापक नोमान, अध्यापिका देवकी, अध्यापिका जैबा रहमान, अध्यापक अभय रस्तोगी ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीनियर अध्यापिका रूही मलिक ने कहा कि स्कूल का उद्देश्य केवल अच्छे अंक लाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कारों और नैतिक मूल्यों के साथ एक सफल नागरिक बनाना भी है। इस मौके पर अभिभावकों फजल अंसारी, हाजी अफजाल, हाजी युनुस मंसूर आदि ने भी स्कूल की शिक्षा प्रणाली और अनुशासन की सराहना की।

### नारी शक्ति पदयात्रा का आयोजन



**धामपुर।** एसबीडी महिला महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 के समर्थन में महिला सशक्तिकरण को लेकर विचार गोष्ठी एवं भव्य 'नारी शक्ति पदयात्रा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित धामपुर ब्लॉक प्रमुख एवं प्रधान संगठन अध्यक्ष संध्या सिंह ने अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेत्री, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज सेविका श्रीमती नीरजा सिंह ने कहा कि इक्कीसवीं सदी महिलाओं की सदी है और यह अधिनियम महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाएगा। इससे समाज में उनकी भागीदारी बढ़ेगी और प्रगति के नए रास्ते खुलेंगे। सब इंस्पेक्टर शिवानी चौहान ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने एवं आत्मविश्वास बढ़ाने की प्रेरणा देते हुए महिला हेल्पलाइन से जुड़ने का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन मिशन शक्ति-05 की नोडल अधिकारी डा. अल्पना सिंह ने किया। इस अवसर पर एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर रेंजर्स की लगभग 100 छात्राओं सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में रोहित, राम सिंह, दुलारी एवं श्रीमती संतोष आदि का विशेष सहयोग रहा।

### आरजेपी में अग्निशमन पर प्रतियोगिता



**बिजनौर।** आरजेपी आर्य इंटर कॉलेज में अग्नि शमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ के निर्देशन में कला, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने अग्नि सुरक्षा से संबंधित विभिन्न चित्र बनाएं तथा समाज को जागरूक करने हेतु महत्वपूर्ण विचार स्पष्ट करते हुए प्रभावशाली व्याख्यान दिए और अग्निकांड से बचने, आग लगने पर कैसे बचा जाए इस संबंध में अच्छे निबंध लिखकर अपने विचारों की अभिव्यक्ति की। इस मौके पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि शासन द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करके आम जनमानस को अग्नि सुरक्षा के उपायों के बारे में जागरूक करना तथा आग से बचाव के तरीकों को अपनाते हुए जन एवं अन्य हानियों से बचाना है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से यहां एक और बच्चों की प्रतिभाओं का विकास होता है आम जनमानस के लिए हितकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार होता है वही शास्त्र के द्वारा आमजन को जागरूक करने के अभियान को गति मिलती है। कार्यक्रम के आयोजन में बालेस कुमार नरेंद्र सिंह अतुल कुमार रस्तोगी चंद्रहास सिंह सुधीर राजपूत लक्षेष कुमार आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### शिक्षित समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव



**बिजनौर।** अनुविभागीय अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) चरण सिंह के मार्गदर्शन में ग्राम उमरपुर में मेरठ-हरिद्वार हाईवे प्राइवेट लिमिटेड (वर्टिस) के सीएसआर प्रशासन द्वारा प्राथमिक शासकीय विद्यालय का जीर्णोद्धार उपरांत उद्घाटन कार्यक्रम गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एनएचएआई पीआईयू मेरठ के परियोजना निदेशक अमित प्रणव, प्रबंधक (तकनीकी) साकेत मिश्रा, टीम लीडर शहजाद शाहिद, परियोजना वाइस प्रेसिडेंट सोमेश जी तथा प्रबंधक गोविंद कुमार सैनी सहित, मौहम्मद फरमान प्रभारी सिविल, विद्यालय की प्राचार्य अर्चना कुमारी, पूजा राज, दिव्या, अरुण कुमार, अमित कुमार, बबीता देवी सहित मेरठ-हरिद्वार हाईवे प्रबंधन टीम के सदस्य एवं अन्य नागरिक मौजूद थे। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को स्कूल बैग, नोटबुक एवं कंपास का वितरण किया गया।

# किसान की फसल जलकर राख

## जर्जर लाइन से उठी चिंगारी ने मचाई तबाही, भाकियू टिकैत का फूटा गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू/धर्मपुरा।** क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही ने एक किसान की सालभर की मेहनत को चंद मिनटों में राख कर दिया। झालू निवासी किसान सत्यपाल सिंह पुत्र बलवीर सिंह के धर्मपुरा स्थित खेत में जर्जर बिजली लाइन से निकली चिंगारी के चलते भीषण आग लग गई, जिसमें पूरी खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई।



बताया गया कि किसान ने भारी खर्च कर पंतनगर से गन्ने की नई उन्नत वैरायटी मंगवाकर अपने खेत में बोई थी, जिसकी कीमत लगभग एक हजार रुपए प्रति कुंतल आंकी जा रही है। किसान को उम्मीद थी कि इस बार अच्छी पैदावार से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, लेकिन बिजली विभाग की अनदेखी ने उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

पीड़ित किसान सत्यपाल सिंह ने दर्द भरे शब्दों में कहा कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग से लाइन को ठीक कराने की शिकायत की थी। लाइन काफी समय से जर्जर हालत में नीचे झूल रही थी और फसल को छू रही थी। किसान ने आंसू भरी आंखों से कहा, किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई। अगर समय रहते लाइन ठीक कर दी जाती तो आज मेरी फसल यूं बर्बाद नहीं होती।

घटना के बाद गांव में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलते ही भाकियू (टिकैत) के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नाराजगी जताई। भाकियू टिकैत के ब्लॉक महासचिव शुभम कुमार राणा और नगर अध्यक्ष डा. कर्मेंद्र सिंह ने कड़े शब्दों में कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग बार-बार शिकायतों के बावजूद आंखें मूंदे बैठा रहता है और हादसे होने के बाद ही हरकत में आता है।

यूनियन नेताओं ने मौके पर ही बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर किसान को उचित मुआवजा दिलाने की मांग रखी। अधिकारियों ने जांच कर कार्रवाई और मुआवजे का आश्वासन दिया, लेकिन यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन किया जाएगा। नेताओं ने कहा कि गर्मी के मौसम में जर्जर और झूलती बिजली लाइनें किसानों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। 'यह सिर्फ एक किसान का नुकसान नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के किसानों के लिए खतरे की घंटी है।

मौके पर विपुल कुमार, प्रशांत राणा, निशान राणा, अमित कुमार, सचिन फौजी, सुशील कुमार, ऋषि राम सिंह, सूर्याश, गजेंद्र सिंह, विनीत कुमार और टिंकू कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

किसानों ने विभाग को चेता. वनी दी, यदि बिजली विभाग ने जल्द ही जर्जर लाइनों को दुरुस्त नहीं किया और पीड़ित किसान को उचित मुआवजा नहीं मिला, तो किसान संगठन बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होगा। वहीं उपखंड अधिकारी द्वितीय अरविंद कुमार बिंद का कहना है कि विभागीय यंत्रों से कोई नुकसान नहीं हुआ यह जांच का विषय है।

# भाकियू टिकैत का धरना समाप्त

## समय पर समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में पिछले नौ दिनों से चल रहा भाकियू (टिकैत) का धरना बीती देर रात दस बजे वन विभाग व पुलिस विभाग अधिकारियों के ठोस आश्वासन के बाद समाप्त हो गया।



धरने का नेतृत्व कर रहे भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान व अध्यक्षता कर रहे भाकियू के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में किसानों ने पांच सूत्रीय मांगो को लेकर क्षेत्राधिकारी अलोक कुमार सिंह व अमानगढ़ वन क्षेत्राधिकारी अं. कता किशोर को ज्ञापन सौंपा।

भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठे थे। प्रशासन द्वारा दो सप्ताह का सकारात्मक आश्वासन मिलने और मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिए जाने के बाद धरना समाप्त करने का निर्णय लिया गया।

भारतीय किसान यूनियन की पांच प्रमुख मांगे थी, जिनमें अमानगढ़ वन रेंज के एक दारोगा द्वारा संगठन के जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा का नाम मुकदमे में शामिल किए जाने को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग। बिजली विभाग द्वारा गांवों में मात्र तीन घंटे आपूर्ति और लो वोल्टेज की समस्या तथा स्मार्ट बिजली मीटर में अतिरिक्त बिलों पर त्वरित समाधान करने, जंगली जानवरों विशेष कर गुलदार के हमलों से किसानों को निजात दिलाने व हमले में किसान की मृत्यु होने पर आश्रित परिजनों को मिलने वाली मुआवजा राशि पांच लाख से बढ़ाकर एक करोड़ रुपए करने तथा थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़वावाला में नई मूर्ति स्थापना कराने, किसानों की सुविधा हेतु अफजलगढ़ क्षेत्र में गेहूं क्रय केंद्रों की शीघ्र स्थापना की मांग शामिल थी। सीओ अफजलगढ़ अलोक कुमार सिंह ने किसानों को आश्वस्त किया कि ज्ञापन को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा तथा किसानों द्वारा दिए गए ज्ञापन में सभी बिंदुओं पर ठोस व साकरात्मत समाधान किया जाएगा। वहीं रेंजर अंकिता किशोर ने वन विभाग से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण का भरोसा दिलाया।

भाकियू जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि प्रशासन द्वारा समस्याओं के निस्तारण के लिए दी गई समय सीमा से संगठन की ओर से दस दिन अतिरिक्त दिए जाने के बाद चेतावनी दी कि यदि ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन दोबारा आंदोलन के लिए बाध्य होगा। धरना समाप्ति के बाद किसानों ने प्रशासन का आभार जताया और शांतिपूर्ण तरीके से अपने घरों को लौट गए।

# यूनिवर्सल एकेडमी में अक्षरा अव्वल

## शत-प्रतिशत रहा सीबीएसई 10 वीं का परीक्षा परिणाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में शानदार 100% परिणाम प्राप्त किया है। विद्यालय को अपने विद्यार्थियों के सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अत्यंत गर्व है।



विषयवार टॉपर्स में सुचित्रा ने सामाजिक विज्ञान में 99 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। अदिति ने अंग्रेजी में 99 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि वेदिका ने हिंदी में 98 अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

अक्षरा ने सूचना प्रौद्योगिकी में 97 अंक प्राप्त किए। विज्ञान विषय में शिवांश और वंश ने 98-98 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वंश ने गणित में भी 96 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समग्र रूप से विद्यालय के टॉपर्स ने संस्थान का नाम रोशन किया।

अक्षरा ने 96.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वंश ने 95.4% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शिवांश ने 94.2% अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में सुचित्रा (93.8%), दक्ष (93.2%), अदिति चौधरी (91.6%) और प्रेरणा (90%) शामिल हैं।

विद्यालय के प्रबंधक राकेश कर्णवाल, रईस अहमद, शुभम कर्णवाल, प्रधानाचार्य अनुज त्यागी एवं उप-प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल ने सभी विद्यार्थियों को उनके परिश्रम, समर्पण और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई दी। वरिष्ठ समन्वयक श्रीमती कविता शर्मा, अरविंद, प्रशांत ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद बिजनौर)**

संख्या: 56/न.पा.परि.बि./2026-27,

दिनांक:- 15.04.2026

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-345 मौहल्ला मिर्दगान बी-10, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री विजय कुमार वर्मा व श्री आदेश कुमार पुत्रगण श्री कृष्णचन्द वर्मा के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा बैनामा श्री सलीम अहमद पुत्र अल्ला वक्स को किया गया है। जिनके द्वारा बैनामा श्रीमती फरजाना नाज पत्नी श्री सुबहान अंसारी के हक में किया है, बैनामा एवं शपथ-पत्र व आई. डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थिनी श्रीमती फरजाना नाज पत्नी श्री सुबहान अंसारी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# आग से जलकर गेहूं की फसल बर्बाद

## किसान को हजारों रुपए का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम शाहपुर जमाल में गेहूं की तैयार फसल आग में जलकर राख हो गई।

ग्राम शाहपुर जमाल में आज अपराह्न अचानक आग लगने से गेहूं की कटी व खड़ी फसल जलकर राख हो गई। ग्राम शाहपुर जमाल निवासी अवनीश कुमार ने राजकीय आदर्श जनता इंटर कॉलेज की कृषि भूमि ठेके पर ले रखी है, जिसे दल्लीवाला निवासी किसान मनोहर सिंह ने बटाई पर बोया हुआ था। किसान मनोहर सिंह ने बताया आज अपराहन अचानक अज्ञात कारणों से खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और करीब तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। आग लगने से दोनों किसानों को करीब 30 से 40 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। आसपास में मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया परंतु तब तक बहुत देर हो चुकी थी पूरी फसल जल कर रहा हो गई है। इस दौरान भूपराम सिंह, लेखराज, प्यारेलाल,



पवन, अनुज, आकाश, रामवीर और शेर सिंह आदि किसानों व राहगीरों ने मिट्टी व पानी डालकर आग पर काबू पाया। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल दीपेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचे। उनका कहना है कि नुकसान का आकलन कर शासन स्तर से मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि किसान अपनी फसल को बुआई से लेकर कटाई तक अपने बच्चों की तरह पालता है। फसल आने पर किसान की तमाम उम्मीदें व पारिवारिक जिम्मेदारियां जुड़ी होती है। जब तैयार फसल देखते ही देखते उसकी नजरों के सामने नष्ट हो जाती है तो उसके तमाम अरमानों पर पानी पड़ जाता है।

## एक नजर

### लड़की को भगाने में ताहिर अरेस्ट



**चांदपुर।** मौहल्ला सरायरफी निवासी पीड़ित ने पांच मार्च को पुलिस को दी तहरीर में दानिश पुत्र शकील अहमद व उसके दो अन्य साथियों पर उसकी बहन को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया था। सीसीटीवी कैमरों से इनकी पहचान हुई। इस दौरान फैसल पुत्र गफ्फार निवासी मौहल्ला सरायरफी चांदपुर निवासी व उसके दो अन्य साथी नाम व पता अज्ञात द्वारा वादी की बहन को अपने साथ ले जाकर उसके साथ मारपीट की तथा उसके साथ गलत कार्य के लिए मजबूर कर गलत कार्य किया तथा किसी से कुछ भी बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 109/026 धारा 87, 126(2), 115(2), 70(1), 351(3) बीएनएस दर्ज कर आरोपियों की खोज शुरू कर दी थी। पुलिस ने आज इस मामले में मौहम्मद ताहिर पुत्र मैहम्मद शाकिर निवासी मौहल्ला सरायरफी फीना कालोनी, चांदपुर को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।

### क्रिसेंट स्कूल का शानदार प्रदर्शन




**चांदपुर।** मुस्लिम फंड द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सौ प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने मेहनत और लगन से स्कूल का नाम रोशन किया है। मेधावी छात्रों में अल्तमाश ने 94% प्रतिशत अंक प्राप्त कर विशेष स्थान हासिल किया। अल्तमाश ने सामाजिक विज्ञान में 100 परसेंट अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं रुहमा हसन ने 88.06% तथा सारा सुहैल ने 81.0% अंक प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य, अध्यापकों एवं एकेडमिक हेड शाहजाद खान ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### फादरसन में टॉपर्स सम्मानित



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में इन्वेस्टीचर सेरेमनी का तृतीय चरण बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय के छात्र नेतृत्व का चयन करते हुए हेड बॉय और हेड गर्ल के नामों की घोषणा की गई। प्रतीक कुमार को हेड बॉय तथा ग्रेस वर्मा को हेड गर्ल घोषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10वीं के मेधावी विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस वर्ष सिद्धि ने शानदार 98.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम और जनपद में दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं रुकैया जैदी ने द्वितीय स्थान और उकाशा अनवर ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। सभी चयनित विद्यार्थियों और टॉपर्स को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने छात्रों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके निरंतर प्रगति की कामना की। इस मौके पर पूर्व एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों ने विद्यालय पहुंचकर स्कूल संचालक एवं प्रबंध एवं शिक्षकों के कार्य की प्रशंसा की। इससे पहले हरि सिंह ढिल्लों का स्कूल में पहुंचने पर शिक्षक स्टाफ द्वारा फूलों की मालाओं से सम्मानित किया गया।

### छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**अफजलगढ़।** ग्राम रसूलाबाद निवासी उमेश यादव पुत्र मुंशी यादव ने 15 को पुलिस को तहरीर देकर शिकायत की थी कि गांव निवासी परमजीत उर्फ पम्मा पुत्र महेंद्र सिंह उनके घर में घुस आया और उनकी लगभग 13 वर्षीय नाबालिग पुत्री का हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए अंदर खींचकर ले जाने लगा। पीड़िता किशोरी के विरोध करने पर आरोपी ने उसे धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिना देरी किए मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी और सक्रियता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। उधर थाना अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि आरोपी परमजीत उर्फ पम्मा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा आगे की विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में पुलिस पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई कर रही है और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**खोया पाया सूचना**

मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की इंटरमीडिएट परीक्षा 2017 (रेगुलर) अनुक्रमांक 0548604 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2018 (प्राइवेट) अनुक्रमांक 4038911 के प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गए है। **मौ. सनाउर्रहमान पुत्र मौलाना अताउर्रहमान निवासी मौहल्ला मनिहारान, कस्बा व थाना शेरकोट, जनपद बिजनौर**

# पंचायत सहायकों का प्रदर्शन

## जनगणना ड्यूटी को लेकर नाराजगी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जनगणना ड्यूटी को लेकर पंचायत सहायकों में नारा. जगी देखने को मिली। आज बड़ी संख्या में पंचायत सहायकों ने मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।

पंचायत सहायकों का कहना है कि उन्हें पूर्व में आश्वासन दिया गया था कि जनगणना ड्यूटी उनकी संबंधित ग्राम पंचायतों में ही लगाई जाएगी, जिससे कार्य सुगमता और पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके। लेकिन इसके विपरीत उनकी ड्यूटी शेरकोट नगर पालिका क्षेत्र में लगा दी गई। जो उनके निवास स्थान से लगभग 25 से 30 किलोमीटर की दूरी पर है।

सहायकों ने बताया कि उन्हें मात्र 6000 रुपए मानदेय मिलता है, वह भी समय पर नहीं दिया जाता। ऐसे में लंबी दूरी तय कर ड्यूटी करना उनके लिए आर्थिक और शारीरिक रूप से कठिन हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि उनकी ड्यूटी पुनः उनकी ग्राम पंचायतों में ही लगाई जाए। ताकि जनगणना का कार्य सही तरीके से और बिना किसी बाधा के पूरा किया जा सके। एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

ज्ञापन सौंपने वालों में जॉनी कुमार (अध्यक्ष), विशाल कुमार (महामंत्री) सहित अंकुल कुमार, अमित कुमार, काजल कौशिक, वर्षा रानी, दीक्षा रानी, अंजलि चौहान, प्रेरणा चौहान, गगन शर्मा, शिवानी रानी, पुष्पेंद्र कुमार समेत कई पंचायत सहायक आदि शामिल रहे।

## न्यायिक अधिकारियों की कार्यशैली और अधिवक्ताओं का व्यवहार नगीना बार की पहचान: अनुपम सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बार एसोसिएशन नगीना द्वारा तहसील परिसर में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगीना में कार्यरत तीन न्यायिक अधिकारियों, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (ADJ) अनुपम सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (ACJM) अक्षयदीप यादव और सिविल जज असगर अली के स्थानांतरण होने पर उनके सम्मान में आयोजित किया गया था। दो वर्ष का सफल कार्यकाल पूरा करने के बाद इन अधिकारियों की विदाई पर अधिवक्ताओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

समारोह को संबोधित करते हुए एडीजे अनुपम सिंह ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन नगीना में बिताया गया समय उनके लिए यादगार रहेगा। उन्होंने नगीना बार के अधिवक्ताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के वकीलों का न्यायालय के प्रति सम्मान, मेहनत और कार्य में पारदर्शिता सराहनीय है। एसीजेएम अक्षयदीप यादव और सिविल जज असगर अली ने भी अपने संबोधन में बार और बेंच के बीच रहे मधुर संबंधों को याद किया और अधिवक्ताओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अधिवक्ताओं ने तीनों न्यायिक अधिकारियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। बार एसो. के निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी और निवर्तमान महासचिव नईम अहमद ने तीनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता मौहम्मद आरिफ खान, नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक विश्नोई, और नवनिर्वाचित महासचिव मौहम्मद नईम सहित कई वक्ताओं ने अधिकारियों के कार्यकाल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान न्याय प्रक्रिया को सुगम बनाने और वादकारियों को त्वरित न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर एल्डर कमेटी के चेयरमैन जयकिशन शर्मा, मतलूब अहमद, प्रेम कुमार शर्मा, अमीर सिंह, निशात अहमद, जहीर अहमद खान, फरीद अहमद खान, संजीव कुमार, अरशद जावेद, नवेद इकराम, विजयपाल सिंह, शहजाद आलम, अंबरीश कुमार, दीपक सक्सेना, मौ. शाकिर, विनीत अग्रवाल, दीपक जोशी सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष अशोक कुमार त्यागी ने की तथा संचालन निवर्तमान महासचिव नईम अहमद द्वारा किया गया।

## गुलदार के हमले से ग्रामीण घायल

**शेरकोट।** खेत पर पशुओं के लिए चारा काट रहे ग्रामीण पर गुलदार ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मंधोरा निवासी भजन सिंह पुत्र हरिराज सिंह आज खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गए थे। वे खेत में चारा काट ही रहे थे कि तभी घात लगाकर बैठे गुलदार ने उन पर झपटा मार दिया। अचानक हुए इस हमले से भजन सिंह बुरी तरह लहूलुहान हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों की भीड़ को आता देख गुलदार खेतों की ओर भाग निकला। घटना के बाद घायल भजन सिंह को एम्बुलेंस से तुरंत उपचार के लिए नजदीकी सीएचसी ले जाया गया है। ग्रामीणों में इस घटना के बाद भय का माहौल है और वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की जा रही है।

# महिला चिकित्सक के साथ अभद्रता

## स्वास्थ्य विभाग की टीम पर गंभीर आरोप, सीएमओ से कार्यवाही की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**शेरकोट।** देर रात क्लीनिक पर जांच करने पहुंची टीम ने महिला चिकित्सक से अभद्र व्यवहार किया। पीड़ित महिला चिकित्सक ने सीएमओ को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अपनी सुरक्षा की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला फतेहनगर निवासी डा. सना खान ने बताया कि बीती रात लगभग 10:30 बजे उनके क्लीनिक पर एक कार आकर रुकी, जिसमें से तीन व्यक्ति उतरे। उन्होंने क्लीनिक खुलवाया और चैकिंग करने के नाम पर उनमें से एक ने खुद को एसीएमओ केपी सिंह बताया। साथ आए अन्य व्यक्तियों ने उनके कागजात की जांच की, जिन्हें उन्होंने दिखा दिया। डा. सना खान का कहना है कि उन्होंने उन लोगों से सुबह आने का अनुरोध किया, क्योंकि उनके पति घर पर मौजूद नहीं थे। इस पर उनके साथ आए एक व्यक्ति, जिसने अपना नाम रोबिन बताया वह उन पर भड़क गया और उनके साथ अभद्र व्यवहार कर अपशब्दों का प्रयोग किया। इससे वह घबरा गई। पीड़िता ने बताया कि पूछताछ करने पर उक्त व्यक्तियों ने कुछ चिकित्सको का नाम लेते हुए पैसे के विवाद की बात कही। महिला डॉक्टर ने सीएमओ से पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। उधर इस सम्बंध में नोडल अधिकारी केपी सिंह से उनके दूरभाष पर बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की है।

सीएम योगी भले ही प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने में लगे हो, लेकिन भ्रष्टाचार मे लिप्त स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी झोलाछाप चिकित्सकों से महीना लेकर इन चिकित्सकों को बढ़ावा दे रहे हैं। इन झोलाछाप चिकित्सक की वजह से किसी भी दिन कोई बड़ी घटना घट सकती है। पूर्व में इन झोलाछाप चिकित्सकों की वजह से कई जाने जा चुकी है। लेकिन इन पर कोई कार्यवाही ना होना स्वास्थ्य विभाग पर सवालिया निशान लगा रहा है।

सरकार एवं कोर्ट के आदेश के बावजूद नगर मे जच्चा बच्चा केंद्र चलाने वाले चिकित्सक खुलेआम रुपए के लालच में बड़े पैमाने पर भ्रूण हत्या करने के मामले भी सामने आ रहे है। लेकिन उच्चाधिकारियों को सब कुछ पता होने के बाद भी स्वस्थ्य विभाग के अधिकारियों का चुप्पी साधना दूसरी ओर इशारा करता दिखाई दे रहा है।

### रात में स्वास्थ्य विभाग की जांच की चर्चा जोरों पर

**शेरकोट।** रात के अंधेरे में ही अस्पताल की जांच क्यों, यह अपने आप में बड़े सवाल पैदा कर रहे है। कही ऐसा तो नहीं कि उक्त अस्पताल संचालक स्वास्थय विभाग को रकम ना देना भारी पड़ रहा हो।

## डीजल भट्टी पर बना रहे मिठाई

**अफजलगढ़।** बढ़ती गैस कीमतों व कमर्शियल सिलेंडर की किल्लत से मिठाई कारोबार प्रभावित हो रहा है। कारोबार को जारी रखने के लिए दुकानदार अब डीजल भट्टी का सहारा ले रहे हैं। नगर के मौहल्ला किला निवासी सौरव रूहेला ने बताया कि सिलेंडर न मिलने से उनका काम बंद होने की कगार पर पहुंच गया था। इसके बाद उन्होंने मेरठ से डीजल भट्टी मंगाकर काम शुरू किया, जिससे कारोबार दोबारा पटरी पर आ रहा है। उन्होंने बताया कि डीजल भट्टी में प्रति घंटे करीब आधा लीटर डीजल की खपत होती है, जिससे कम खर्च में काम सुचारू रूप से चल रहा है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पक्ष में निकाली रैली

**बिजनौर।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में इंदिरा बाल भवन से एक पदयात्रा आयोजित की गई। इस पदयात्रा ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी संदेश दिया। पदयात्रा का उद्देश्य समाज में महिलाओं की भागीदारी और उनके अधिकारों के प्रति चेतना जगाना रहा। इंदिरा बाल भवन से शुरू हुई पदयात्रा जजी चौक, शक्ति चौक, सिविल लाइनं, डाकखाना चौहारा होते हुए डाक बंगले पर समाप्त हुई। इस दौरान वक्ताओं द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- जैसे उज्जवला, मुद्रा योजना और महिला आरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान भाजपा क्षेत्रीय मंत्री हरजिंदर कौर, चेयरपर्सन इंदिरा सिंह, राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल, आकांक्षा चौहान, डॉ. मंजू सिंह, मनोरमा देवी, माया पाल, पूर्व प्रधान संजू सिंह, नेहा शर्मा, कृतिका राठी, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद राठी, मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग आदि मौजूद रहे।

# पुलिस की गाड़ी के सामने आया गुलदार

### वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम सराय आलम के निकट रात्रि गश्त के दौरान पुलिस की गाड़ी के सामने गुलदार आ गया। पुलिस ने ग्रामीणों को सचेत रहने की सलाह दी। क्षेत्र में आए दिन गुलदार की दस्तक से ग्रामीण भयभीत है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती रात पुलिस गश्त कर रही थी। सराय आलम-नांगल संपर्क मार्ग पर गाड़ी के सामने अचानक गुलदार आ गया। पुलिस ने गाड़ी रोकी और हूटर बजाया, तो गुलदार समीप में हीं आम के बाग में घुस गया। पुलिस ने रात में ही क्षेत्र में गुलदार होने और ग्रामीणों को सचेत रहने की सलाह दी। ग्रामीणों अतुल कुमार, रोहित, सुशील, सुनील, विनय, आदि का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन गुलदार देखा जा रहा है। दो माह पूर्व गांव रायपुर खास के समीप नहर पटरी पर एक गुलदार पिंजरे में कैद हो गया था। गुलदार देखे जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल है।

## एक नजर

### मधुर मेमोरियल का शानदार प्रदर्शन



**स्योहारा।** मधुर मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की कक्षा 10वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। दिव्यांशी ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जारा ने 91.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, सक्षम भटनागर ने 89.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं ऋषभ कुमार ने 88 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान तथा जुबिया महबूब ने 83.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल किया। विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में दिव्यांशी ने सामाजिक विज्ञान में 100 अंक, हिंदी में 97 तथा कंप्यूटर विषय में 97 अंक प्राप्त किए। सक्षम भटनागर ने कंप्यूटर विषय में 100 अंक प्राप्त किए। जारा ने सामाजिक विज्ञान में 95 तथा कंप्यूटर विषय में 99 अंक हासिल किए। जबकि ऋषभ कुमार ने अंग्रेजी विषय में 95 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्य मैराजुद्दीन, प्रबंधक आलोक अग्रवाल तथा निदेशक सार्थक अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शीघ्र ही सम्मान समारोह आयोजित करने की घोषणा की।

### केएस का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस अकादमी के लिए इस वर्ष कक्षा 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम अत्यंत गौरवपूर्ण रहा। जिसमें विद्यालय ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। सभी विद्यार्थियों ने न केवल परीक्षा उत्तीर्ण की, बल्कि उत्कृष्ट अंकों के साथ अपनी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में यश वर्मा ने 93.4% अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। जबकि पार्निका ने 89.4%, भूमि सैनी ने 87.4%, कल्पना ने 83%, तनुष्का ने 81%, इकरा ने 80.4% तथा नम्रा ने 80.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह परिणाम न केवल विद्यार्थियों की लगन का प्रमाण है, बल्कि शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का भी प्रतिफल है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य इन्द्रपाल सिंह ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### कन्या इंटर कालेज में मानव श्रृंखला बनाई



**धामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं समाज में महिला सशक्तिकरण, सम्मान और जागरूकता का संदेश देना था। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा देवी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी समाज की शक्ति, सम्मान और प्रगति का आधार है। उन्होंने सभी छात्राओं को आत्मनिर्भर, शिक्षित और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापिकाएं नीरज, मिथलेश प्रतीक्षा, शशि किरण एवं रंजना आदि ने सक्रिय सहभागिता निभाई तथा छात्राओं को नारी शक्ति के महत्व के बारे में प्रेरित किया।

### विकास कार्यों की सराहना



**स्योहारा।** लोकसभा सांसद इमरान मसूद ने पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी से विशेष भेंट करते हुए स्योहारा नगर में कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था सड़क निर्माण, प्रकाश व्यवस्था तथा जनहित से जुड़े कार्य जिस गति से कराए जा रहे हैं, वह सराहनीय हैं और नगर के विकास की दिशा में सकारात्मक कदम हैं। इस दौरान पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने सांसद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्योहारा नगर को स्वच्छ सुंदर और आधुनिक बनाने के लिए नगर पालिका लगातार प्रयासरत है तथा आम जनता की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जा रही है। पालिका अध्यक्ष ने सांसद के आगमन को नगर के लिए सम्मान बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्यों को और गति मिलेगी। दोनों जनप्रतिनिधियों के बीच जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चौधरी फहीमुर्रहमान, जुनैद मलिक, शुऐब अंसारी, अजीम चौधरी, फैसल, हिलाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक व समर्थक मौजूद रहे।

### बाबा साहब ने दलितों, शोषितों व वंचितों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ा : वीरेंद्र

**नजीबाबाद।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव वीरेंद्र यादव एड. ने नगर के मौहल्ला जाब्तागंज स्थित यादव धर्मशाला में अम्बेडकर जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर बाबा साहब के चित्र पर फूल-माला चढ़ा कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेता मुनव्वर अली ने संविधान निर्माता बाबा साहब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव वीरेन्द्र यादव ने कहा कि बाबा साहब ने दलितों, शोषितों, वंचितों को संविधान रूपी कवच से शिक्षा समानता आदि अधिकार देकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर देवेश यादव, समर यादव, प्रदीप कुमार, संजीव कुमार, राजीव यादव, कुलदीप यादव, प्रदीप गुप्ता, नवेद अहमद आदि उपस्थित रहे। साथ ही सपा नेता वीरेंद्र यादव ने ग्राम परमावाला में बाबा साहब की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

## एक नजर

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम



**धामपुर।** आरएसएस पीजी कॉलेज में नारी शक्ति वंदन अधिनियम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या प्रो. रश्मि रावल शर्मा ने कहा कि 'बसुंधरा-तले भारत-रमणी नुहे हीन नुहे दीन अमर की रति कोटि युगे के भें जगतुं नोहिब लीन।' अर्थात भारत की नारी पृथ्वी पर किसी की तुलना में न तो हीन है, न दीन है। संपूर्ण जगत में उसकी अमर कीर्ति युगों-युगों तक कभी लुप्त नहीं होगी, यानी सदैव बनी रहेगी। कार्यक्रम का आयोजन डा. सुमेधा चौहान (एनएसएस छात्रा इकाई) के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की थीम 'सभी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा अनुभाग-3 गाइडलाइंस के अंतर्गत नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूकता' रही। सभी प्रतिभागियों ने अभियान पर अपनी राय रखी और नारी शक्ति वंदन अभियान के सपोर्ट हेतु मोबाइल नंबर 9667173333 पर मिस्ड काल की और सभी को इस अभियान में शामिल करने का आह्वान किया।

### पॉलीथिन के खिलाफ चला अभियान



**स्योहारा।** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल के दिशा-निर्देश पर प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर पालिका टीम ने विभिन्न दुकानों पर छापेमारी करते हुए लगभग 32 किलोग्राम प्रति. बंधित पॉलीथिन बरामद की तथा संबंधित व्यापारियों से 4000 रुपए का जुर्माना वसूला। अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग पर पूर्ण रोक लगाई गई है। इस दौरान पालिका के प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार, कर्मचारी मौहम्मद शान, अमित कुमार सहित अन्य पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

### मदरसे के छात्रों को सिखाए स्वच्छता के गुर



**नगीना।** स्वच्छ भारत मिशन, आईटीसी मिशन सुनहरा कल और मैट्रिक्स जीरो वेस्ट सलूशन के संयुक्त तत्वावधान में आज मौहल्ला कलालान स्थित मदरसा फैजुल कुरान में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका के स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संचारी रोग नियंत्रण और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया। संस्था के प्रतिनिधियों ने बच्चों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचाव के तरीके बताए और घरों में गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने पर जोर दिया। इस दौरान स्वच्छ नगीना-स्वस्थ नगीना और 'धरती, पानी और हवा रखो साफ' जैसे नारों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मौके पर क्लस्टर मैनेजर तबरेज, रजनीश लांबा, लोकेंद्र और मदरसे का स्टाफ मौजूद रहा।

### प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण



**किरतपुर।** दिशा समिति की बैठक में सांसद चंद्रशेखर आजाद द्वारा उठाई गई किसानों के खेतों में नगर पालिका का पानी छोड़े जाने की गंभीर समस्या पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में नगर पालिका एवं जल विभाग के अधिकारी प्रदेश सचिव साहिल मेहरा के साथ मौके पर पहुंचे और प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ तौर पर देखा गया कि नगर पालिका का पानी किसानों के खेतों में जा रहा है, जिससे फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। जल विभाग के एई बृजमोहन और जेई यशवंत कुमार ने बताया कि किरतपुर में जल निकासी की स्थायी व्यवस्था के लिए अगले महीने से कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का टेंडर सूर्य इंटरनेशनल कंपनी को दिया जा चुका है। परियोजना के तहत नगर में अंडरग्राउंड सीवर पाइप लाइन बिछाई जाएगी तथा मंडावर रोड पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाएगा। इसके बाद ट्रीट किया गया पानी नदी में छोड़ा जाएगा, जिससे किसानों के खेतों में पानी जाने की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा। इस दौरान नगर पालिका के बाबू हसन मुस्तफा, सुरेंद्र कुमार सहित कई किसान भी मौके पर मौजूद रहे।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**नगीना।** भाकियू (महात्मा टिकैत) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एसडीएम को मांग पत्र सौंपा। संगठन ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली, बुनियादी ढांचे के अभाव और सार्वजनिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर कड़ा रोष जताते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की है। यूनियन के तहसील अध्यक्ष (युवा) मौहम्मद आमिर और जिलाध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में सबसे प्रमुख मुद्दा स्मार्ट मीटर का रहा। संगठन का आरोप है कि बिजली विभाग के ठेकेदार सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद आम जनता के घरों पर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगा रहे हैं। किसानों ने इसे हठधर्मिता करार देते हुए तुरंत रोकने की मांग की है। साथ ही, मौहल्ला खुर्रम अली सराय में बिजली की ढीली तारों और टूटे हुए खंभों को बदलने की मांग की गई है ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। किसानों ने ग्राम हरबंशपुर धरम में नहर पर पुल निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग दोहराई, जो लंबे समय से लंबित है। इसके अलावा, नगीना के मोहल्ला लाल सराय की घनी आबादी के बीच लगाए जा रहे मोबाइल टावर का भी कड़ा विरोध किया गया।

# आदर्श इण्टर कालिज ऊमरी, बिजनौर

पत्रांक/ए.आई.सी.यू./विज्ञप्ति/ 80/2026-27 दिनांक:- 16.04.2026

## विज्ञप्ति

अपर मुख्य सचिव उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या-2058/15-5-2021-1600 (359)/ 2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 21 नवम्बर 2021 द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में लिपिक श्रेणी/शिक्षणेत्तर पदों (समुह ग) पर चयन हेतु चयन प्रक्रिया में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र निम्नवत शर्तों एवं प्रतिबंधों एवं पात्रताओं के आधार पर विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 09-05-2026 सायं 5.00 बजे तक स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र विद्यालय के उपरोक्त नाम एवं पते पर मात्र रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया जायेगा तथा उसकी छाया प्रति सम्बंधित जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर के ई मेल bijnordios@gmail.com पर भी प्रेषित किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| पदों की संख्या-01 | आरक्षण-एक पद अनारक्षित | संस्था में मात्र रजिस्टर्ड डाक से आवेदन स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि 09-05-2026 सायं 5.00 बजे तक |

**आवेदन हेतु पात्रता-**

उ.प्र. अधीनस्त सेवा चयन आयोग के द्वारा सम्पन्न करायी गयी उपरोक्त प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में 50 प्रतिशत एवं अधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत चयन के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।

(PET) स्कोर से तात्पर्य आवेदन की तिथि पर उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की घोषित वैद्य स्कोर से है।

**आवेदन की प्रक्रिया-**

-प्रश्नगत चयन हेतु प्रारम्भिक अहर्ता परीक्षा (PET) में 50 प्रतिशत एवं अधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन निम्न प्रक्रिया के अनुसार आमंत्रित किया जायेगा।

-आयु सीमा प्रश्नगत विज्ञापन में अभ्यर्थी की आयु चयन वर्ष 01 जनवरी 2026 को न्यूतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।

-नोट- उ.प्र. के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं ऐसे अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा में राज्य सरकार द्वारा प्रदान नियमानुसार छूट अनुमन्य होगी। कार्मिक अनुभाग-2 के शासनादेश सं. 22/21/1983-कार्मिक-2 दिनांक 28 नवम्बर 1985 के अनुसार वर्गीकृत खेलों के कुशल खिलाड़ियों को अधिकतम आयु में 05 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी। भूतपूर्व सैनिकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 03 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।

समाज के दिव्यांगजनों को उ.प्र. सरकार के अघतन नवीनतम विधमान कार्मिक अनुभाग-2 के शासनादेश सं. 18/01/2008 का 2-2008 दिनांक 03 फरवरी 2008 के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में 15 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।

**आवेदन शुल्क-**

-अनारक्षित (सामान्य) व अन्य पिछड़ा वर्ग 750.00 आवेदन शुल्क

अनुसूचित जाति/जनजाति/ई.डब्लू एस 500.00 आवेदन शुल्क

-(नोट- आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट/ पोस्टल आर्डर एवं एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से सम्बंधित संस्था के प्रबन्धक के पद नाम से जिला सहकारी बैंक शाखा सायं कालीन धामपुर में संचालित खाता सं. -001221000000321, IFSC CODE-UPCB00BIJNR में जमा किया जायेगा।

**पद का वेतन मान व अन्य भत्ते-**

-कनिष्ठ सहायक पद हेतू न्यूतम पे बैंड रु 5200-20200 ग्रेड पे 2000, सातवें वेतन आयोग के अनुसार एवं अन्य देय भत्ते अनुमन्य होंगे।

**चयन हेतु शैक्षिक अर्हता-**

1- माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा या उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।

2-माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. के साथ-साथ केन्द्र अथवा किसी राज्य सरकार द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षा बोर्ड/ परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इंटर मीडिएट परीक्षा में प्रथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइन्स विषय को लिया गया हो अथवा कम्प्यूटर संचालन का डो एस/निलिट द्वारा प्रदत सी.सी.सी. प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र अथवा कम्प्यूटर साइन्स में डिप्लोमा/डिग्री अथवा कम्प्यूटर में उच्च योग्यताधारी यथा कम्प्यूटर में डिप्लोमा, डिग्री, पी.जी.डी.सी.ए., वी.सी.ए., एम.सी.ए. तथा ग्रेजुएशन अथवा उच्च डिग्री (बी.ए., बी.एस.सी., बी.टेक., एम.एस.सी., एम.बी.ए.) में कम्प्यूटर के रूप में अथवा एक सेमेस्टर में कम्प्यूटर कोर्स धारित

3- कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट होगी।

**चयन प्रक्रिया-**

शासनादेश संख्या 2058/15-05-2022-1600 (359)/2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग 5 लखनऊ दिनांक 25 नवम्बर 2021, शासनादेश सं.-1152/15-5-2021-1600 (359) 2014 माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 04 जुलाई 2022 एवं सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. प्रयागराज द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या परिषद-9/762 दिनांक 06-01-2022 के माध्यम से सर्व साधारण की जानकारी हेतु विज्ञप्ति में निहित प्राविधानानुसार चयन प्रक्रिया के अनुसार चयन किया जायेगा।

**टंकण परीक्षा-**

1-टंकण परीक्षा कम्प्यूटर पर करायी जायेगी। जिस हेतु आवेदन करने वाले अर्ह अभ्यर्थियों में से प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में सर्वाधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त करने वाले प्रथम 10 अभ्यर्थियों की चयन समिति के माध्यम से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित होगी। जिसकी सूचना रजिस्टर्ड डाक से संस्था प्रबंधक (नियोक्ताधिकारी) द्वारा टंकण परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि से 15 दिवस पूर्व अभ्यर्थियों को प्रेषित की जायेगी।

2- टंकण परीक्षा क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों की (PET) में प्राप्त स्कोर के आधार पर मेरिट सूची के आधार पर तैयार होगी तथा 01 पद के सापेक्ष अधिकतम 03 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार चयन समिति द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा। जिसकी सूचना चयन समिति के अध्यक्ष के द्वारा पृथक से अभ्यर्थी को रजिस्टर्ड डाक द्वारा दी जायेगी।

3- चयन समिति अभ्यर्थियों के (PET) परीक्षा तथा साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जायेगी। मेरिट सूची में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाला अभ्यर्थी चयनित किया जायेगा।

4-चयन के उपरान्त चयनित अभ्यर्थी के सम्बन्ध में वित्तीय अनुमन्यता सक्षम अधिकारी के स्तर से प्रदान किए जाने के उपरान्त नियुक्ति पत्र नियोक्ता संस्था प्रबन्धक (चयन समिति के अध्यक्ष) द्वारा रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया जायेगा।

**अभ्यर्थियों के लिए सामान्य अनुदेश-**

1- एक से अधिक आरक्षित श्रेणी का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को केवल एक छूट जो अधिक लाभकारी होगी अनुमन्य होगी।

2- भूतपूर्व सैनिक तथा विकलांग जन उ.प्र. शासन द्वारा माध्यमिक निर्धारित प्रारूप पर सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र पर अपना दावा प्रस्तुत करेंगे। अन्यथा अभ्यर्थी द्वारा किया गया दावा स्वीकार नहीं होगा।

3- ऐसे अभ्यर्थी जो शारीरिक रूप से विकलांग होने का दावा करते है उन्हें यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनके द्वारा उतदर्थ आवेदन के साथ प्रस्तुत प्रमाण पत्र किसी सक्षम अधिकारी/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र में अभ्यर्थी के विकलांग का प्रतिशत स्पष्ट रूप से उल्लिखित हो।

4- ऐसे पुरुष अभ्यर्थी जो विवाहित है तथा जिनकी एक से अधिक जीवित पत्नियां है अथा ऐसे महिला अभ्यर्थी जिनसे ऐसे पुरुष से विवाह किया हो जिसकी पहले से एक जिवित पत्नी है पात्र नहीं माने जायेंगे।

5- आवेदन स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि तक ही अभ्यर्थी द्वारा धारित अर्हता स्वीकार की जायेगी। आवेदन की अन्तिम तिथि के वाद ग्रहण की गयी योग्यता/ अर्हता हेतु मान्य नहीं होगी।

6- किसी भी अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र में गलत तथ्यों के जिनके प्रमाण पत्र के आधार पर पुष्टि नहीं की जा सकती देने पर प्रश्नगत चयन से प्रति वारित किया जा सकता है।

7- हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी। जन्म तिथि हेतु उक्त प्रमाण पत्र के अतिरिक्त अन्य कोई अभिलेख मान्य नहीं होगा।

8- आवेदन के साथ विवरण प्रारूप संलग्न है साथ ही विद्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

9- विद्यालय की ईमेल आईडी-ashishraj9634@gmail.com

## आदर्श इण्टर कॉलिज ऊमरी, बिजनौर

### अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में लिपिक भर्ती हेतु आवेदन पत्र-

स्वयं प्रमाणित नवीनतम फोटो अनिवार्य रूप से चस्पा करें।

1- आवेदित संस्था का नाम ..........................................................

2- अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी का नाम ..........................................................

3- पिता/पति का नाम..........................................................

4- माता का नाम ..........................................................

5- जन्मतिथि............................जन्मतिथि शब्दों में................................

6- लिंग- महिला......................... पुरुष...............................................

7- वर्ग- सामान्य ................पिछड़ा वर्ग ...............अनुसूचित जाति........... अनुसूचित जनजाति...........

8- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग-हां/नहीं..........................................................

9- क्या आप विवाहित है- हां.............................................../नहीं..........................................................

10- क्या आप उत्तर प्रदेश के निवासी है- हां.............................../नहीं..........................................

11- गृह राज्य का नाम..........................................................

12- स्थायी पता..........................................................

13- अस्थायी पता/पत्र व्यवहार का पता..........................................................

14- मोबाइल नम्बर............................................वाट्सएप नम्बर..........................................................

15- ईमेल आई.डी..........................................................

16- क्या आप उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन किसी विभाग में कार्यरत है- हां....................... नहीं...........

यदि हां तो विभाग का नाम..........................................................

पद नाम ..........................................................

नियुक्ति तिथि.......................................................... कुल सेवा अवधि..........................................

17- दिव्यांग श्रेणी- हां............................ नहीं..........................................................

18- शैक्षिक योग्यता

| क्र. सं. | योग्यता | बोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम | उत्तीण वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | |
| 4 | परास्नातक | | | | | |
| 5 | अन्य | | | | | |

19. अन्य अधिमानी अर्हता..........................................................

20. उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित PET परीक्षा का विवरण

पंजीकरण..................................अनुक्रमांक संख्या............................................

नार्मलाइलेशन स्कोर..................... पर्सेंटाइल स्कोर...............................................

21. कम्प्यूर संचालन का डीओईसीसी/एनआईटी द्वारा सी.सी.सी. प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र का विवरण..........................................................

22. कम्प्यूटर टंकण की गति हिन्दी भाषा में 25 व अंग्रेजी भाषा में 30 शब्द/मिनट है अथवा नहीं ..............

23. रु 750.00 एवं 500.00 (आरक्षित समूह के अनुसार) के बैंक डाफ्ट/ पोस्टल आर्डर/ एन.ई.एफ.टी. का विवरण..........................................................

24. घोषणा-

1- मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैंने विज्ञापन के अनुसार/शासनादेशों से सम्बंधित सभी नियम व शर्तें पढ़ ली है और मैं इसे स्वीकार करता/करती हूं।

2- मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस आवेदन में की गयी सभी प्रविष्टिया/ विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है। यदि उक्त आवेदन में कोई तथ्य गोपन किये गये है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व मेरा होगा। नियमानुसार मेरे खिलाफ कार्यवाही करायी जा सकती है।

3- मेरे द्वारा कोई भी तथ्य गोपन किया गया हो जो चयन से पहले हो जाने के बाद नियुक्ति प्राधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के समक्ष आता है, तो मेरा अध्यर्वन/ नियुक्ति निरस्त कर दी जाये एवं मुझे प्राप्त राजकीय कोष से वेतन तत्काल पूरा राजस्व की भांति विभाग/राजकीय कोष को वापस कर दिया जाये, मुझे स्वीकार होगा। इस संबंध में मेरे द्वारा न तो कोई आपत्ति की जायेगी और न ही किसी न्यायालय में वाद दाखिल किया जायेगा।

नोट:- उक्त समस्त प्रमाण पत्रों की स्व. प्रमाणित छाया प्रति संलग्न की जाये।

दिनांक:-..............................

आवेदनकर्ता का हस्ताक्षर

अभ्यर्थी का नाम..........................................

स्थायी पता..................................................

# तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत वन विभाग टीम ने तेंदुए की तलाश शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** एक तरफ प्रशासन सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करता है, तो दूसरी तरफ हालात ऐसे हैं कि अब तेंदुए भी बेखौफ होकर आबादी में दस्तक देने लगे हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम नहनू वाला में बीती रात तेंदुए की आमद ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी। जानकारी के अनुसार, तेंदुआ रात के समय गांव के मुख्तार पुत्र छुट्टन के घर के पास तक पहुंच गया। घर में छोटे-छोटे बच्चे होने के कारण परिवार सहित आसपास के लोगों में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि जब जंगली जानवर सीधे घरों के दरवाजे तक पहुंचने लगें, तो हालात की गंभीरता समझी जा सकती है। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ क्षेत्र में कांबिंग की, जहां तेंदुए के पगचिह्न भी मिले। इससे यह स्पष्ट हो गया कि तेंदुए की मौजूदगी कोई अफवाह नहीं, बल्कि हकीकत है। हालांकि, हर बार की तरह इस बार भी कार्रवाई के नाम पर लोगों को केवल "सतर्क रहने" की नसीहत देकर जिम्मेदारी निभा ली गई। ग्रामीणों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है, लेकिन सवाल वही पुराना हैकृक्या किसी बड़ी घटना के बाद ही ठोस कदम उठाए जाएंगे?





फिलहाल लोग दहशत में हैं और अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते तेंदुए को नहीं पकड़ा गया, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके, जिम्मेदार विभाग की सुस्ती और औपचारिक कार्रवाई ग्रामीणों के डर को और बढ़ा रही है। वन दरोगा मदन सिंह .का कहना है की कईस्थान पर तेंदुए की दस्तक होने के कारण पिंजरे लगाए हैं

जैसे ही पिंजरा कोई खाली होता है तो तत्काल पिंजरा लगाया जाएगा फिलहाल टीम गठित कर केंद्रीय की लोकेशन ट्रेस की जा रही है ताकि जल्दी तेंदुआ पकड़ा जा सके।

## नगर व देहात में अवैध नशे का कारोबार को पनपाने का जिम्मेदार कौन: नेता या प्रशासन?

**ठाकुरद्वारा।** नगर एवं देहात क्षेत्र में अवैध धंधे खुलेआम पनप रहे हैं। इनमें सबसे घातक है सूखा नशा , स्मैक, जिसने युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। क्षेत्र में स्मैक की बिक्री बेशर्मी से हो रही है। स्थानीय पुलिस को इसकी पूरी जानकारी होते हुए भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। सवाल उठता है , इस अवैध कारोबार को पनपाने का जिम्मेदार आखिर कौन है? नेता या प्रशासन?

कई परिवारों के इकलौते चिराग नशे की लत में डूबकर दुनिया से किनारा कर चुके हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन के इशारों पर तिनका भी नहीं हिलता। अभिभावकों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक पीड़ित पिता ने बताया, "मेरा बेटा अब कबाड़ हो चुका है। पुलिस को सब पता है, फिर भी कोई सुनवाई नहीं।" प्रशासनिक अधिकारियों की मौन से नशा तस्कर मनमानी कर रहे हैं। आम जनता अब पूछ रही है , क्या किसी के मरने-जीने से प्रशासन को कोई मतलब नहीं? अगर यही हाल रहा, तो ठाकुरद्वारा का युवा पूरी तरह तबाह हो जाएगा। जबकि त्योहारों पर होने पर अमन कमेटी की बैठक में नगर के कारोबार को मुददा गूंजता है, लेकिन मीटिंग के बाद जनता की आवाज पर कोई सुनवाई नही की जाती है। इससे साफ जाहिर है कि अमन कमेटी जाने वाले संभ्रांत व्यक्ति इस मुददे पर प्रशासन जबाब तलब क्यों नही करते है। ठाकुरद्वारा व देहात क्षेत्र में नशे का कारोबार ऐसे फल फूलता रहेगा और युवा नशे की आदी होकर दुनिया छोड़ते रहेगें। लोगों का कहना है कि प्रशासन को नगर व देहात क्षेत्र में चोरी अन्य अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना है और क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना है तो सबसे पहले नशे के कारोबारियों पर अंकुश लगाना होगा। नशे का कारोबार पर अंकुश लगते हुए क्षेत्र अपराध मुक्त हो जाएगा।

## एक नजर

### किसान सरकारी तौल पर गेहूं बेचने पहुंचा तो प्रशासन ने माला पहनाकर कराया मुंह मीठा



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** गेहूं खरीद केंद्र स्थापित हुए हफ्ते बीत चुके हैं लेकिन अभी तक किसानों ने मंडी का रुख नहीं किया था आज रसूलपुर निवासी किसान अशोक कुमार अपना गेहूं बेचने के लिए मंडी समिति स्थित केंद्र पर पहुंचे तो एसडीएम भी वहां पहुंच गए और पहले तौल कराने आए किसान का माला पहनाकर स्वागत किया। किसान अशोक कुमार विश्नोई को केंद्र प्रभारी ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। एसडीएम ने कहा कि सभी किसान अपना अपना गेहूं सरकारी खरीद केंद्रों पर बेचकर उचित मूल्य पा सकते हैं उन्होंने केंद्र प्रभारी को भी सुविधाजनक गेहूं खरीद कराने के निर्देश दिए और कहा कि यदि कोई गड़बड़ी होती है तो कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने नारी शक्ति के सम्मान में बाइक रैली निकाल कर दिया सशक्तिकरण का संदेश

**ठाकुरद्वारा।** महिला शक्ति वंदन अधिनियम' के समर्थन में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे नगर में नारी सशक्तिकरण का संदेश फैलाया। बाइक रैली का भाजपा के पूर्व प्रत्याशी रहे ठाकुर अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका परिसर से शुभारंभ हुआ। नगर के एसडीएम कोर्ट रोड, कमालपुरी रोड, बड़ा बाजार, बुध बाजार, कोतवाली रोड , बाजार गंज, तिकोनिया पार्क, काशीपुर रोड स्थित अंबेडकर पार्क, रामलीला मैदान बाल्मीकि बस्ती, मोहल्ला जमुना वाला,जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुन: नगर पालि. का पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे रास्ते में प्रतिभागियों ने नारेबाजी कर लोगों को महिला अधिकारों और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने कहा कि 'महिला शक्ति वंदन अधिनियम' महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल है। नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक सोच विकसित करते हैं और महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। रैली में मंडल अध्यक्ष ममता भारद्वाज, हेमारानी, दीपा, सांसद प्रतिनिधि अलका सक्सेना, पूजा पाल, चंद्रमणि मित्तल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। वहीं रैली का शुभारंभ रामलीला मैदान से किया गया, जहां मुख्य अतिथि डॉली रंधावा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जिला मंत्री पंकज सैनी समेत अन्य नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से महिलाएं आज सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं तथा यह अधिनियम नारी सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगाा।

### अलग -अलग किसानों के खेतों में लगी आग, हजारों का गेहूं व भूसा जलकर राख

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग तीन स्थानों पर आग लगने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। आग की इन घटनाओं में हजारों रुपये का गेहूं और भूसा जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों जगह आग पर काबू पाया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर में इब्राहिम के खेत में रखे भूसे में अचानक आग लग गई, जिससे हजारों रुपये का भूसा जलकर नष्ट हो गया। इब्राहिम ने बताया कि यह भूसा लगभग 5 बीघा खेत की गेहूं कटाई के बाद निकला था।

इसी गांव में एक अन्य स्थान पर भी आग लगने से तीन किसानों का करीब 15 बीघा गेहूं का भूसा जलकर राख हो गया, जिससे किसानों को बड़ा आर्थिक झटका लगा। वहीं, गांव नगलिया नारायण में इब्राहिम पुत्र रजक के 5 बीघा खेत में खड़ी गेहूं की फसल आग की चपेट में आकर पूरी तरह जल गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम के अंग्रेज सिंह, शिवकुमार, विपिन कसाना, संजीव कुमार, नितेश खोखर, सचिन, अंशुल और रामकृपाल ,मौके पर पहुंचे और कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया।

### गंदा पानी पीने के लिए नगर के वांशिदे मजबूर

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मोहल्ला अंसारियां में गंदे पानी की सप्लाई से लोगों में भारी नाराजगी है। स्थानीय निवासी आरिफ अल्वी ने इस समस्या का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। साथ ही उन्होंने लिखित रूप से भी पालिका प्रशासन से शिकायत दर्ज कराई है। आरिफ अल्वी का कहना है कि पिछले कई दिनों से पालिका की सप्लाई बहोत गंदा और बदबूदार पानी आ रहा है, जो पीने योग्य नहीं है। उन्होंने वायरल वीडियो के माध्यम से पानी की खराब स्थिति को दिखाते हुए जल्द समाधान की मांग की है। वार्डवासियों में रोष मोहल्ले के अन्य लोगों ने भी इस समस्या पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

# पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री गुलाबो देवी ने विपक्ष पर साधा जमकर निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने सिविल लाइंस स्थित पंचायत भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को ऐतिहासिक बताते हुए केंद्र सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार महिलाओं को पंचायत से लेकर लोकसभा तक 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाने का कार्य किया गया है। मंत्री ने कहा कि इस फैसले से महिलाओं में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा है तथा वे अब नीति निर्माण में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकेंगी। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दलों ने कभी महिलाओं के उत्थान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए और अब भी महत्वपूर्ण फैसलों पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।मुस्लिम महिलाओं के आरक्षण को लेकर उठे सवालों पर गुलाबो देवी ने दोटूक कहा कि महिला सिर्फ महिला होती है और सरकार किसी भी प्रकार के जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करती। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबको समान अवसर देने में विश्वास रखती है।विपक्ष पर तंज कसते हुए मंत्री ने कहा कि उनका काम केवल आलोचना करना रह गया है। उन्होंने कहा कि वह ईश्वर से प्रार्थना करती हैं कि विपक्ष हमेशा विपक्ष में ही रहे,



ताकि उसकी आलोचनाएं सरकार को सुधार का मार्ग दिखाती रहें और जनता स्वयं उनके बयानों का जवाब देगी। मंत्री ने यह भी दावा किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है, यहां तक कि उन लोगों तक भी जो भाजपा के समर्थक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के जनहित में कार्य कर रही है।

## बेटियों के सपनों को मिले पंख: कन्या सुमंगला योजना से अब तक 31,372 बालिकाओं का संवरा भविष्य

**मुरादाबाद।** जनपद में बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बनाने की दिशा में शमुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजनाश एक बड़ी क्रांति लेकर आई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब तक जिले की कुल 31,372 बालि. काओं को लाभान्वित किया जा चुका है। बेटियों के जन्म से लेकर उनकी उच्च शिक्षा तक कुल 25,000 रुपये की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जा रही है। योजना की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी कुल 7,809 नए आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 5,037 बालिकाओं के आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करते हुए लाभ के लिए शासन को भेज दिया गया है।

# गेहूं के ढेर में लगी आग

### किसान का हजारो रुपये की गेहूं की फसल जलकर राख, आग लगाने की आशंका

**ठाकुरद्वारा।** जहां एक ओर किसान दिन-रात मेहनत कर अपनी फसल तैयार करता है, वहीं दूसरी ओर कुछ असामाजिक तत्व उसकी मेहनत पर पानी फेरने में जरा भी नहीं हिचकते। ऐसा ही एक मामला नगर पंचायत ढकिया में सामने आया, जहां गुरुवार तड़के करीब 1 बजे एक किसान की कटी हुई गेहूं की फसल को आग के हवाले कर दिया गया।

तहसील क्षेत्र की नगर पंचायत ढकिया निवासी प्यारे खां पुत्र जमील अहमद के खेत में लगभग 8 बीघा गेहूं की फसल काटकर दो स्थानों पर पूलियों के रूप में रखी गई थी। इनमें से एक ढेर में अचानक आग लग गई, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी फसल जलकर राख हो गई। चार महीने की कड़ी मेहनत कुछ ही पलों में धुएं में उड़ गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे स्थानीय लोग और जिम्मेदारों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। पुलिस टीम हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक रिहान अली, कांस्टेबल विशाल यादव व अन्य कर्मियों के साथ मौके पर पहुंची और हालात को देखते हुए फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर यूनिट प्रभारी अंग्रेज सिंह के नेतृत्व में टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसे सुनियोजित साजिश बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि खेत के ऊपर कोई विद्युत लाइन भी नहीं है, ऐसे में आग लगना अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। नगर पंचायत अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन का कहना है कि रंजिशन अंजाम दिया गया कृत्य बताते हुए जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही। गौरतलब है कि दो दिन पहले ग्राम फरीदपुर कासम के जंगल में भी आग लगने से कई खेत प्रभावित हुए थे। लगातार हो रही ऐसी घटनाएं न सिर्फ किसानों की कमर तोड़ रही हैं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक किसान की मेहनत यूं ही जलती रहेगी और जिम्मेदार महज कार्रवाई के भरोसे दिलाते रहेंगे। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड की तत्परता की सराहना की, वहीं किसानों से भी सतर्क रहने की अपील की गई है।



### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा, घर-घर दिया जाएगा एकता का संदेश

**मुरादाबाद।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में काशी राम नगर में डॉ. प्रमोद कुमार शर्मा के निवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें शोभायात्रा और कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि 19 अप्रैल को सुबह 9 बजे बुद्धि विहार स्थित भगवान परशुराम चौक पर सामूहिक हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की गई। इसके बाद दोपहर करीब 2:30 बजे मंडी चौक, सर्राफा बाजार स्थित शरबती देवी धर्मशाला से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी। बैठक में यह भी कहा गया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में एकता और समरसता का संदेश देने का अवसर है। सभी धर्म प्रेमियों, धर्मगुरुओं और सामाजिक संगठनों से बड़ी संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई।इस दौरान डॉ. प्रमोद शर्मा, छत्रपाल शर्मा, विपिन दुबे सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर 19 अप्रैल को अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत पंचायत भवन सभागार में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के 11 प्रमुख महानगरों में आयोजित टाउन हॉल कार्यक्रमों की श्रृंखला में मुरादाबाद महानगर के पंचायत भवन सभागार में एक भव्य एवं ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, छात्राओं और गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे सभागार में उत्साह एवं ऊर्जा का वातावरण बना दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा विभाग की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी शामिल हुईं। उन्होंने अपने संबोधन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं को राजनीति और निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। इस तरह के कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उपस्थित महिलाओं ने भी इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।



# टिमिट में ब्रेन टू वॉयस एक्सटेम्पोर गतिविधि का सफल आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट में विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने हेतु एक प्रभावशाली सह-पाठ्यक्रम गति. विधि (एक्टेंपोर एक्टिविटी) "ब्रेन टू वॉयस" का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों की अभिव्यक्ति क्षमता, आत्मविश्वास, त्वरित सोच और सार्वजनिक व्यक्तित्व कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें बी.कॉम (ऑनर्स) के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के ही पूर्व छात्र देवांग गुप्ता ने शिरकत की, जिन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि किस प्रकार मंच पर बोलने की कला जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाने में सहायक होती है।

उन्होंने कहा कि एक्सटेम्पोर जैसी गतिविधियाँ न केवल ज्ञान को परखती हैं बल्कि व्यक्ति की सोचने और उसे प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता को भी निखारती हैं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत संबोधन से हुई, जिसके पश्चात प्रतिभागियों को विभिन्न समसामयिक विषयों पर तुरंत बोलने का अवसर दिया गया। विद्यार्थियों ने सामाजिक, आर्थिक, प्रबंधन एवं समकालीन मुद्दों पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए, जिससे उनके आत्मविश्वास और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम का संचालन अत्यंत सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रहा, जिसमें निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन उनके आत्मविश्वास, विषय की समझ, प्रस्तुति शैली और समय प्रबंधन के आधार पर किया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए एक सीखने का सशक्त माध्यम साबित हुआ, बल्कि उनके आत्मविश्वास और संप्रेषण कौशल को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सफल रहा। कार्यक्रम की सफलता ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि टिमिट विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए निरंतर सार्थक प्रयास कर रहा है और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।




सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**
**मूलवाद संख्या** :-71 सन् 2026
**तारीख पेशी:** 27.05. 2026
1. जगदीश बउम्र 57 वर्ष पुत्र स्व. जीवन निवासी मिश्रीपुर छजलैट तहसील कांठ जिला मुरादाबाद, 2. महेन्द्र सिंह बउम्र 50 वर्ष पुत्र स्व. राम सिंह निवासी ग्राम माढ़ा तहसील कांठ जिला मुरादाबाद। **वादीगण।**
**बनाम**
1. श्रीमती शहनाज आरा बउम्र 71 वर्ष प्रथम पत्नी स्व. मौ. असलम शमसी, 2. मौ. अकबर शमसी बउम्र 57 वर्ष, 3. मौ. आजम शमसी बउम्र 54 वर्ष, 4. मौ . अखलद शमसी बउम्र 49 वर्ष पुत्रगण स्व. मौ. असलम शमसी निवासीगण भट्टी मौहल्ला, मुरादाबाद, 5. श्रीमति आसमा असलम बउम्र 60 वर्ष द्वितीय पत्नी स्व. मौ. असलम शमसी नि. भट्टी मौहल्ला, मुरादाबाद, 6. मौ. अजीम शमसी बउम्र 42 वर्ष पुत्र स्व. मौ. असलम शमसी नि. भट्टी मौहल्ला, मुरादाबाद- **प्रतिवादी गण।** हरगाह **वादीगण** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 27 माह 05 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 16 के माह 05 सन् 2026 को जारी किया है।
**वाद/लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी० डि० ) जनपद-मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**
मैने अपने पुत्र अनुज उर्फ शालू व पुत्रवधू श्रीमती कविता को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
अशोक कुमार शर्मा पुत्र रामेश्वर प्रसाद निवासी मोहल्ला कटघर बीच होली का मैदान मंदिर के पीछे थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।

**नाम परिवर्तन सूचना**
कोटक महिंद्रा बैंक में मेरा खाता संख्या 1046786507 में मेरा नाम त्रुटि वश इस्तकार हुसैन ( Ishtkar Hussain ) दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही नाम इस्तिखार हुसैन ( **ISTIKHAR HUSAIN** ) है। भविष्य मुझे इस्तिखार हुसैन ( ISTIKHAR HUSAIN ) के नाम से जाना पहचाना जाए
इस्तिखार हुसैन पुत्र बाबू अली निवासी मकान संख्या 1640 जियारत वाली मस्जिद पाकबड़ा मुरादाबाद।

**न्यायालय अपर सिविल जज ( सी0 डि0 ) न्यू0 कोर्ट न० 2 महोदय-जिला मुरादाबाद।**
**नवीन वाद संख्या:** 710 सन् 2023
**मूलवाद संख्या:** 190 सन् 2018
**तारीख पेशी:** 18.04.2026
**ढाकम सिंह प्रति गंगा प्रसाद शर्मा आदि।**
**बनाम**
1/1 श्रीमति अलका उपध्याय पत्नी श्री एस०एन० उपध्याय पुत्री स्व० श्री गंगा प्रसाद शर्मा निवासनी गौड़ हाईट सैक्टर-4 वैशाली गाजियाबाद, 1/2. श्री प्रभाकर शर्मा पुत्र स्व० श्री गंगा प्रसाद शर्मा नि. ए1-55 मान सरोवर कालोनी दिल्ली रोड मुरादाबाद, 1/3. कुमारी रितिका शर्मा पुत्री स्व० श्री गंगा प्रसाद शर्मा निवासनी गौड़ हाईट सेक्टर-4 वैशाली गाजियाबाद। चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि श्री भगा प्रसाद की मृत्यु हो गयी है और आप उनके उत्तराधिकारीगण है अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 2026 के 04 वे 18 वे दिवस अर्थात दिनाँक 18.04.2026 को दिन के 11:00 बजे पूर्वान्ह अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनाँक 09.04.2026 को जारी किया गया।
**अहलमद**
**ए.सी.जे. ( सी. डि. )**
**न्यू कोर्ट नंबर 2, मुरादाबाद।**

# कार्यालय नगर पंचायत ढकिया (मुरादाबाद)

पत्रांक:- 20/ न0 पं0ढकिया/2026-27 दिनांक:- 15/04/2026

## ''लाईसेन्स शुल्क नियमावली वर्ष-2025'' अन्तिम प्रकाशन

दिनांक-17.01.2026 उत्तर प्रदेश म्युनिसिपैलटीज एक्ट, 1916 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए शासनादेश संख्या-1847/9-97ज/97 दिनांक 09 जून, 1997 के निर्देशों के कम में नगर पंचायत ढकिया द्वारा लाईसेन्स शुल्क नियमावली वर्ष-2025 नगर पंचायत सीमा के अन्तर्गत लाईसेन्स शुल्क नियमावली वर्ष-2025 प्रस्तावित करते हुये उपरोक्त नियमावली धारा-301(1) के अन्तर्गत प्रकाशन के पश्चात् उसके किसी बिन्दु या सभी बिन्दुओं पर किसी व्यक्ति / समूह को आपत्ति हो य सुझाव हो तो अपनी लिखित अपात्ति/ सुझाव नगर पंचायत के कार्यालय में प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के अन्दर प्राप्त करा सकता है। तत्कम में नगर पंचायत ढकिया द्वारा बोर्ड बैठक दिनांक-29.12.2025 पेज नम्बर-13 के प्रस्ताव संख्या-06 के द्वारा प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया, तत्कम में दैनिक समाचार पत्र शाह टाइम्स में दिनांक-17.01.2026 एवं दैनिक हिन्दुस्तान को प्रकाशित कराकर 15 दिवस के अन्दर आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित किया गया। निर्धारित समयवाधि 15 दिवस के अन्दर कोई भी आपत्ति / सुझाव प्राप्त नहीं हुआ। निर्धारित समयवाधि में कोई भी आपत्ति / सुझाव प्राप्त न होने के तदुपरान्त अग्रिम कार्यवाही हेतु अन्तिम प्रकाशन कर गजट में प्रकाशन कराने का निर्णय लिया गया है। निम्नवत् उपविधि को गजट में प्रकाशन की तिथि से प्रभावी माना जायेगा।

### उपनियमावली

1. यह **'उपनियमावली'** नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद लाइसेंसिंग नियंत्रण उपनियमावली कहलायेगी।
2. **'अधिशासी अधिकारी'** का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के अधिशासी अधिकारी से है।
3. **'अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी'** का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के अध्यक्ष / प्रभारी अधिकारी से है।
4. **'लाइसेंसिंग अधिकारी'** का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के अधिशासी अधिकारी से है।

### उपनियम

1. यह उपनियम नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद की सीमा के अन्तर्गत लागू होंगे।
2. यह उपनियम लाइसेंसिंग व अन्य शुल्क से सम्बन्धित उपनियम कहलायेंगे।
3. कोई भी व्यवसायी जो रेस्टोरेंट / नर्सिंग होम / पशुपालन तथा अन्य व्यवसाय जिनका उल्लेख नगर विकास अनु0-9, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ के शासकीय पत्र संख्या 1847/9-97-23ज/97, दिनांक 9 जून, 1997 के अनुसार संलग्न सूची में अंकित हों व अन्य जो संलग्न है के अन्तर्गत आता हो तथा जिसका उललेख प्रदत्त उपनियमों में आगे लिया जायेगा के लिए लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
4. प्रस्तुत उपनियमों के पूर्व चल रहे ऐसे समस्त व्यवसायों आदि जिनका उल्लेख सूची में किया गया है, के लिए भी नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद से लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
5. लाइसेंस की अवधि प्रति एक वित्तीय वर्ष अर्थात् 1 अप्रैल से 31 मार्च तक एक वर्ष के लिए होगी।
6. प्रत्येक व्यक्ति/व्यवसायी जिसका उल्लेख सूची में किया गया है, के लिए आवश्यक होगा कि वह लिखित तालिका में निर्धारित की गयी दर से शुल्क की धनराशि नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के कार्यालय में जमा कर सकते है या पंचायत द्वारा अधिकृत कर्मचारी को अदा करके उसकी रसीद प्राप्त कर लाइसेंस प्राप्त कर सकते है।
7. प्रत्येक व्यक्ति / व्यवसायी आदि से शुल्क प्राप्त कर उसके निर्धारित प्रपत्र पर धन की रसीद जारी की जायेगी।
8. केन्द्र या राज्य सरकार या अन्य कोई विधि निहित संस्था के द्वारा पंचायत में उल्लिखित व्यवसायों के नियंत्रण हेतु लाइसेंस से भिन्न होगा।
9. ऐसा कोई व्यक्ति जो किसी छूत की बीमारी से पीड़ित है, उल्लिखित तालिका में वर्णित व्यवसाय नहीं करेगा तथा उक्त व्यवसायों में सहायक अथवा नौकरी भी नहीं करेगा तथा बाल श्रमिक को भी नौकर / सहायक के रूप में नहीं रख सकेगा।
10. नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के अधिशासी अधिकारी अथवा ढकिया जनपद मुरादाबाद द्वारा अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी किसी भी दुकान आदि के लाइसेंस का निरीक्षण कर सकते हैं और प्रत्येक व्यक्ति तथा व्यवसाय जैसी भी स्थिति हो का निरीक्षण कर सकते हैं तथा भवन में प्रवेश करने के लिए अधिकृत होंगे, मानक के अनुरूप न पाये जाने पर लाइसेंस निरस्त एवं रोकने का अधिकार लाइसेंसिंग अधिकारी में निहित होगा।
11. समस्त लाइसेंस अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्गत किये जायेंगे। इन उपनियमों के प्रभावी होते ही पूर्व में प्रभावी समस्त लाइसेंस व तत्सम्बन्धित दरें निरस्त समझी जायेगी और उन पर संशोधित दरें लागू होगी।
12. वाहनों व जानवरों के लाइसेंस न बनवाने अथवा चेकिंग में पकड़े जाने पर नगर पंचायत द्वारा जारी रसीद न दिखाने पर लाइसेंसिंग अधिकारी / अधिकृत कर्मचारी को ऐसे वाहन तथा जानवर अपनी कस्टडी में लेने का अधिकार होगा और यदि कस्टडी में लेने के 15 (पन्द्रह) दिन के अन्दर निर्धारित किये गये जुर्माने तथा शुल्क को अदाकर लाइसेंस प्राप्त नहीं किया गया तो बाद अवधि एक सप्ताह में नोटिस उपरान्त नगर पंचायत को ऐसे वाहन / जानवर नीलाम करने का अधिकार होगा।
13. प्रत्येक व्यक्ति / व्यवसायी लाइसेंस प्राप्ति के लिए लाइसेंसिं अधिकारी को निर्धारित प्रारूप पर प्रार्थना-पत्र देगा।
14. प्रत्येक लाइसेंसधारी को वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में 15 (पन्द्रह) अप्रैल तक लाइसेंस का नवीनीकरण कराना आवश्यक होगा। अन्यथा रू0 100.00 विलम्ब शुल्क के साथ लाइसेंस का नवीनीकरण किया जायेगा।

15- परन्तु प्रतिबन्ध यह है कि उक्त नियम 15 के अन्तर्गत प्रदत्त छूट प्रत्येक वित्तीय वर्ष की 30 अप्रैल तक प्रभावी होगी। जिसके उपरान्त निर्धारित दण्ड वसूला जायेगा।

| क्र०सं० | मद का नाम | निर्धारित दरें (रूपये मं) |
|---|---|---|
| 1 | होटल लाजिंग तथा गेस्ट हाउस व बारातघर 10 शैय्या तक | 10000.00 |
| 2 | पाँच सितारा होटल | 12000.00 |
| | **नर्सिंग होम-** | |
| 3 | नर्सिंग होम (20 बेड तक) | 10000.00 |
| 4 | नर्सिंग होम (20 बेड से अधिक पर) | 15000.00 |
| 5 | प्रसूति गृह (20 बेड तक) | 10000.00 |
| 6 | प्रसूति गृह (20 बेड से ऊपर) | 15000.00 |
| 7 | प्राइवेट अस्पताल | 2000.00 |
| 8 | पैथोलाजी सेंटर | 5000.00 |
| 9 | एक्सरे क्लीनिक | 1000.00 |
| 10 | डेन्टल क्लीनिक | 2000.00 |
| 11 | प्राइवेट क्लीनिक | 1000.00 |
| 12 | **परिवहन** | |
| क | ऑटो रिक्शा | 100.00 |
| ख | ऑटो रिक्शा 7 सीटर (टेम्पो) | 500.00 |
| ग | ऑटो रिक्शा 4 सीटर | 400.00 |
| घ | मिनी बस | 1000.00 |
| ड़ | बस | 2000.00 |
| च | तांगा | कर मुक्त |
| छ | रिक्शा किराये पर | 75.00 |
| ज | रिक्शा (निजी चालित) | कर मुक्त |
| झ | ठेली/ठेला | 500.00 |
| त्र | हाथ ठेला | कर मुक्त |
| ट | बैलगाड़ी/भैंसागाड़ी | कर मुक्त |
| ठ | ट्राली (ट्रैक्टर) | 1000.00 |
| ढ | अन्य चार पहिये का वाहन (व्यापारिक प्रयोग हेतु वाहन) | 2000.00 |
| 13 | धुलाई गृह (डक) | 1000.00 |
| 14 | ड्राईक्लीनर | 2000.00 |
| 15 | ड्राईक्लीनर (मशीन चालित) | 2000.00 |
| 16 | फाइनेंस क0 चिटफण्ड | 5000.00 |
| 17 | इंश्योरेंश क0 प्रतिशाखा | 5000.00 |
| 18 | फाउण्डिंग इंजीनियरिंग इण्डस्ट्रियल | 2000.00 |
| 19 | बार / बियर दुकान | 10000.00 |
| 20 | आइस फैक्ट्री | 2000.00 |
| 21 | बिल्डर्स / फड़ रेता / बजरफुट / आरा मशीन / चूना भट्टी | 5000.00 |
| 22 | देशी शराब (प्रति दुकान) | 10000.00 |
| 23 | विदेशी शराब (प्रति दुकान) | 15000.00 |
| 24 | **पशुपालन** | |
| | कांजी हाउस में बन्द जानवरों पर जुर्माना: | |
| | (1) बड़े चार पैर वाले जानवर | 100.00 |
| | (2) छोटे चार पैर वाले जानवर | 50.00 |
| | (3) दो पैर वाले जानवर | 50.00 |
| इ | खुराकी छोटे जानवर बकरी आदि | 50.00 |
| ब | खुराकी बड़े जानवर गाय, भैस, घोड़े आदि | 100.00 |
| 25 | मानचित्रक | 5000.00 |
| 26 | किराने की दुकान (10x10) वर्गफिट | 500.00 |
| 27 | किराने की दुकान (10x10) से ऊपर या फुटकर विक्रेता | 1500.00 |
| 28 | मेडिकल की दुकान (फुटकर विक्रेता) | 1500.00 |
| 29 | मेडिकल की दुकान (थौक विक्रेता) | 2500.00 |
| 30 | डेयरी (20 पशु तक) | 500.00 |
| 31 | डेयरी (20 पशु से अधिक) | 1000.00 |
| 32 | मिठाई की दुकान | 2000.00 |
| 33 | रेडीमेड / कपड़े की दुकान | 2000.00 |
| 34 | इलेक्ट्रानिक दुकान | 2000.00 |
| 35 | मोटर गैराज / ऑटोमोबाईल्स दुकान | 2000.00 |

### दण्ड

यू0पी0 म्यूनिसिपैलिटीज एक्ट, 1916 की धारा 299 (1) के अन्तर्गत अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह निर्देश दिया जाता है कि इस नियमावली में दिये गये किन्ही उपविधियों की अवहेलना करने पर निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त रू-1000.00 (एक हजार रूपये) तक अर्थदण्ड दिया जा सकता है और उल्लंघन जारी रहने की दशा में रू0-25.00 (पच्चीस रूपया) प्रतिदिन दण्ड दिया जायेगा जो प्रथम दोष सिद्ध होने के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि इसने अपराध निरन्तर किया है।

नोट:- यह उपविधि के प्रभावी होने की तिथि से इस विषय से सम्बधित पूर्व में प्रचलित उपविधि निरस्त हो जायेगी। नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के किसी भी नागरिक को किसी तरह की कोई भी आपत्ति हो या कोई सुझाव देना चाहता है तो वह 30 दिन के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में लिखित में दे सकता है अन्यथा कि स्थिति में यह समझा जायेगा कि नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के किसी भी नागरिक को कोई आपत्ति नहीं है।

**(रामेश्वर दयाल)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया**
**मुरादाबाद।**

**(मुजम्मिल हुसैन)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया**
**मुरादाबाद।**

# सीसीटीवी में कैद हुई मंदिर में चोरी की कोशिश लोगों की सतर्कता से आरोपी दबोचा गया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र के खुशहालपुर स्थित मां के सच्चा मंदिर में चोरी की कोशिश का मामला सामने आया है। पूरी घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसके आधार पर पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।मंदिर के महंत गौरव रतन नाथ द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, एक युवक मंदिर परिसर में संदिग्ध हालत में घूमता नजर आया। कुछ देर बाद उसने मंदिर में रखी नगदी चुराने का प्रयास किया। हालांकि वहां मौजूद लोगों ने उसकी हरकत देख ली और तुरंत उसे पकड़ लिया।पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से मंदिर की नगद राशि बरामद हुई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मझोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को अपने साथ थाने ले गई।महंत ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि धार्मिक स्थलों पर इस तरह की घटनाएं बेहद गंभीर हैं और इससे श्रद्धालुओं की आस्था प्रभावित होती है।

उन्होंने प्रशासन से मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की भी मांग की। पुलिस के अनुसार, मंदिर में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। आरोपी से पूछताछ जारी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों में रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुन. रावृत्ति न हो सके।

## मैनाठेर में कार का एसी न चलाने को लेकर मारपीट, चालक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** थाना मैनाठेर क्षेत्र में एक कार चालक संग मारपीट का मामला सामने आया है, जिसने पुलिस में आरोपियों के विरुद्ध शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार बराई निवासी आरिफ पुत्र मुश्ताक. ीम पेशे से कार चालक है, जो बुधवार को बुकिंग के तौर पर अपनी कार ग्राम कलाल खेड़ा से संभल के एक गांव में लेकर जा रहा था। पीड़ित के अनुसार कार में बैठे बारातियों ने कार का ऐसी चलाने का दवाब बनाया जिसपर कार चालक आरिफ ने इनकार कर दिया और कार को बिना ऐसी बुकिंग की बात कही। इसी बात को लेकर कार चालक और बारातियों के बीच कहासुनी हो गयी और देखते ही देखते मामला बढ़ गया। आरोप है इस दौरान कार चालक के ऊपर किसी मे बेल्ट से हमला कर दिया जिससे वह लहूलुहान हो गया। बताया गया मारपीट होती देख अन्य कार चालक मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, वहीं सूचना मिलने पर पीड़ित चालक के परिजनों ने शिकायत पत्र सौंपकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

# पॉक्सो एक्ट में दोषी को चार वर्ष की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** वर्ष 2019 में थाना गुन्नौर जनपद संभल में दर्ज एक गंभीर मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चन्दौसी की अदालत ने अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने अभियुक्त भुवनेश पुत्र अनेक सिंह निवासी ग्राम बंझागी थाना गुन्नौर को धारा 08 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत अपराध सिद्ध पाते हुए चार वर्ष के कठोर कारावास तथा 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह मामला धारा 354 भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया था, जिसमें नाबालिग के साथ आपत्तिजनक कृत्य किए जाने का आरोप था।

घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी और साक्ष्यों के आधार पर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने सशक्त साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत किए, जिससे आरोपी के विरुद्ध आरोप सिद्ध हुए। विशेष न्यायाधीश अवधेश



कुमार सिंह ने सभी तथ्यों एवं साक्ष्यों का गहन परीक्षण करते हुए आरोपी को दोषी पाया और सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) नरेन्द्र कुमार यादव ने प्रभावी ढंग से पैरवी की, जिसके चलते न्यायालय में अभियोजन का पक्ष मजबूत रहा।

न्यायालय के इस निर्णय को बाल संरक्षण कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। साथ ही यह फैसला समाज में यह संदेश भी देता है कि नाबालिगों के साथ किसी भी प्रकार के अपराध को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

## छात्रों की सफलता पर स्कूलों में जश्न का माहौल

**चन्दौसी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा बुधवार को घोषित 10वीं के परीक्षा परिणाम में जिले के होनहार छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। डीएवी फर्टिलाइजर बबराला की छात्रा आयुषी वार्ष्णेय ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में पहला स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई है। इसी विद्यालय की छात्रा अक्षिता सक्सैना ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि चन्दौसी के ए.एम. वर्ल्ड स्कूल के छात्र सक्षम गुप्ता ने भी 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं संभल के सेंट मेरी स्कूल के छात्र मुहम्मद इमरान ने 98 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान हासिल किया। गुरुवार को ए. एम. वर्ल्ड स्कूल चन्दौसी में छात्रों की सफलता पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विद्यालय में बच्चों को मिठाई खिलाकर उनकी उपलब्धि का जश्न मनाया गया। छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और वे एक-दूसरे को बधाइयां देते नजर आए। शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# घटिया निर्माण की शिकायत पर हरकत में आया प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगरपालिका द्वारा लक्ष्मणगंज (बारिश नगर) क्षेत्र में बन रही सड़क में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की शिकायत सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। स्थानीय लोगों ने चेयरमैन व संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, जिस पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य की जांच की। जांच के दौरान अधिशासी अधिकारी ने ठेकेदार को सख्त निर्देश देते हुए गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने को कहा। मामला मीडिया में आने के बाद ठेकेदार भी सक्रिय हो गया और अब हॉट मिक्सर प्लांट से थ्री-लेयर हॉटमिक्स तकनीक के जरिए सड़क का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के बाद उसकी उचित देखभाल की जाए और पानी से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाएं, ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे।

वहीं सीतारोड स्थित गुलडहरा रोड का निर्माण भी हॉटमिक्स मशीन के माध्यम से



गुणवत्तापूर्ण तरीके से किए जाने की बात कही गई है। नगर की अन्य सड़कों को भी दुरुस्त करने की प्रक्रिया जारी है।

# एसएम डिग्री कॉलेज में फिल्म 'कल्कि: संभल' की शूटिंग जारी

**चन्दौसी।** एस.एम. डिग्री कॉलेज परिसर में पिछले तीन दिनों से फिल्म 'कल्कि: संभल' की शूटिंग चल रही है। फिल्म का निर्देशन भारत एस. श्रीनेत कर रहे हैं। यह फिल्म वर्ष 1978 में संभल में हुए दंगों और उसके बाद हुए जनसांख्यिकीय बदलावों पर आधारित बताई जा रही है। शूटिंग के तीसरे दिन न्यायालय से जुड़ा महत्वपूर्ण दृश्य फिल्माया गया, जिसमें कलाकारों ने अपने किरदारों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कॉलेज परिसर को कोर्ट के सेट के रूप में तैयार किया गया, जो काफी वास्तविक प्रतीत हो रहा था। फिल्म के डायरेक्टर भारत एस. श्रीनेत ने बताया कि शूटिंग लगातार सुचारू रूप से चल रही है। उन्होंने कहा कि एस.एम. डिग्री कॉलेज का कैंपस शूटिंग के लिए उपयुक्त है और यहां का वातावरण सहयोगपूर्ण है। फिल्म के माध्यम से संभल की ऐतिहासिक घटनाओं को दर्शाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे दर्शकों को उस दौर की परिस्थितियों को समझने का अवसर मिल सकेगा।



## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**चन्दौसी।** नगर के बदायूं रोड स्थित ग्लोबल हैरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा दस में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी मेधावी छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ विद्यालय में उपस्थित हुए। स्कूल के डारयेक्टर निष्काम नंदन एवं निवेदिता रस्तोगी ने सभी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने सभी मेधावियों को बधाई दी। इस दौरान विद्यालय के उपप्रधानाचार्य अनुराधा शर्मा, शिवम रस्तौगी, आशु कुमार आर्य समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सिपाही पति की उपेक्षा का शिकार पत्नी ने मांगी मुख्यमंत्री से मौत या भेजो ससुराल

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सिपाही पति की उपेक्षा का शिकार उसकी पत्नी मुख्यमंत्री से मौत मांग रही है या फिर ससुराल भेजने की गुहार भी लगा रही है मामला मुरादाबाद जनपद का है शहर के निकट रहने वाली महिला की शादी थाना छजलैट के गांव अन्यारी निवासी अमित के साथ कुछ महीने पहले हुई थी महिला का कहना था की शादी में 20 लाख से अधिक खर्च हुआ करीब 20 दिन वह ससुराल में रही लेकिन ससुराल वालों ने स्कॉर्पियो या 15 लाख की मांग करनी शुरू कर दी जिसकी वजह से सास देवर नंद मामा ने उसे जबरदस्ती मायके भेज दिया और कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक वापस नहीं लाएंगे महिला का कहना था कि उपरोक्त लोगों ने उसके पति को वहां से भगा दिया और कहा कि यह 2 साल के लिए विदेश जाएगा उसी की तैयारी में लगा हुआ है। पीड़िता फिर भी पति के बिना ही रहती रही लेकिन ससुराल वालों ने उसके साथ अन्याय करना शुरू कर दिया महिला ने ससुरा. लियों पर कई गंभीर आरोप भी लगाए उसका कहना है कि पति ने उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया इससे पहले पति से शिकायत की तो उसने मां और अपने पिता के कहे अनुसार ही चलने की बात कह दी महिला का कहना था कि उनके रिश्तेदार उच्च पदों पर है और इसी की वह धमकी देकर उसे परेशान करते चले आ रहे हैं।

आखिर में महिला ने डीआईजी को पत्र लिखते हुए मुख्यमंत्री से उसे मौत दिए जाने या फिर ससुराल भेजे जाने की गुहार लगाई पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मां-बेटे के साथ मारपीट करने में चार फंसे

**कांठ( शाह टाइम्स )** मां बेटे के साथ मारपीट करने में चार लोग फंस गए पुलिस ने चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सलेमपुर गांव निवासी राजीव चौहान पुत्र जयवीर सिंह का आरोप था कि रात करीब 8:30 बजे गांव के पृथ्वी पुत्र शेर सिंह सौरभ पुत्र पृथ्वी मोहित पुत्र महावीर और पवन पुत्र धर्मपाल उसके घर में घुस गए और बिना किसी बात के मारपीट करनी शुरू कर दी विरोध किया तो हमलावरों ने उसे व उसकी मां गीता को भी मारा पीटा जिसमें मां घायल हो गई हमलावर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चले गए पुलिस ने चारों हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अंबेडकर जयंती पर दी श्रद्धांजलि समानता का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नगर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मोहम्मद इल्यास के आवास पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में जनाब पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान मुख्य रूप से मौजूद रहे। हाजी मोहम्मद रिजवान ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज को समानता, न्याय और अधिकारों की जो दिशा दी, वह आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी साथियों के साथ मिलकर बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही समाज में भाईचारा, शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे।



## जनगणना ड्यूटी को लेकर महिला शिक्षक संघ ने दिया ज्ञापन, विशेष श्रेणी की शिक्षिकाओं को छूट की उठाई मांग

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ, जनपद मुरादाबाद द्वारा जनगणना 2026 में शिक्षिकाओं की ड्यूटी से जुड़ी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुलोचना मौर्य के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष डॉ. ऋतु त्यागी की अध्यक्षता में दिया गया।ज्ञापन में संघ ने मांग की कि गर्भवती, दिव्यांग, गंभीर रूप से अस्वस्थ, सेवानिवृत्ति के निकट पहुंच चुकी शिक्षिकाओं तथा दो वर्ष से कम आयु के बच्चों की माताओं को जनगणना कार्य से मुक्त रखा जाए। संघ का कहना है कि इन परिस्थितियों में शिक्षिकाओं पर अतिरिक्त प्रशासनिक कार्य का दबाव उनके स्वास्थ्य और पारिवा. रिक जिम्मेदारियों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इसके साथ ही संगठन ने यह भी मांग उठाई कि अवकाश दिवसों में कराए गए जनगणना कार्य के लिए शिक्षकों को प्रतिकर अवकाश दिया जाए और कार्य के दौरान आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

महिला शिक्षक संघ ने प्रशासन से अपील की कि शिक्षकों की समस्याओं को संवे. दनशीलता के साथ समझते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि शिक्षिकाएं अपने शैक्षिक दायित्वों का सुचारु रूप से निर्वहन कर सकें।ज्ञापन सौंपने के दौरान मधु सक्सेना, पूनम सक्सेना, अलका वर्मा, पुष्पा यादव, इंदु भारती, प्रेमलता गौड़, ऊषा रवि, लक्ष्मी रानी, नमिता गुप्ता, श्वेता विश्वकर्मा, अभिलाषा, सपना सक्सेना, आयशा नूर, दीप्ति राय, कुमकुम दीक्षित, प्रीति वर्मा, तरन्नुम मसूद, हिमानी कुमारी, शालिनी भटनागर, ममता बाली, शुचि शर्मा, कंचन वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## दहेज की मांग को लेकर महिला को बच्चों सहित घर से निकाला, मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** दहेज की मांग को लेकर महिला को पांच बच्चों के साथ घर से निकाल दिया एसएसपी के आदेश से पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना छजलैट के गांव मस्तापुर खंडसाल निवासी राहेमीन का कहना है कि उसकी शादी करीब 14 साल पूर्व सलावा खेड़ा निवासी मुकर्रम के साथ हुई थी इस समय उसके पांच बच्चे हैं लेकिन उसका पति शुरू से ही कम दहेज को लेकर प्रताड़ित करता चला रहा है महिला के मुताबिक नंद खैरुल नंदोई शकील दूसरी नंद महरूल एवं नन्दोई हाकम मिलकर उसे प्रताड़ित करते हैं कुछ दिन पहले उन्होंने खोलता हुआ तेल उसके ऊपर डाल दिया था मुश्किल से उसकी जान बची महिला ने नन्दोई पर गलत नजर रखने का आरोप भी लगाया महिला का कहना था कि अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकते की गई विरोध किया तो पति और नन्दोई ने मिलकर मारपीट की पीड़ित पुलिस के पास पहुंची सुनवाई न होने पर एसएसपी के सामने अपनी व्यथा सुनाई एसएसपी के आदेश से पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### खोया-पाया सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी एक किता मकान गाटा सं0 221 मि० जयन्तीपुर तहसील एवं जिला मुरादाबाद वही नं 1 जिल्द सं0 9868 पेज 237 से 260 क्रमांक नं0 9494 दिनांक 18.06.2013 जो उपनिबन्धक सदर मुरादाबाद पर हुई है से मालिक व स्वामी है का चैन बाला बयनामा वही नं01 जिल्द नं0 5546 पेज 23 से 38 क्रमांक नं0 1279 दिनांक 25.01.2007 को उपनिबन्धक सदर मुरादाबाद जो अमीर अहमद पुत्र श्री मौहम्मद यामीन ने श्री सुहेल अनवर पुत्र श्री खुर्शीद अहमद के हक में की है का मूल बयनामा दिनांक 15.04.2026 को थाना सिविल लाइन मुरादाबाद की सीमा में कही गिर गया है काफी तलाश किया परन्तु नही मिला इस का दुरूपयोग अवैधानिक होगा।

**शुऐब अनवर पुत्र श्री खुर्शीद अहमद**
जयन्तीपुर थाना मझोला जिला मुरादाबाद।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद,**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
आफिस कॉम्पलैक्स (भूतल), सैक्टर-5 मझौला योजना सं0-4, भाग-2, मुरादाबाद।
E-mail : emombd@upavp.com

**सर्वसाधारण को सूचना**-परिषद की मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 10/361 श्री अनुपम जयन्त पुत्र श्री नन्दकिशोर जयन्त को कार्यालय के प्रदेशन पत्र संख्या 3304 / सं.प्र.-मुरा / आवंटन दिनांक 29.09.2011 के द्वारा किश्त क्रय पद्धति पर आवंटित किया गया। आवंटी श्री अनुपम जयन्त द्वारा भूखण्ड के विरूद्ध पूर्ण भुगतान एवं औपचारिकताएं करने के उपरान्त कार्यालय से उक्त भूखण्ड का विक्रय विलेख दिनांक 27.03.2012 को निष्पादित किया जा चुका है, जो उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में बही सं. 1 जिल्द सं0 8773 के पृष्ठ सं0 69 से 88 तक क्रमांक 4391 पर दिनांक 29.03.2012 को रजिस्ट्रीकृत किया गया है। तदोपरान्त दिनांक 18.05.2012 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। श्री अनुपम जयन्त पुत्र श्री नन्दकिशोर जयन्त के द्वारा उक्त भूखण्ड को श्री वीरेन्द्र कुमार पुत्र श्री कल्यान सिंह को दिनांक 03.07.2019 को विक्रय कर दिया है, जो उप निबन्धक कार्यालय मुरादाबाद में बही से. 1 जिल्द सं0 15405 के पृष्ठ स. 29 से 62 तक क्रमांक 11602 पर दिनांक 03.07.2019 को रजिस्ट्रीकृत किया गया है। श्री वीरेन्द्र कुमार पुत्र श्री कल्यान सिंह के द्वारा परिषद की वेबसाइट upavp.in https://anhit.upda.in पर ऑनलाइन आवेदन करते हुए विक्रय उपरान्त विक्रय के आधार पर सम्पत्ति के अभिलेखों में नाम अन्तरण किये जाने हेतु अन्नु किया है। यदि इस आमंत्रण में किसी व्यक्ति/ऋणदायी संस्था को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, ऑफिफ कॉम्प्लेक्स ( भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4 भाग-2. मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम /आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी। आज्ञा से-सम्पत्ति प्रबंधक।

**उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद,**
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)
आफिस कॉम्पलैक्स (भूतल), सैक्टर-5 मझौला योजना सं0-4, भाग-2, मुरादाबाद।
E-mail : emombd@upavp.com

**सर्वसाधारण को सूचना**-परिषद की मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 10/360 श्री नन्दकिशोर जयन्त पुत्र स्व. श्री मोतीलाल को कार्यालय के प्रदेशन पत्र संख्या 3301/सं.प्र. मुरा./आवंटन दिनांक 29.09.2011 के द्वारा किश्त क्रय पद्धति पर आवंटित किया गया। आवटी श्री नन्दकिशोर जयन्त द्वारा भूखण्ड के विरूद्ध पूर्ण भुगतान एवं औपचारिकताएं करने के उपरान्त कार्यालय से उक्त भूखण्ड का विक्रय विलेख दिनांक 27.03.2012 को निष्पादित किया जा चुका है, जो उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में बही सं.1 जिल्द सं0 8773 के पृष्ठ सं0-49 से 68 तक क्रमांक 4390 पर दिनांक 29.03.2012 को रजिस्ट्रीकृत किया गया है। तदोपरान्त दिनांक 18.05.2012 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। श्री नन्दकिशोर जयन्त पुत्र स्व: श्री मोतीलाल के द्वारा उक्त भूखण्ड को श्री वीरेन्द्र कुमार पुत्र श्री कल्यान सिंह को दिनांक 03.07.2019 को विक्रय कर दिया है, जो उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में बही सं. 1 जिल्द सं0 15404 के पृष्ठ सं0 337 से 382 तक क्रमांक 11599 पर दिनांक 03.07.2019 को रजिस्ट्रीकृत किया गया है। श्री वीरेन्द्र कुमार पुत्र श्री कल्यान सिंह के द्वारा परिषद की वेबसाइट **upavp.in https%//janhit.upda.in** पर ऑनलाइन आवेदन करते हुए विक्रय उपरान्त विक्रय के आधार पर सम्पत्ति के अभिलेखो में नाम अन्तरण किये जाने हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी व्यक्ति/ऋणदायी संस्था को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना सख्या-4, भाग-2. मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम/आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी।-**आज्ञा से सम्पत्ति प्रबंधक**।

# कार्यालय नगर पंचायत ढकिया ( मुरादाबाद )

पत्रांक:- 21/न०पं०ढकिया/2026-27 दिनांक:- 15.04.2026

प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-925/नौ-9-2025-ई-1853096 नगर विकास अनुभाग-09 लखनऊ दिनांक 09 मई, 2025 कम में एवं संयुक्त प्रान्त उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम 1916 की धारा 298 (1) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद अपनी सीमा के अन्तर्गत कर निर्धारण सूची को अद्यतन बनाये रखने के उद्देश्य से भवन एंव नामानतरण शुल्क उद्यग्रहीत करने की व्यवस्था बनाने के वास्ते निम्नवत् उपविधियों का प्रारूप तैयार किया गया है, जिसकी स्वीकृति बोर्ड से अपेक्षित है। बोर्ड बैठक दिनांक-10.04.2026 प्रस्ताव संख्या-10 स्वीकृत के उपरान्त धारा 301 (1) के अन्तर्गत किसी स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन कराकर जनता से आपत्ति / सुझाव मांगे जाएंगे। तदोपरान्त धारा 301 (2) के अन्तर्गत शासकीय गजट में अंतिम रूप से प्रकाशन की कार्यवाही कर दी जाएगी।

**भवन नामान्तरण उपविधियों का प्रारूप**

(1) यह उपविधि भवन नामान्तरण उपविधि नगर नगर पंचायत ढकिया कहलाएंगी।

(2 ) (क) पालिका का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद से होगा।

(3) (ख) अधिशासी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के अधिशासी अधिकारी से होगा।

(ग) अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद के अध्यक्ष अथवा प्रभारी अधिकारी से होगा।

(घ) बोर्ड अथवा प्रशासक का तात्पर्य नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद) के बोर्ड अथवा प्रशासक से होगा।

(ड) अधिनियम तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम 1916 से होगा।

(3) नगर पालिका में लिखित सूचना देनी होगी तथा शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के अनुसार शुल्क जमा करना होगा। नगर पंचायत सीमा के अन्तर्गत यदि कोई अचल सम्पत्ति/भू-/भवन/दुकान आदि क्रय/विक्रय करता है तो उसे नगर पालिका में लिखित सूचना देनी होगी तथा शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के अनुसार शुल्क जमा करना होगा।

(4) यदि कोई क्रेता / व्यक्ति दाखिल खारिज वरासत, वसीयत उत्तराधिकारी, उपहार, दान, हिवैनाम व पंजीकृत बैनामा द्वारा नामान्तरण आदि हेतु आवेदन पत्र करेगा, उसे पंचायत द्वारा प्रार्थना पत्र पर ही आवेदन स्वीकार किया जाएंगे। आवेदन पत्र का मूल्य 10रू. जमा करके रसीद प्राप्त कर कार्यालय से आवेदन प्राप्त करना होगा।

(5) विक्रेता का यह कर्तव्य होगा कि वह अपनी सम्पत्ति विक्रय करने के एक माह के अन्दर विक्रय की गयी सम्पत्ति के पूर्ण विवरण सहित प्रार्थना पत्र / सूचना पंचायत कार्यलय में दे तथा बकाया करों का भुगतान करें।

(6) क्रेता का यह दायित्व होगा कि वह क्रय की अचल सम्पत्ति के पंजीकृत बैनामा विक्रय पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ बैनामे की तिथि से 03 माह के अन्दर पंचायत को लिखित सूचना दें कि अधिनियम की व्यवस्था के अनुसार उसका नाम पंचायत अभिलेखों में बतौर भवन स्वामी नाम दर्ज किया जाए।

(7) यदि क्रेता बैनामे की तिथि से 03 माह के अन्दर सूचना नहीं देता है अर्थात् 03 माह उपरान्त सूचना देता है तो उसे रू. 50 (पचास रूपये) प्रति माह की दर से विलम्ब शुल्क देना होगा। यदि विलम्ब अवधि की गणना में समय 10 दिन के अधिक आता है तो एक माह का विलम्ब शुल्क देना होगा।

(8) क्रेता द्वारा सम्पत्ति के नामान्तरण शुल्क शासनादेश संख्या-925/नौ-09-2025-ई-1853096 नगर विकास अनुभाग-09 लखनऊ दिनांक 09 मई, 2025 में दी गई व्यवस्था के अनुसार देय होगा।

(09) कोई भी व्यक्ति पंचायत सीमा के अन्तर्गत कोई अचल सम्पत्ति भू/भवन / दुकान आदि क्रय अथवा विक्रय करता है तो उसे इन उपनियमों का पालन करना होगा।

(10) यदि क्रेता कोई मन्दिर / मस्जिद / गिरजाघर / गुरूद्वारा आदि धार्मिक संस्था हो, चेरेटेबिल ट्रस्ट अथवा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी हो तो बिन्दु सं0. 8 में वर्णित नामान्तरण शुल्क नहीं लिया जाएगा अर्थात् नामान्तरण नि:शुल्क किया जाएगा।

**सूची में संशोधन और परिवर्तन की प्रक्रिया**

(1) (क) नियम 03 के अधीन निर्धारण सूची में व्यक्ति या सम्पत्ति का विवरण छूट जाने, नव निर्माण या पुनर्निनिर्माण होने पर स्वामी या अध्यासी निर्धारित प्रपत्र के साथ सम्पत्ति का स्वकर निर्धारण कर के सम्पत्ति कर की धनराशि नगर पंचायत/ नगर पालिका परिषद द्वारा यथा निर्दिष्ट बैंक या कार्यालय में जमा कर सकेगा। नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा स्वकर निर्धारण प्रपत्र के आधार पर अपेक्षित प्रविष्टियां निर्धारण सूची में की जाएंगी।

(ख) अन्यथा स्थिति में सम्पत्ति का स्वामी या अध्यासी विहित प्रपत्र-1 में अपेक्षित सूचना निर्माण या पुननिर्माण के समापन अथवा अध्यासन के दिनांक जो भी पहले हो, के 60 दिवसों के भीतर अधिशासी अधिकारी को अनिवार्य रूप से देगा। अधिशासी अधिकारी या उनके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी तारान्त नियमानुसार सम्पत्ति का मूल्यांकन और कर निर्धारण कर उसे तद्नुसार कर निर्धारण सूची में प्रविष्टि करेगा।

(2) (क) सम्पत्ति के स्वामित्व या अध्यासन के हस्तान्तरण के फलस्वरूप कर निर्धारण सूची के संशोधन और परिवर्तन के निमित्त आवेदक नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद को प्रपत्र-2 में अपना प्रोफाइल बनाकर आवेदन करेगा।

(ख) आवेदक नगर पंचायत/ नगर पालिका परिषद द्वारा निर्धारित आवेदन शुल्क, जो रू0 100.00 प्रति आवेदन से अधिक न होगा, को ऑनलाइन भुगतान करेगा।

**निर्धारण सूची के संशोधन/परिवर्तन हेतु प्रभारों का लगाया जाना।**

इस उपविधि के अनुसार उद्गृहीत किया जाएगा। प्रभारों की दरें निम्नवत् होंगी-

(क) किसी विधिक उत्तराधिकारी या रजिस्ट्रीकृत वसीयत के मामले में प्रभार की दरें निम्नवत् होंगी।

| क्रम० सं० | सम्पत्ति का क्षेत्रफल ( वर्ग फीट में ) | प्रभार की धनराशि ( रू० में ) |
|---|---|---|
| 1 | 1000 तक | 500/- |
| 2 | 1001-2000 तक | 1000/- |
| 3 | 2001-3000 तक | 1500/- |
| 4 | 3000 से अधिक | 2500/- |

(ख) नियम-3 के उपनियम (3) के अधीन अन्य सभी मामलों में प्रभारों की दर जिलाधिकारी द्वारा नियत सर्किल रेट या पंजीकरण विलेख में अंकित धनराशि, जो भी अधिक हो, के आधार पर निम्नवत् होंगी-

| क्रम० सं० | सम्पत्ति का क्षेत्रफल ( वर्ग फीट में ) | प्रभार की धनराशि ( रू० में ) |
|---|---|---|
| 1 | रू0 5 लाख तक | 1000 /- |
| 2 | रू0 5 लाख से रू0 10 लाख तक | 2000/- |
| 3 | रू0 10 लाख से रू0 15 लाख तक | 3000/- |
| 4 | रू0 15 लाख से 50 लाख तक | 5000 /- |
| 5 | रू0 50 लाख से ऊपर | 10000 /- |

(2) उपुर्यक्त दरों में परिवर्तन अधिनियम, 1916 की धारा 92 के प्राविधानों के अन्तर्गत नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद बोर्ड की स्वीकृति/अनुमति से किया जा सकेगा।

(3) उपनियम (1) के खण्ड (क) के अधीन एक से अधिक मध्यवर्ती संशोधन और परिवर्तन की स्थिति में प्रत्येक संशोधन और परिवर्तन पर उसमें वनिर्दिष्ट धनराशि के 10 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त प्रभार देय होगा।

(4) यदि उपनियम (1) के खण्ड (ख) के मामलों में एक या एक से अधिक मध्यवर्ती विक्रय या अन्य अन्तरण हों और सम्बन्धित सम्पत्ति मध्यवर्ती क्रेताओं या अन्तरिती के नाम से निर्धारण सूची में अन्तरित न की गई हो तो प्रत्येक मध्यवर्ती विकय विलेख/अन्तरण पर इस उपविधि के अनुसार उपनियम (1) के खण्ड (ख) में विनिर्दिष्ट धनराशि के 25 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त प्रभार उद्गृहीत किया जाएगा।

(5) यदि उस सम्पत्ति के सम्बन्ध में नगर निगम से सम्बन्धित कोई धनराशि देय है तो उसका भुगतान निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्तन हेतु देय प्रभारों के साथ किया जाएगा।

**दण्ड**

संयुक्त प्रान्त नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299 (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके नगर पंचायत ढकिया जनपद-मुरादाबाद यह निर्देश देती है इस उपविधि के किसी उपबन्धों का भंग की स्थिति में दण्डनीय होगा, जोकि अंकन रू. 500 (पांच सौ) तक हो सकता है और निरन्तर भंग की स्थिति में अग्रतर जुर्माने से दण्डनीय होगा, जो प्रथम दोष सिद्ध होने के दिनांक से जिसके दौरान अपराधी द्वारा निरन्तर अपराध किया जाना सिद्ध होता है। प्रत्येक दिवस के लिए रू. 25.00 (पच्चीस) तक हो सकता है।

उक्त उपविधि का प्रारूप सदन में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है। इसके उपरान्त आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी व प्राप्त आपत्तियों पर विचार कर उनका निस्तारण करते हुए इसे अन्तिम रूप से स्वीकृत किया जाएगा।

**( रामेश्वर दयाल )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत ढकिया**
**जनपद-मुरादाबाद**

**( मुजम्मिल हुसैन )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत ढकिया**
**जनपद-मुरादाबाद**

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई: महिला तस्कर 1 किलो से अधिक चरस के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मझोला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।



पुलिस ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध चरस बरामद की है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को थाना मझोला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मरियम उर्फ भूरी पत्नी मोहम्मद रिजवान निवासी गागन वाली मैनाठेर, थाना मझोला को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने अभियुक्ता के पास से 1 किलो 119 ग्राम अवैध चरस बरामद की। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना मझोला में मुकदमा अपराध संख्या 378/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया गया है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला काफी समय से नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त बताई जा रही है।

उससे पूछताछ कर यह जानकारी जुटाई जा रही है कि वह चरस की आपूर्ति कहां से करती थी और उसके नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक सतीश कुमार, हेड कांस्टेबल रघु देशवाल, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार और महिला कांस्टेबल जैसमिन शामिल रहीं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# नासिक की कंपनी में कथित धर्मांतरण के विरोध में प्रदर्शन कर किया पुतला दहन

**मुरादाबाद।** शहर के इंपी. रियल तिराहे पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के नासिक स्थित एक मल्टीनेशनल कंपनी में कथित रूप से चल रही धर्मांतरण और 'लव जिहाद' जैसी गतिविधियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।



इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए विरोध जताया और प्रतीकात्मक रूप से पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि देश की सांस्कृतिक और धार्मिक मूल्यों के खिलाफ किसी भी प्रकार की गतिविधियों को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के मामले समाज में असंतुलन और वैमनस्य पैदा करने का प्रयास करते हैं, जिन्हें समय रहते रोकना आवश्यक है। बजरंग दल के महानगर संयोजक राजीव ठाकुर ने कहा कि संगठन हमेशा ऐसे मुद्दों पर मुखर रहा है और आगे भी इसी तरह आवाज उठाता रहेगा। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक नहीं लगी तो संगठन अपने स्तर पर विरोध को और तेज करेगा।

कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए। साथ ही जो भी व्यक्ति या संगठन इस प्रकरण में शामिल पाए जाएं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।प्रदर्शन के दौरान मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा, जिससे स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही।

वहीं स्थानीय प्रशासन ने आश्वासन दिया कि यदि कोई शिकायत या साक्ष्य सामने आता है तो मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## बिलारी समाचार

### अंबेडकर जयंती पखवाड़े में श्रद्धांजलि व जनसभा का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव पखवाड़े के अंतर्गत विधानसभा चन्दौसी क्षेत्र के गांव अकबरपुर चितौरी स्थित अंबेडकर पार्क में डॉ0 अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को शपथ दिलाई गई कि वे बाबा साहब के बताए मार्ग 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' पर चलते हुए अन्याय, भेदभाव और शोषण के खिलाफ निरंतर संघर्ष करेंगे तथा समाज को सशक्त, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेंगे। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब के विचार हमारे मार्गदर्शक हैं और एक समतामूलक व न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर सपा नेत्री विमलेश कुमारी, विनीत कुमार, मनीष कुमार, वीरपाल सिंह, अजय कश्यप आदि सहित काफी लोग मौजूद रहे।



### प्राथमिक विद्यालय में इंडिया मार्का नल से निकल रहा गंदा पानी

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के गांव कैथल के मजरा रामनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में पेयजल की समस्या गंभीर बनी हुई है। विद्यालय परिसर में लगे इंडिया मार्का नल से गंदा पानी निकल रहा है। विद्यालय के बच्चों ने इस समस्या की शिकायत प्रधानाध्यापक से की, जिसके बाद मामले की जानकारी ग्राम प्रधान एवं सचिव को दी गई। स्थानीय स्तर पर इस समस्या को लेकर चिंता जताई जा रही है।

इस संबंध में रोजगार सेवक विपिन ने बताया कि समस्या को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही नल को ठीक कराकर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### पीएमएस डे पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जांच



**बिलारी।** नगर के राजकीय महिला अस्पताल में बृहस्पतिवार सुबह प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन हुआ। दिवस में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। दिवस में चिकित्सा अधिकारी डॉ रेशमा वजाहत ने कहा कि गर्भावस्था की नियमित जांच बहुत जरूरी होती है जिससे मां और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं से राजकीय महिला अस्पताल में ही प्रसव करने की सलाह दी। दिवस में

खून की कमी शुगर,ब्लड प्रेशर हीमोग्लोबिन , हेपटाइटिस सी आदि की जांच के अलावा अल्ट्रासाउंड किए गए। जिन गर्भवती महिलाओं में खून की अधिक कमी पाई गई उन्हें आयरन और अन्य दवाइयां दी गई और पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी गई।

### जेठ-जेठानी पर मारपीट करने का आरोप

**बिलारी।** जेठ जेठानी ने मारपीट करके किया घायल कर दिया। इस मामले में तहरीर पर दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। गांव की गीता पत्नी अंकित ने मुकदमा दर्ज कराया कि 14 अप्रैल को सुबह 6 बजे वह अपने खेत में गेहूं काट रही थी। तभी जेठ अनिल, जेठानी सोनम खेत पर आए। उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। जब वह घर की ओर भागी तो दोनों घर में घुस आए और बुरी तरह से मारा पीटा। उनके पति के साथ भी मारपीट की, बाद में जान से मारने की धमकी देकर भाग गए, तहरीर के बाद पुलिस ने दोनों पर मुकदमा दर्ज किया है।

### मूंढापाण्डे में दूसरी जगह अटैच चल रही राशन की दुकान का किया गया प्रस्ताव

**मूंढापाण्डे।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बूजपुर आशा की मिल्क मैं राशन डीलर की दुकान का खुली बैठक का प्रस्ताव किया गया बैठक में रजनी पत्नी राजेंद्र ने अपना प्रस्ताव रखा दूसरा कोई भी प्रस्ताव नहीं आया ब्लॉक से पहुंचे ग्राम विकास अधिकारी निलेश कुमार ने खुली बैठक में समय देते हुए कहा कि और कोई भी अपना प्रस्ताव दे सकता है। इस मौके पर पुलिस प्रशासन ब्लॉक अधिकारी ग्राम प्रधान की उपस्थिति में खुली बैठक का प्रस्ताव कराया गया बूजपुर आशा मिल्क रजनी पत्नी राजेंद्र को सस्ता राशन डीलर के रूप में चुना गया।



# सड़क दुर्घटना में श्रमिक की मौत, परिवार में कोहराम

**डिलारी (मुरादाबाद)।** थाना डिलारी क्षेत्र के ग्राम करनपुर में एक लग्न रिश्ता समारोह से लौट रहे 56 वर्षीय श्रमिक की तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। घटना दिनांक 15 अप्रैल 2026 की रात्रि लगभग 9 बजे की बताई जा रही है।

मृतक राजवीर बिश्नोई (पुत्र प्यारेलाल) ग्राम करनपुर निवासी थे। वह साईं वेंकट हॉल करनपुर में आयोजित एक रिश्ता समारोह में दावत खाकर पैदल घर लौट रहे थे। तभी प्रथमा बैंक के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार प्लैटिना बाइक (नंबर: UP 21 CW 5790) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया कि बाइक चालक नासिर (पुत्र शाहिद अहमद, निवासी गक्खरपुर, थाना डिलारी) तेज गति से आ रहा था और उसने लापरवाही से वाहन चला रहा था। टक्कर लगने से राजवीर गंभीर रूप से घायल हो गए, खासकर उनके सिर में गहरी चोटें आईं। परिजनों ने तुरंत उन्हें ममता नर्सिंग होम करनपुर पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उन्हें सरकारी अस्पताल डिलारी रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही राजव. ीर ने दम तोड़ दिया। मृतक के परिवार में पत्नी सुकर्मा देवी, बेटियां विनीता व संगीता, और बेटे सचिन कुमार एवं समोद कुमार हैं। असमय हुई इस मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक के पुत्र सचिन कुमार ने थाना डिलारी में प्रार्थना पत्र देकर आरोपी नासिर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# टीएमयू की प्रो. रूचि कांत यूपी स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल में सदस्य नामित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की झोली में बड़ी उपलब्धि आई है। टीएमयू के कॉलेज ऑफ एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज में एमएलटी की एचओडी प्रो. रूचि कांत को उत्तर प्रदेश स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल में मेडिकल लेबोरेट्री एंड लाइफ साइंसेज प्रोफेशनल्स की श्रेणी में सदस्य नामित किया गया है। यह काउंसिल नेशनल कमीशन फॉर एलाइड एंड हेल्थकेयर प्रोफेशंस के अंतर्गत संचालित होती है। बतौर मेंबर प्रो. कांत का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। टीएमयू की इस सीनियर फैकल्टी की झोली में बायोकेमिस्ट्री टीचिंग का दो दशक से अधिक का अनुभव है। इस नॉमिनेशन पर टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने प्रो. कांत को बधाई देते हुए कहा, यह टीएमयू के लिए गर्व की बात है। स्टेट एलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल ऑफ इंडिया एक स्वायत्त संस्था है, जो स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मानकों को विनियमित करने के लिए समर्पित है। प्रो. कांत नौ बरस से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं, जबकि इससे पूर्व करीब आठ साल इथोपिया में बतौर शिक्षक अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। प्रो. कांत कॉलेज ऑफ एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज में आईक्यूएसी की कोर्डिनेटर भी हैं।




इनके अब तक नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर 32 रिसर्च पेपर्स पब्लिश हो चुके हैं। प्रो. कांत के निर्देशन में सात रिसर्चर्स अपना शोध कार्य कर रहे हैं। यह परिषद स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में संस्थानों को संबद्धता के संग-संग शिक्षा के मानदंड एवम् दिशानिर्देश निर्धारित करती है। काउंसिल का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास पैदा करना है। इसका विजन ऐसी सुव्यवस्थित स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली स्थापित करना है जो शिक्षा, प्रशिक्षण और नैतिक अभ्यास के उच्चतम मानकों को पूरा करती हो। दूसरी ओर टीएमयू के ही कॉलेज ऑफ एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज की फैकल्टी श्रीमती शिखा पालीवाल को चौरिटेबल इंस्टिट्यूशंस श्रेणी में सदस्य नामित किया है।

# सुपरवाइजरो के प्रशिक्षण का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**कांठ (शाह टाइम्स)** जनगणना कराने को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है इस संबंध में प्रशिक्षण का दौर इस समय जारी है अगले महीने जनगणना का कार्य शुरू होना है। पिछले दिनों फील्ड ट्रेनरो को ट्रेनिंग दी गई थी लेकिन आज से कांठ तहसील में ही चार जगह पर सुपरवाइजर का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है। तहसील सभागार डाइट कस्तूरबा आदि जगहों पर ट्रेनर सुपरवाइजरो को जनगणना के संबंध में ट्रेनिंग दे रहे हैं इस दौरान जनगणना कैसे करनी है किन सवालों को लोगों से किया जाना है उनके मकान की स्थिति और उसमें रहने वाले लोगों के हिस्सों को कैसे बांटा जाएगा इस संबंध में भी ट्रेनर सुपरवाइजर को ट्रेंड कर रहे हैं। कई जगह पर दी जा रही ट्रेनिंग का आज एसडीएम संत दास पवार ने निरीक्षण किया और कहा कि सभी सुप. रवाइजर ध्यान से जानकारी प्राप्त करें और जनगणना को संपन्न कराने में लग जाए।



# हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल के बच्चों का रहा शानदार प्रदर्शन, 10वीं के परिणाम घोषित

**कांठ( शाह टाइम्स)** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शैक्षिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिससे स्कूल और अभिभावकों में खुशी की लहर दौड़ गई। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम के अनुसार हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल की टॉपर छात्रा सादिया नसीम ने 93.4 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसके साथ ही विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र नैतिक कातियार ने 91.4% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, 90.41% प्राप्त कर विद्यालय की छात्रा कुमारी श्वेता तृतीय स्थान पर रही और दिलजीत सिंह ने 90.6% अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया शनि सागर 90. 2% अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त किया, मोहम्मद अदीब ने 89 . 8 % अंक प्राप्त कर छठवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने उत्कृष्ट एवं प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुएं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने कहा कि कठिन परिश्रम और जीवन अनुशासन ही सफलता की कुंजी है इसलिए हमें निरंतर अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर उसके लिए कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के साथ निरंतर प्रयास साथ रहना चाहिए इससे हमें एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। प्रबंधक दीपेश सिंह प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने समस्त शिक्षकों छात्रों एवं अभिभावकों को भी उनके कठिन परिश्रम के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।




## लड़की को भगाने के मामले में माता पिता भी फंसे

**कांठ (शाह टाइम्स)** लड़की को भगाने के आरोप में युवक सहित मां-बाप भी फस गए पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

थाना छजलैट के गांव निवासी महिला का कहना है कि उसकी नाबालिक बेटी घर पर थी 13 अप्रैल को गांव का गौरव घर पर आया और उसे बहला फुसला कर अपने साथ ले गया बेटी को काफी तलाश किया बाद में पता चला कि गौरव ही उसे भगा कर ले गया है उसने आरोपी के चाचा अमरदीप मां पिता से लड़की के बारे में पूछा तो उन्होंने बताने से मना कर दिया और मारपीट पर उतारू हो गए महिला का कहना था कि यह लोग ऋषिकेश में रहकर काम करते हैं गौरव गांव में आता जाता रहता है पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

# बिजली विभाग के कैंप में आई 10 शिकायतों में पांच का मौके पर हुआ निस्तारण

**कांठ( शाह टाइम्स )** मंडल आयुक्त के निर्देश पर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में लगाए गए विद्युत कैंप में केवल 10 उपभोक्ता अपनी शिकायत लेकर पहुंचे जिनमे 5 का मौके पर निस्तारण किया गया। बतादे कि पिछले सप्ताह क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढ़ी में मंडल आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह आए थे जहां उन्हें ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर समाधान भी करना था मगर वहां सबसे ज्यादा शिकायत बिजली विभाग की आई किसी का बिल ज्यादा था किसी की रीडिंग ज्यादा थी किसी का मीटर चल नहीं रहा था किसी का मीटर बदला नहीं गया था।

इस मामले को लेकर उन्होंने बिजली विभाग से नाराजगी व्यक्त की और कहा कि कैंप लगाकर प्राथमिकता के आधार पर उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया जाए।

इसी क्रम में आज नगर पंचायत कार्यालय परिसर में एक कैंप लगाया गया मगर 10 उपभोक्ता वहां पहुंचे जिनमें पांच की शिकायतो का निस्तारण मौके पर कर दिया गया इस मौके पर एसडीओ सचिन रस्तोगी मीटर एई यशेन्द्र कुमार जेई कांठ अरविंद गुप्ता जेई सलेमपुर आशुतोष कुमार और बाबू देवेंद्र कुमार मौजूद रहे।



# स्ट्रेटेजिक लीडरशिप के लिए स्पष्ट उद्देश्य, टीमवर्क समयबद्ध कार्यशैली अनिवार्य: अतुल शाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय प्रशिक्षण एवम् विकास सोसाइटी- आईएसटीडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल शाह ने बतौर मुख्य अतिथि कहा, रणनी. तिक नेतृत्व के लिए स्पष्ट उद्देश्य, टीमवर्क एवम् समयबद्ध कार्यशैली आवश्यक हैं। इनके अलावा आंतरिक प्रेरणा, सकारात्मक प्रभाव का उपयोग और सक्रिय टीम का भी होना शामिल है। आईएसटीडी का सदस्य बनाते वक्त सावधानी बरतनी चाहिए। साथ ही श्री शाह ने सुझाव दिया, वेबिनार वार्ता का शोध पत्रों और पुस्तकों में संकलन होना चाहिए। साथ ही बोले, आईएसटीडी मुरादाबाद चौप्टर की स्थापना मात्र 21 दिनों में हुई, यह उल्लेखनीय उपलब्धि है। श्री शाह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी एवम् आईएसटीडी मुरादाबाद चौप्टर के संयुक्त तत्वावधान में आईएसटीडी के 57वें स्थापना दिवस पर स्ट्रेटेजिक लीडरशिप एंड डिसीजन मेकिंग पर राष्ट्रीय वेबिनार में ऑनलाइन बोल रहे थे। टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन ने कहा, वर्तमान समय में प्रभावी नेतृत्व के लिए निरंतर सीखना और बदलते परिवेश के अनुरूप स्वयं को ढालना अत्यंत आवश्यक है। इससे पूर्व टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन ने वेबिनार की थीम प्रस्तुत की। डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी-पीआईएमआर, इंदौर के कुलपति डॉ. शेर सिंह भाकर ने बतौर विशिष्ट अतिथि आधुनिक नेतृत्व के लिए बीएएनआई- ब्रिटल, एंग्जायस, नॉनलाइनियर, इनकम्प्रिहेन्सिबल फ्रेमवर्क की विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि संगठनों को केवल दक्ष ही नहीं, बल्कि लचीला बनना होगा। मॉडर्न वोलैटिलिटी से निपटने के लिए सिस्टम में रेजिलिएंस को शामिल करना और लंबे समय तक स्टेबिलिटी सुनिश्चित करने के लिए जरूरी ऑपरेशन्स के लिए विकल्प होना जरूरी है।




लीडर साफ, ट्रांसपेरेंट डायरेक्शन, प्रायोरिटी को आसान बनाकर और मिस कम्युनिकेशन से बचाकर चिंताजनक माहौल को कम करते हैं। टीएमयू की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने सभी अतिथियों एवम् प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। एसोसिएट डीन एकेडमिक्स डॉ. अमित कंसल ने कहा, सफल नेता वही है जो सीखने, भूलने और पुन: सीखने की प्रक्रिया को अपनाता है। अंत में सह-संयोजक डॉ. मोहित रस्तोगी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।




सम्भल- तहसील क्षेत्र ग्राम बिछौली में ईदगाह को ध्वस्त करता बुलडोजर जस्टिस, बुलडोजर कार्रवाई के दौरान एसडीएम से जानकारी लेते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया साथ में पुलिस अधीक्षक।

# ईदगाह और इमामबाड़े पर गरजा बुलडोजर जस्टिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ चल रहे अभियान में बुल्डोजर जस्टिस एक बार फिर चर्चाओं में है। सुबह-सवेरे पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में ईदगाह ओर इमामबाड़े को बुल्डोजर जस्टिस से ध्वस्त कर दिया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम बिछौली में सुबह-सवेरे राजस्व टीम पुलिस के साथ गांव में पहुंची। दो-दो बुल्डोजर जस्टिस के साथ गांव पहुंची टीम ने सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ चल रहे अभियान में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने ईदगाह और इमामबाड़ा सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर बने होने के आरोप में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करा दी। प्रशासन की इस कार्रवाई से गांव में तनाव का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ एक ढांचा नहीं, बल्कि सामाजिक और धार्मिक जरूरतों से जुड़ी जगह है। स्थानीय महिला जुबैदा ने बताया कि इमामबाड़े में ताजिये रखे जाते हैं और गरीब परिवारों की बारातें भी यहीं ठहरती हैं। उनका कहना है कि प्रशासन को कार्रवाई रोकनी चाहिए और लोगों को थोड़ा और समय देना चाहिए था। हालांकि उपजिलाधिकारी निधिपटेल के अनुसार, जिस जमीन पर निर्माण हुआ है वह राजस्व अभिलेखों में पशुचर और खाद गडढे जैसी सार्वजनिक उपयोग की भूमि के रूप में दर्ज है। इस पर अवैध कब्जा किया गया था, जिसके खिलाफ तहसीलदार न्यायालय ने पहले ही बेदखली का आदेश जारी कर दिया था। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने बताया कि पूरे जनपद में लैंड बैंक बनाने के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने साफ कहा कि चाहें कब्जा पुराना हो या नया, सरकारी जमीन पर कोई भी अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कार्रवाई पूरी कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है और अपील का मौका भी दिया गया था। प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि अवैध कब्जा धारकों पर ध्वस्तीकरण के साथ-साथ आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। प्रशासन की सख्ती से बिछौली में हालात संवेदनशील बने हुए हैं।

**०सुबह सवेरे पहुंची राजस्व टीम ने पुलिस की मौजूदगी में किया ध्वस्तीकरण, सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर बने होने के आरोप**

# कम प्रगति पर जिला पंचायत राज अधिकारी व जिला विकास अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आकांक्षात्मक विकास खण्डों की प्रगति की समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा विभाग के सूचकांक और ड्रॉप आउट बच्चों की ट्रांसमिशन रेट पर चर्चा की गई।

आकांक्षात्मक विकास खण्ड गुन्नौर पर शिक्षा विभाग के सूचकांक पर चर्चा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ड्रॉप आउट बच्चों की ट्रांसमिशन रेट पर चर्चा की गयी। साथ ही इस बिन्दु पर राज्य के औसत से कम प्रगति होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राउण्ड लेवल पर प्लांट एवं मैपिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। कषि के अन्तर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड को लेकर चर्चा की गयी। भूगर्भ जल केन्द्र पर चर्चा में प्रत्येक गाँव में दो दो तालाब तैयार करने के संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भारत नेट पर भी चर्चा की गयी तथा कम प्रगति पर जिला पंचायती राज अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया तथा स्वयं सहायता समूह की प्रगति की लेकर चर्चा की गयी तथा कम प्रगति पर जिला विकास अधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार आदि मौजूद रहे।

**० आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति को बैठक में समीक्षा**

# जागरूकता से रुकी बाल विवाह की कुप्रथा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कन्या सुमंगला योजना का सबसे बड़ा सामाजिक प्रभाव यह पड़ा है कि इलाके में बाल विवाह के मामलों में भारी कमी आई है। पहले जो शिकायतें बहुतायत में आती थीं, अब लोगों के योजना के प्रति जागरूक होने से वे काफी हद तक रुक गई हैं। विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों और न्याय पंचायत स्तर पर चौपाल लगाकर, जन सेवा केंद्रों के माध्यम से और आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं के जरिए लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। रोजाना करीब 30 से 35 लोग सीधो कार्यालय में आकर इस योजना से जुड़ी क्वेरी (जानकारियां) करते हैं। हालांकि, कई बार लोगों को यह भ्रम होता है कि यह पैसा हर महीने या हर साल मिलेगा, जिसे विभाग द्वारा शिकायत निवारण के दौरान दूर किया जाता है।

# एक सच्चे समाज सेवक और न्याय के प्रणेता बाबा साहेब

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** महाविद्यालय में भारत बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

एमजीएम पीजी कॉलेज में आयोजित जयंती कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. निलेश कुमार ने बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अंबेडकर के विचार और आदर्श हमें समाज में व्याप्त असमानता और भेदभाव को दूर करने के लिए प्रेरित करते हैं। मुख्य अतिथि कवि राहुल किशोर ने अंबेडकर के शिक्षा और सामाजिक सुधार के कार्यों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि अंबेडकर के प्रयासों से समाज के वंचित वर्गों को शिक्षा और सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से अम्बेडकर के विचारों को प्रकट किया। विशिष्ट अतिथि सोहित गौतम ने अंबेडकर की महिमा का बखान करते हुए उन्होंने अंबेडकर को एक सच्चे समाजसेवक और न्याय के प्रणेता के रूप में चित्रित किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डा. आबिद हुसैन ने अंबेडकर के सामाजिक न्याय और समानता के संदेश को आगे बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए। छात्रों ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अंबेडकर के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के संयोजक डा. अजय कुमार ने कहा कि अंबेडकर जयंती का आयोजन हमें उनके आदर्शों और मूल्यों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हमें अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए। प्रो. निरंकार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अंबेडकर के नेतृत्व में भारतीय संविधान का निर्माण हुआ, जिसने देश को एक मजबूत और न्यायपूर्ण व्यवस्था प्रदान की। कार्यक्रम का कुशल संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. मोहम्मद अहमद ने किया। इस कार्यक्रम में डा संजय बाबू दुबे, डा. राघवेंद्र प्रताप सिंह,डा. रियाज अनवर ,डा विकास सिंह यादव सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की।



सम्भल- बाबा साहेब के जयंती कार्यक्रम में बोलते डा. मौहम्मद अहमद।

# योजनाओं की समीक्षा बैठक में कठोर चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में डीटीएफ/बेसिक शिक्षा की विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प 19 अवस्थापन सुविधाओं के संतृप्तीकरण की प्रगति पर विकास खण्ड वार चर्चा की गयी। दिव्यांगजन शौचालय तथा रसोई घर एवं अन्य निर्धारित बिन्दुओं जिनपर कार्य नहीं हुआ उनको लेकर सभी संबंधित विकास खण्ड के एडीओ पंचायत को विशेष प्रतिकूल प्रविष्ट जारी करने के निर्देश दिए तथा खण्ड विकास अधिकारियों तथा खण्ड शिक्षा अधिकारियों को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला पंचायती राज अधिकारी को कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा समस्त एआरपी से विद्यालयों की समस्याओं के विषय में जानकारी प्राप्त ली। जिसको लेकर तीन आरपी द्वारा समस्याओं के विषय में अवगत कराया एवं अन्य समस्त एआरपी द्वारा विद्यालय की समस्याओं के विषय में जानकारी न देने पर नाराजगी व्यक्त की एवं समस्त संबंधित एआरपी को कठोर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। फर्नीचर के सत्यापन, विद्यालयों के चहारदीवारी निर्माण, जनपद में मध्याह्न भोजन योजना, डीटीएफ एवं बीटीएफ के अधिकारियों द्वारा किये गये निरीक्षणों की प्रगति पर चर्चा की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधार्थियो की उपस्थिति को बढ़ाने तथा तिथि भोजन को लेकर भी निर्देशित किया। सामुदायिक सहभागिता पर चर्चा की गयी तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आवासीय में छात्राओं के नामांकन को लेकर चर्चा की गयी तथा गरीब परिवारों की बालिकाओं के नामांकन को लेकर वार्डन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निपुण भारत मिशन, स्कूल रेडीनेश, सपोर्टिव सुपर विजन, विकास खण्ड स्तर पर आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण, स्मार्ट क्लास स्थापना एवं सत्यापन स्थिति, पीएम श्री विद्यालयों का गैप एनालिसिस तथा में कार्य आरंभ की वर्तमान स्थिति सोलर पैनल आदि बिन्दुओं पर चर्चा की गई संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, समस्त संबंधित खण्ड विकास अधिकारी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं एआरपी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजस्थान में उड़ान ग्रुप व संचालिका सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उड़ान ग्रुप संचालिका ममता राजपूत को किशनगढ़ राजस्थान में किशनगढ़ कला अकादमी द्वारा सम्मानित किया गया। उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप ने सम्मान के लिए सभी कलाकारों बधाई के पात्र है। तीन दिवसीय राष्ट्रीय कला शिविर मदनगंज किशनगढ़ 14 अप्रैल से रतनलाल कांवरलाल गर्ल्स कालेज की ड्राइंग एंड पेंटिंग डिपार्टमेंट व किशनगढ़ कला अकादमी की तत्वाधान में आयोजित हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। ममता राजपूत ने सहभागिता के बाद बताया कि इस राष्ट्रीय कला सेवा में देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए कलाकारों ने तीन दिन तक अपनी-अपनी क्षेत्र की कलाओं को कैनवास पर उकेरा और विभिन्न शैलियों में कलाकृतियों का सृजन किया। कार्यक्रम के मुख्य सांस्कृतिक कलाकारों को उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप बबराला सम्भल से आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में बबराला के लोक कलाकारों को लोक नृत्य के लिए राष्ट्रीय कला शिविर में आमंत्रित किया उन कलाकारों को फूलमाला एवं प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर कलाकार मिस्टी राजपूत व पीहू वर्मा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। ममता राजपूत के द्वारा मधुबनी गोंडा एवं उत्तर प्रदेश की कलाओं को लेकर किशनगढ़ शैली में एक फ्यूजन मिश्रित पेंटिंग को सृजन किया गया जिसकी सभी लोगों ने सराहना की और उन्हें कला सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-सरस्वती कन्या उच्चतर मा. विद्यालय में मानव श्रृंखला बनाती छात्रायें।

# छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**बबराला।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में नारी शक्ति वंदन से संबंधित गतिविधि में शिक्षिकाओं ने छात्राओं द्वारा भव्य मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने नारी शक्ति के सम्मान में मानव श्रृंखला द्वारा नारी वंदना को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने आज के पेपर में प्रकाशित खबर युवक द्वारा कोचिंग सेंटर द्वारा वीडियो के माध्यम से लड़कियों परेशान करने की जानकारी दी। उनको स्वयं को जागरूक रहने की सलाह दी। छात्रा इल्मा ने दहेज प्रथा पर कविता सुनाई। इस दौरान स्टाफ मौजूद रहा।



बबराला- जवहर नवोदय विद्यालय के शत प्रतिशत अंक लाए विद्यार्थी

# जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** सी बी एस ई द्वारा घोषित किये गये बोर्ड परीक्षा 2026 कक्षा 10 के परिणाम में जनपद सम्भल में गुन्नौर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। मनस इफहाम ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कुमारी रूपम राज ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान तथा कुमारी प्रतीक्षा एवं प्रवेंद्र ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में मनस इफहाम ने सामाजिक विज्ञान विषय में कुमारी आस्था वार्ष्णेय ने उर्दू विषय में तथा गोलू ने हिंदी विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या हेमलता नेगी बिष्ट एवं उप प्राचार्य राकेश कुमार दिवाकर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं व्यक्त करके उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई।

# पूर्व मंत्री के बेटे के रिसेप्शन में पहुंची हस्तियों

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पूर्व मंत्री व समाजवादी पार्टी के नेता अकीलुर्रहमान खां के बेटे जैद बिन अकील के रिसेप्शन मेंनामचीन हस्तियों ने पहुंचकर दूल्हा-दुल्हन को दुआओं से नवाजा।

उप नगरी सराय तरीन निवासी पूर्वमंत्री अकीलुर्रहमान खां के बेटे जैद बिन अकील के विवाह उपरांत रिसेप्शन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए रॉयल पैलेस को भव्य रूप से सजाया गया। सांय को प्रदेश की नामचीन हस्तियों ने रिसेप्शन कार्यक्रम में शामिल होने को पहुंचना शुरू कर दिया था। रिसेप्शन में जहां **शाह टाइम्स** के सम्पादक व पूर्व विधायक डा. शाहनवाज राना, पूर्व विधायक मौहम्मद गाजी, सपा नेता पूर्वमंत्री नसीमुददीन सिददीकी शामिल हुए वहीं जावेद आब्दी, सदर विधायक इकबाल महमूद ने भी पहुंचकर दूल्हा और दुल्हन को दुआओं से नवाजा। इसके अलावा सांसद जियाउर्रहमान बर्क, सदर विधायक इकबाल महमूद, विधायक समरपाल सिंह के अलावा अन्य नामचीन हस्तियों ने पहुंचकर रिसेप्शन पार्टी में शामिल होकर नव दम्पत्ति को दुआएं दीं। वहीं बड़े स्तर पर किए गए रिसेप्शन पार्टी के आयोजन को पूर्वमंत्री की ओर से व्यवस्थाओं को देखकर आगंतुक हतप्रब्ध रह गए। रिसेप्शन में तरह-तरह के व्यंजनों का स्वाद लेकर हर कोई कहता सुना गया वाह इंतेजाम हो तो ऐंसा।

# बीयूएमएस क्लीनिक में चल रहा था ऑपरेशन थियेटर

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** अवैध क्लीनिक व अवैध अस्पतालों के विरूद्व चल रहे अभियान में नगर मजिस्ट्रेट के निरीक्षण में अस्पताल संचालित मिला। अवैध रूप से संचालित अस्पताल को सील कर दिया गया।

नगर क्षेत्र के ग्राम शहबाजपुर खुर्द थाना रायसत्ती में ग्राम जलालपुर रोड स्थित नायब क्लीनिक का नगर मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर क्लीनिक अस्पताल के रूप में संचालित मिला। जबकि अन्दर जाकर देखा तो क्लीनिक में पवन पुत्र निरंकार निवासी ग्राम अख्त्यारपुर तगा क्लीनिक में कम्पाउण्डर का कार्य करता हुआ मिला। पूछताछ में बताया गया कि अस्पताल डॉ. मो. आलम एवं डॉ. हिना जो कि बी. यू.एम.एस. डॉक्टर हैं, के द्वारा संचालित किया जाता है। अस्तपाल में निरीक्षण के समय अत्याधिक गंदगी पायी गयी। अस्पताल में लगभग 5-6 बेड लगे हुए मिले। डॉक्टर के चैम्बर के पास में एक दवा का स्टॉल मिला, जिसमें खुली हुई अलग-अलग रंग की गोलियां डिब्बों में रखी हुई पायी गयी। अस्पताल में एक कमरे में एक सर्जरी टेबल मिली। इस कमरे को देखने पर आपरेशन थिएटर/लेबर रूम के रूप में संचालित किया जा रहा था। जबकि अस्पताल में टायफायड का उपचार कराते हुए भर्ती मिले रोगियों को बोतलें लगी हुई थीं। अस्पताल में बिना किसी वैधानिक योग्यता के ही मरीजों का आपरेशन किया जा रहा था। ऐसी स्थिति में मौके पर भर्ती दोनों मरीजों को किसी अन्य अस्पताल में स्थानान्तरित किये जाने के निर्देश दिये गये। जबकि डॉ. मनोज चौधरी, नोडल अधिकारी, क्वैक्स को निर्देशित अस्पताल के संबंध में आवश्यक जांचोपरांत संबंधित थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करने और नायब क्लीनिक के ओ.टी. रूम एवं चैम्बर को तत्काल अस्पताल के वैध अभिलेख प्रस्तुत करने तक सील करा दिया गया।



सम्भल- बीयूएमएस क्लीनिक में चल रहे ऑपरेशन थियेटर की जांच करते नगर मजिस्ट्रेट

# सय्यद कोनेन अब्बास 94 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** बहमन पब्लिक स्कूल सिरसी जिला सम्भल के छात्र सय्यद कोनेन अब्बास ने 94 प्रतिशत के साथ प्रथम, अर्शी जिकरा ने 91 प्रतिशत के दूसरा और मयंक भारती ने 88 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शोभित कुमार रस्तोगी, प्रशासक असगर अली शाह, डायरेक्टर मैम ताहिर उज जमा, उप प्रधानाचार्य मोहम्मद औन नकवी, कोऑर्डिनेटर शबाना नाज ने मिठाई खिलाकर बच्चों को अपना-अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर अली अकबर रतनसी ने फोन पर वीडियो कॉल के माध्यम से बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विद्यालय का कक्षा 10 का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी दिनेश सिंह,अध्यापक इस्लाम अहमद, आफरीन कुरैशी, अमीरूल जाफरी, अहसान अली, शहजाद हुसैन, कौकब नकवी, साहिब अली लॉजी आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- बहमन पब्लिक स्कूल में उच्च अंकों के साथ सफल छात्रों को मिष्ठान खिलाते।

# जिले में 35 हज़ार बेटियों की ढाल बनी कन्या सुमंगला योजना

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिले में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना बेटियों के भविष्य को संवारने और उन्हें सशक्त बनाने में एक मजबूत ढाल साबित हो रही है। योजना के प्रति बढ़ती जागरूकता का ही नतीजा है कि अब तक विभाग को कुल 52,981 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से 35,551 आवेदनों को स्वीकृति मिल चुकी है और 35,521 बालिकाएं इस योजना से सीधे तौर पर लाभान्वित हुई हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्र भूषण के अनुसार, यह योजना न केवल बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा दे रही है, बल्कि लिंगानुपात में सकारात्मक सुधार और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं पर भी करारी चोट कर रही है। पिछले वित्तीय वर्ष (2025-26) में सभी श्रेणियों के कुल 15015 लाभार्थियों के साथ जिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा था। योजना के तहत मिलने वाली धनराशि सीधो लाभार्थियों के बैंक खाते (डीबीटी) में भेजी जा रही है।

**०गांव-गांव संचालित है पैथेलोजी लैब और अस्पताल**

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भी अप्रैल माह से नए आवेदनों की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। योजना के तहत बेटियों को जन्म से लेकर उनकी उच्च शिक्षा तक छह अलग-अलग चरणों में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि पहला लाभ बेटी के जन्म पर, दूसरा एक वर्ष बाद सभी अनिवार्य टीके लगने पर, तीसरा कक्षा एक में प्रवेश पर, चौथा कक्षा छह में, पांचवां कक्षा नौ में और छठा व अंतिम लाभ 10वीं या 12वीं पास करने के बाद दो वर्षीय डिप्लोमा या स्नातक में प्रवेश लेने पर मिलता है। सरकार द्वारा इस योजना के तहत दी जाने वाली कुल धनराशि को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दिया गया है। अधिकारी के मुताबिक, सबसे अधिक आवेदन जन्म और टीकाकरण वाले शुरुआती दो (फर्स्ट और सेकंड चरणों में आते हैं।योजना का लाभ शत-प्रतिशत पात्र बालिकाओं तक पहुंचे, इसके लिए आवेदन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। प्राप्त कुल 52,981 आवेदनों की गहन जांच में करीब 17,351 आवेदन ऐसे पाए गए जो तय मानकों जैसे- परिवार में दो से अधिक बच्चे न होना को पूरा नहीं करते थे या उनमें टीकाकरण व शिक्षा से जुड़े जरूरी दस्तावेजों का अभाव था।



बबराला- प्रेमलता कॉलेज जगन्नाथपुर में बालिकाओं को जागरूक करते।

# छात्राओं व महिलाओं को दी सुरक्षा की जानकारी


**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के प्रेमलता कॉलेज जगन्नाथपुर व गांव सेमला गुन्नौर में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) द्वितीय चरण के तहत आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को जागरुक किया गया। इस दौरान एसआई गुरजिंदर कौर ने मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के अन्तर्गत चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया। इस दौरान महिला कांस्टेबल प्रियंका, गौरव, मिथलेश आदि रहे।

# परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले 5 अमेरिकी वैज्ञानिक गायब

## वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में

**वाशिंगटन।** अमेरिका में न्यूक्लियर और स्पेस रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में है। 2023 से अब तक ऐसे 10 मामले सामने आए हैं, जिनमें वैज्ञानिक या अधिकारी या तो लापता हो गए या संदिग्ध हालात में मरे।

व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में पहली बार प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट से इन घटनाओं पर सवाल पूछा गया। जवाब में उन्होंने कहा कि मैंने अभी संबंधित एजेंसियों से इस बारे में बात नहीं की है। मैं ऐसा करूंगी और आपको जवाब दूंगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर यह सही है, तो यह निश्चित तौर पर ऐसी बात है जिसे सरकार जांच के लायक मानेगा। उनके इस जवाब के बाद लोगों में नाराजगी देखने को मिली। कई लोगों ने आरोप लगाया कि सरकारी एजेंसियां इस पैटर्न को गंभीरता से नहीं ले रही हैं या फिर इसे छुपाने की कोशिश कर रही हैं। वैज्ञानिकों के लापता या मौत के सभी मामले अमेरिका की हाई-सिक्योरिटी रिसर्च संस्थाओं से जुड़े बताए जा रहे हैं। इनमें लास एलामोस नेशनल लैब, नासा का जेट




■ वैज्ञानिकों के लापता या मौत के सभी मामले अमेरिका की हाई-सिक्योरिटी रिसर्च संस्थाओं से जुड़े बताए जा रहे हैं

प्रोपल्शन लैब और एमआईटी का प्लाज्मा साइंस एंड फ्यूजन सेंटर शामिल हैं। ये संस्थान न्यूक्लियर हथियार, एडवांस्ड प्रोपल्शन और नई ऊर्जा तकनीकों पर काम करते हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कई लापता वैज्ञानिक अपने घरों से अचानक पैदल निकल गए। उन्होंने फोन, वालेट और चाबियां तक पीछे छोड़ दीं। यही पैटर्न कई मामलों में देखा गया है, जिससे संदेह और बढ़ा है। रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल विलियम नील मैककैसलैंड का मामला हाल में बहुत चर्चा में रहा। वे 27 फरवरी को अपने न्यू मैक्सिको स्थित घर से गायब हो गए थे। बताया गया कि वे अपने साथ सिर्फ पिस्टल लेकर निकले थे और उनकी पत्नी ने 911 पर कहा कि वे खुद को छिपाने की कोशिश कर रहे थे। मोनिका अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के जेट प्रोपल्शन लैब से जुड़े एक प्रोजेक्ट में काम कर रही थीं। वहां वह नए मटेरियल और धातुओं पर काम देखने वाली एक टीम की चीफ थी। वह एक खास धातु पर काम कर रही थीं, जिसे मोंडालोय कहा जाता है। यह मटेरियल खास तौर पर राकेट इंजन के लिए बताया जाता है। यह भविष्य की स्पेस टेक्नोलाजी के लिए काफी अहम हो सकता था। मोनिका को आखिरी बार 22 जून की सुबह माउंट वाटरमैन इलाके में दो दोस्तों के साथ हाइकिंग करते हुए देखा गया था। उनके बारे में अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोनिका का प्रोफेशनल कनेक्शन रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल विलियम 'नील' मैककैसलैंड से था। वह 8 महीने बाद गायब हो गए। इसके बाद शक और बढ़ गया। विलियम अमेरिका के रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल हैं। वह पहले एयर फोर्स रिसर्च लैबोरेट्री के कमांडर रह चुके हैं।

वहां वे अरबों डालर के साइंस और टेक्नोलाजी प्रोग्राम संभालते थे। यह लैब अमेरिकी सेना की सबसे अहम रिसर्च यूनिट्स में से एक है, जहां नई टेक्नोलाजी, हथियार सिस्टम, स्पेस से जुड़ी टेक्नोलाजी और एडवांस साइंस पर काम होता है। जिस प्रोजेक्ट में मोनिका रेजा काम कर रही थीं, उससे जुड़ी फंडिंग की देखरेख मैककैसलैंड ने की थी। मैककैसलैंड 27 फरवरी 2026 की सुबह न्यू मैक्सिको में अपने घर के पास आखिरी बार देखे गए थे। गार्सिया कंसास सरकारी ठेकेदार थे और सिटी नेशनल सिक्योरिटी कैंपस से जुड़े थे, जहां परमाणु हथियारों के गैर-न्यूक्लियर पार्ट बनाए जाते हैं। यहां काम करने वाले लोग सुरक्षा के लिहाज से काफी अहम माने जाते हैं।



आगरा। भीषण गर्मी के बीच ताजमहल का दीदार करते पर्यटक।

## तुर्की में गोलीबारी का समर्थन करने वाले 162 लोग गिरफ्तार

**अंकारा।** तुर्की में इस हफ्ते दो स्कूलों में हुई गोलीबारी के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 162 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर आरोप है कि इन्होंने सोशल मीडिया पर गोलीबारी का समर्थन किया और ऐसे पोस्ट किए, जिनसे अपराध और अपराधियों को बढ़ावा मिला। मंगलवार और बुधवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में दो स्कूलों में फायरिंग की घटनाएं हुईं। बुधवार को कहरामनमाराश के आयसेर चालिक सेकेंडरी स्कूल में हुए हमले में 8 छात्रों और एक शिक्षक की मौत हो गई, जबकि 13 लोग घायल हुए। घायलों में 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। 14 साल का हमलावर भी इस घटना में मारा गया। इससे एक दिन पहले दे एक हाई स्कूल में भी गोलीबारी हुई थी, जिसमें कम से कम 16 लोग घायल हुए थे।

## गैरकानूनी युद्ध के स्थायी अंत की शर्तों को प्राथमिकता: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि देश पर थोपे गए 'गैरकानूनी युद्ध के निर्णायक और स्थाई अंत की शर्तें' उनकी प्राथमिकता हैं और अमेरिकी मीडिया में उसके रुख को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान की स्थिति को अमेरिकी मीडिया गलत ढंग से प्रस्तुत कर रहा है। हम पाकिस्तान के प्रयासों के लिए आभारी हैं और हमने कभी इस्लामाबाद जाने से इन्कार नहीं किया। हमारे लिए अहम यह है कि हम पर थोपे गए इस गैरकानूनी युद्ध का निर्णायक और स्थाई अंत किन शर्तों पर होगा। अराघची ने बुधवार को तेहरान में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उन्होंने अमेरिका-ईरान वार्ता की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार भी जताया। उच्चस्तरीय राजनीतिक-सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मुनीर के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय, सुरक्षा संस्थानों और तकनीकी विशेषज्ञों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। अराघची ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि संवाद की मेजबानी के लिए पाकिस्तान का आभार व्यक्त किया, जो हमारे गहरे द्विपक्षीय संबंधों को दर्शाता है। क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता मजबूत और साझा है।

# ट्रम्प को भारी पड़ रही ईरान से जंग

## अमेरिका ने माना लापता डफ-4सी ट्राइटन ड्रोन हुआ था क्रैश, अब तक 25 ड्रोन का नुकसान

**वाशिंगटन।** पिछले एक महीने से जारी ईरान-अमेरिका युद्ध अब डोनाल्ड ट्रम्प के लिए भारी पड़ता नजर आ रहा है। अमेरिका अभी तक इस युद्ध में सबसे उन्नत एफ-35 समेत कई विमान और ड्रोन को गंवा चुका है। अब अमेरिका ने माना है कि उसे हाल ही में बड़ी तादात में उन्नत ड्रोन खोने पड़े हैं। अमेरिकी नौसेना ने आधिकारिक पुष्टि की कि उसका लापता ड्रोन 'एमक्यू-4सी ट्राइटन' खाड़ी क्षेत्र में क्रैश हो गया। यह पहली बार है जब अमेरिका ने अपने बड़े नुकसान को कबूला है। यह जानकारी यूनाइटेड स्टेट्स नेवल सेफ्टी कमांड की हालिया रिपोर्ट में सामने आई है।

यह हाई-एल्टीटयूड, लान्ग-एंडयोरेंस (एचएलीई) निगरानी ड्रोन समुद्री इलाकों में जासूसी और दुश्मनों पर नजर रखने के लिए इस्तेमाल होता है, जिसकी कीमत करीब 2000 करोड़ रुपये से ज्यादा की बताई जा रही है। यह 24 घंटे तक हवा में रहने के लिए डिजाइन किया गया है। अमेरिकी नौसेना सुरक्षा कमांड की रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर लिखा है-9 अप्रैल 2026 (स्थान गोपनीय-आपरेशनल सिक्योरिटी) एमक्यू-4सी क्रैश। दरअसल, अमेरिकी रक्षा विभाग के नियमानुसार, 2.5 मिलियन डालर से अधिक नुकसान वाले हादसों को क्लास ये मिसहैप माना जाता है। ये भी इसी श्रेणी में बताया गया है यानी 2000 करोड़ रुपये के करीब होगा।



■ अमेरिका अभी तक इस युद्ध में सबसे उन्नत एफ-35 समेत कई विमान और ड्रोन को गंवा चुका

### सीनेट ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी युद्ध रोकने की कोशिश को किया नाकाम

**मॉस्को।** अमेरिका की सीनेट ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई जारी रखने से रोकने वाले प्रस्ताव को बुधवार को खारिज कर दिया है, जिससे युद्ध रोकने की कोशिश विफल हो गई है। इस पहल का 52 सीनेटरों ने विरोध किया जबकि 47 सीनेटरों ने इसका समर्थन किया। यह वोट इस साल चौथी बार है जब सांसदों ने इसकी वैधता और दायरे को लेकर जताई गई चिंताओं के बावजूद औपचारिक मंजूरी के बिना ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल के युद्ध को जारी रखने की प्रभावी अनुमति दी है। कुछ सीनेटरों ने एक स्पष्ट रणनीति की जरूरत को स्वीकार करते हुए बताया कि अमेरिकी कानून के तहत, कांग्रेस को 60 दिनों के भीतर सैन्य कार्रवाई को अधिकृत करना होता है और यह समय-सीमा इस महीने के अंत में पूरी होने वाली है।

अमेरिकी अधिकारियों ने साफ कहा कि ड्रोन किसी के हमले का शिकार नहीं हुआ, बल्कि 9 अप्रैल को ये 'क्रैश' हुआ था। मानवरहित ड्रोन होर्मुज में इंटरनेशनल एयरस्पेस में तीन घंटे के रूटीन मिशन पर निकला था। फारस की खाड़ी के ऊपर उड़ान भरते समय जब विमान अचानक आनलाइन फ्लाइट ट्रैकिंग साइट्स से गायब हो गया, ब्राडकास्ट इमरजेंसी कोड 7700 नजर आने लगा, जो आमतौर पर इन-फ्लाइट इमरजेंसी के लिए उपयोग में लाया जाता है। सूत्रों के हवाले से कहा गया कि उसे ईरानी हवाई सुरक्षा बलों ने मार गिराया था, हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई थी।

द वॉर जोन की एक रिपोर्ट के अनुसार, ड्रोन 50,000 फीट की ऊंचाई से तेजी से नीचे गिरा और 10,000 फीट से भी नीचे पहुंचने के बाद उसका संपर्क टूट गया था। नेवी ने आपरेशनल सुरक्षा कारणों से उसने दुर्घटना की सटीक जगह का खुलासा नहीं किया है। विमान में अमेरिका का कोई भी कर्मी सवार नहीं था, और किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। ट्राइटन ड्रोन को नार्थराप ग्रुम्मन ने बनाया है। यह अमेरिकी नेवी के पावरबैंक का सबसे एडवांस मानवरहित एरियल सिस्टम है। इसे बेहद ऊंचाई पर उड़ने और लंबे वक्त के मिशन के लिए डिजाइन किया गया है। ग्रुम्मन की आधिकारिक साइट पर दावा किया गया है कि यह रक्षा के लिए सबसे उन्नत, ऊंची उड़ान भरने वाली और लंबे समय तक टिकने वाली क्षमता रखता है। मामला यहीं खत्म नहीं होता। इसी अवधि में अमेरिका ने अपने 24 और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भी गंवाए हैं। इनकी कुल कीमत लगभग 6727 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस तरह कुल 25 ड्रोन के नुकसान ने अमेरिकी सैन्य रणनीति और क्षेत्रीय सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्राइटन, एमक्यू-4 ग्लोबल हाक का ही एक रूप है, और समुद्री निगरानी में विशेषज्ञता हासिल है। इस विमान की रेंज 13,000 किलोमीटर से भी ज्यादा है, जो बड़े इलाके की लगातार निगरानी के लिए जरूरी है।

## भारत-ऑस्ट्रिया के बीच शिक्षा क्षेत्र में सहयोग पर समझौता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर की भारत यात्रा से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के क्षेत्र में नई ऊर्जा आएगी और ऑस्ट्रिया की विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता तथा भारत की गति और पैमाना दुनिया के लिए विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित करेगा। दोनों देश रक्षा, सेमीकन्डक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी अपनी साझेदारी को सुदृढ करेंगे।

भारत और आस्ट्रिया ने शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और माइग्रेशन एंड मोबिलिटी एग्रीमेंट को नर्सिंग क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के तहत हॉलिडे प्रोग्राम शुरू करने की भी घोषणा की है। मोदी ने भारत यात्रा पर आए स्टॉकर के साथ वार्ता के बाद गुरुवार को यहां संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि भारत-आस्ट्रिया साझेदारी को नवाचार और भविष्य की जरुरतों पर आधारित बनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का मजबूती से मानना है कि सैन्य टकरावों से समस्याओं का



दोनों देश रक्षा, सेमीकन्डक्टर, क्वांटम और जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी अपनी साझेदारी को सुदृढ़ करेंगे

समाधान संभव नहीं और हम यूक्रेन तथा पश्चिम एशिया में स्थाई शांति के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि भारत और आस्ट्रिया दोनों ही वैश्चिक संस्थाओं में सुधारों के प्रबल समर्थक हैं और आतंकवाद को जड़ से मिटाना, हमारी साझी प्रतिबद्धता है। वार्ता के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में चांसलर स्टॉकर के साथ अपनी बातचीत को उपयोगी करार दिया। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया के चांसलर स्टॉकर के साथ अत्यंत उपयोगी चर्चा हुई। भारत में हम इस बात से प्रसन्न हैं कि उन्होंने पदभार संभालने के बाद यूरोप के बाहर अपनी पहली यात्रा के लिए हमारे देश को चुना।

# अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर के लिए दबाव

## पाक प्रतिनिधिमंडल की आसिम मुनीर के नेतृत्व में ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी

**तेहरान।** अमेरिका से मिले एक नए संदेश के साथ, पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के प्रयास में ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता के एक नए दौर की संभावना पर ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है। सात अप्रैल को शुरू हुआ दो सप्ताह का नाजुक युद्धविराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है।

इस्लामाबाद में रविवार को बिना किसी समझौते के समाप्त हुई प्रारंभिक वार्ता के बाद पाकिस्तान आगे की वार्ता के लिए समन्वय कर रहा है। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी भी मध्यस्थता प्रयासों में शामिल हैं जबकि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ राजनयिक वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए चार दिवसीय खाड़ी दौरे के पहले पड़ाव के रूप में सऊदी अरब में हैं। पाकिस्तानी अधिकारी दूसरे दौर की वार्ता के लिए युद्धविराम को बढ़ाने की उम्मीद कर रहे हैं और क्षेत्रीय साझेदारों को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे अमेरिका पर प्रभाव का इस्तेमाल करके ईरान के साथ फिर से बातचीत शुरू करें जिससे कोई राजनयिक गलती न हो। यह राजनयिक प्रयास अमेरिका और ईरान की नौसैनिक नाकाबंदी के कारण बढ़े तनाव के बीच किया जा रहा है जो क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल रहा है। हालांकि इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक समझौते की दिशा में संभावित प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष में अब तक लगभग 3,000 लोग मारे गए हैं और यह पश्चिम एशिया में फैल गया है। अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता को उस समय और गति मिली जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आने वाले 'अद्भुत दो दिनों' का वर्णन किया, जिससे संकेत मिला कि ईरान के साथ युद्ध अपने अंत के करीब हो सकता है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि समझौते की संभावनाएं आशाजनक लग रही हैं। इसके बावजूद, अमेरिकी सेना ने ईरान के सभी बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकाबंदी की हुई है और वह 'मौजूद, सतर्क और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तैयार' हैं। ईरानी सेना ने इस नाकाबंदी को युद्धविराम का उल्लंघन बताया है और बुधवार तक इसके कारण नौ जहाजों को वापस लौटना पड़ा है। ईरान के संयुक्त सैन्य कमांडर अली अब्दुल्लाही ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका नाकाबंदी नहीं हटाता है तो तेहरान लाल सागर, खाड़ी और ओमान सागर के रास्ते व्यापार अवरुद्ध करके जवाबी कार्रवाई कर सकता है।



■ सात अप्रैल को शुरू हुआ दो सप्ताह का नाजुक युद्धविराम 20 अप्रैल को समाप्त होने वाला है

## सेना में कोलंबियाई नागरिकों की भर्ती कर रहा है यूक्रेन

**कीव।** यूक्रेन के सीमा रक्षक बल पोलैंड सीमा पर कोलंबियाई नागरिकों को अपनी सेना में भर्ती कर रहे हैं। यूक्रेन और मध्य पूर्व में भर्ती प्रक्रिया से जुड़े एक सूत्र ने 'स्पुतनिक' को यह जानकारी दी है। सूत्र के मुताबिक, कोलंबिया से आने वाले लड़ाके पोलैंड-यूक्रेन सीमा पर पहुंचते हैं, जहां से उन्हें सीधे सीमा सुरक्षा बलों में शामिल कर लिया जाता है। बताया जा रहा है कि ये लोग बिना किसी पहले के समझौते के ही यहां आते हैं, क्योंकि उन्हें पता होता है कि सीमा पर पहुंचते ही उन्हें सेना में भर्ती कर लिया जाएगा। लापता कोलंबियाई नागरिकों के परिजनों का कहना है कि उनके लोग सीमा पर पहुंचकर सेना में शामिल तो हो जाते हैं, लेकिन प्रशिक्षण के बाद उन्हें युद्ध के मैदान में भेज दिया जाता है।

# होर्मुज स्ट्रेट को खोलना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांग: चीन

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सर्वसम्मत मांग है।

वांग ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात करते हुए इस बात पर जोर दिया कि एक ओर जहां ईरान की संप्रभुता, सुरक्षा और एक तटीय राज्य के रूप में उसके वैध अधिकारों के सम्मान की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर इस जलडमरूमध्य से नौवहन की स्वतंत्रता और समुद्री सुरक्षा की गारंटी भी दी जानी चाहिए वांग ने कहा कि इस जलडमरूमध्य से



सामान्य आवागमन फिर से बहाल करने के प्रयास अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर से एक सर्वसम्मत आह्वान का प्रतिनिधित्व करते हैं। वांग ने कहा कि वर्तमान स्थिति युद्ध और शांति के बीच एक नाजुक मोड़ पर खड़ी है लेकिन इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि कूटनीतिक समाधान के लिए अवसर का एक दरवाजा भी खुल रहा है। ईरानी सरकार ने होर्मुज जलडमरूमध्य के लिए एक 'विशेष व्यवस्था' परिभाषित करने का आह्वान करते हुए यह तर्क दिया कि यह जलमार्ग तेहरान के लिए एक 'विशेष संपत्ति' है। गौरतलब है कि यह जानकारी राज्य समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। सरकारी प्रवक्ता फातिमा मोहजेरानी ने रूस की आरआईए नोवोस्ती को बताया कि उन सभी संपत्तियों की तरह जो अन्य देशों के साथ बातचीत के प्रकार और उसके नियमन के लिए एक साधन के रूप में काम करती हैं, उसी तरह से इस जलमार्ग के लिए भी एक विशेष व्यवस्था परिभाषित की जानी चाहिए।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा पर फायरिंग

## अस्पताल में भर्ती, लाहौर में न्यूज चैनल के ऑफिस के बाहर हमला, पिछले साल भी अटैक हुआ था

**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक सदस्य आमिर हमजा पर अज्ञात हमलावरों ने गोली चला दी। हमले के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हमलावरों ने लाहौर में एक न्यूज चैनल के दफ्तर के बाहर उन पर फायरिंग की।

हमला किसने और क्यों किया, यह अभी साफ नहीं हो पाया है। यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है। इससे पहले पिछले साल मई में भी उनके घर के बाहर अज्ञात लोगों ने उन्हें गोली मारी थी। पिछले हमले के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। इसके बाद पाकिस्तानी अधिकारियों ने उनकी सुरक्षा बढ़ा दी थी, हालांकि उस घटना पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था। आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है। हमजा ने हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा को दूसरे आतंकी समूहों से जोड़ने का काम किया। वह लश्कर से जुड़े एक चैरिटी संगठन का नेतृत्व करता था और लश्कर के यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल था, जिसे पहले हाफिज सईद संभालता था। हमजा ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था। इसके बाद वह हाफिज सईद और अन्य आतंकियों के साथ जुड़ गया। वह हाफिज सईद और अब्दुल रहमान मक्की का करीबी है।



■ यह एक साल से भी कम समय में दूसरा मौका है, जब हमजा पर हमला हुआ है

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108